

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 निश्चित ही आप मुझे कुछ समय तक खेलते हुए ....

राज्यसभा में घटी भाजपा की ताकत, पर एक साथ मिलेंगी ... 12



वर्ष : 15 | अंक : 95 | नई दिल्ली, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

## बेउर थाना क्षेत्र में पानी के गड्ढे से पुलिस ने शव को किया बरामद

# दो मासूमों का शव बरामद, मचा हड़कंप

### परिजनों का आरोप - पीट-पीटकर की गई हत्या, जांच में जुटी पुलिस



प्रात : किरण

पटना। बिहार के पटना जिले के बेउर थाना क्षेत्र में सोमवार को एक पानी के गड्ढे से पुलिस ने दो नाबालिगों के शव बरामद किए हैं। परिजनों का आरोप है कि उनकी पीट-पीटकर कर हत्या की गई और शवों को पानी से भरे गड्ढे में फेंक दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, बेउर थाना क्षेत्र के अंतर्गत करीब 70 फीट के पानी भरे गड्ढे से दो बच्चों के शव बरामद किए गए हैं। सुबह जब लोग घरों से बाहर निकले तो उन्होंने शवों को देखा।

उन्होंने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। मृतकों की पहचान विवेक कुमार और प्रत्युष कुमार के रूप में हुई है। दोनों की उम्र 10 से 12 साल के बीच बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के सरिस्ताबाद के रहने वाले दोनों बच्चे रविवार की शाम से ही लापता थे। परिजनों ने रविवार को काफी खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। सोमवार सुबह इन दोनों के शव बरामद किए गए। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद आक्रोशित लोगों ने जमकर हंगामा किया। मृतक के परिजन अपराधियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया है और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोनों शवों की आंख में भी जख्म के निशान हैं। हालांकि, पुलिस पानी में डूब कर मौत की भी बात भी कर रही है।

**घर से खेलने निकले थे दोनों :** मृत विवेक कुमार के पिता विनोद कुमार ने बताया कि वह गाड़ी चलाने का काम किया करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बेटा विवेक चौथी कक्षा में पढ़ता था। रविवार देर शाम दोनों घर से खेलने निकाले थे। उसके बाद अचानक लापता हो गया। काफी प्रयास के बाद जब दोनों का सुराग नहीं मिला तो उन्होंने इसकी सूचना गर्दनीबाग थाने को दी। रात्रि 10 बजे के आसपास जब गर्दनीबाग थाना को सूचना दिया गया तो थाना के एक सिपाही ने बताया कि अभी कोई पदाधिकारी नहीं है। कल सुबह आकर इसकी जानकारी दीजिए। इसके बाद परिवार के सभी लोग रात भर दोनों बच्चे को खोजते रहे।

**पुलिस पर लापरवाह बरतने का आरोप:** विनोद कुमार ने बताया कि सुबह में यह सूचना मिली कि दो बच्चे का शव 70 फीट के नजदीक एक पानी भरे गड्ढे में फेंका हुआ है। विनोद कुमार ने आरोप लगाया कि 70 फीट के नजदीक ग्रीन सिटी केंपस के पास वहां एक कमरे में बंद कर हाथ पैर बांधकर दोनों बच्चे को जमकर पीटा गया है। बच्चे की आंख फोड़ दी गई है, जीभ में चाकू मारा गया है। सीने पर चाकू से वार किया गया है और फिर हत्या करने के बाद दोनों के शव को पास के एक पानी भरे गड्ढे में फेंक दिया गया है। उन्होंने इसे पुलिस की बड़ी लापरवाही बताते हुए कहा कि जो भी पुलिस पदाधिकारी इस मामले में दोषी हैं। इसके अलावा जो अपराधी है, जिन्होंने हत्या की है उनको कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए।

### सड़क जाम कर किया प्रदर्शन

सड़क किनारे एक गड्ढे में दो बच्चों के शव होने की जानकारी सामने आते ही लोगों का गुस्सा भड़क गया। गुस्सा आए लोगों ने पटना-बाइपास सड़क को जाम कर जमकर प्रदर्शन किया। लोग दोनों बच्चों की नृशंस हत्या की बात कह रहे थे। दोनों की लाशें देखकर स्पष्ट लग रहा है कि अपराधियों ने उन्हें बेरहमी से पीटा। फिर दोनों की आंखें फोड़ दी। लोगों का कहना है मॉर्निक वॉक करने निकले थे। इसी दौरान सड़क किनारे पानी भरे गड्ढे में दोनों बच्चों की लाशें दिखीं। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। घटना के बारे में पुष्टि करते हुए बेउर थाना प्रभारी सह प्रशिक्षु डीएसपी ने बताया कि गर्दनीबाग थाना क्षेत्र का रहने वाले दो बच्चों की लाश मिली है। इनकी



पहचान विवेक कुमार 12 वर्ष और प्रत्युष कुमार 11 वर्ष के रूप में हुई है। दोनों गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के सरिस्ताबाद निवासी हैं। दोनों रविवार की शाम से ही लापता थे। सोमवार की सुबह एक अर्ध निर्मित मकान में दोनों की डेड बॉडी मिली है। लोगों को समझाया-बुझाया जा रहा है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कार्रवाई चल रही है।

## पूर्व मध्य रेल ने श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का लिया निर्णय

# श्रावणी मेला : श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए चलेगी 05 जोड़ी स्पेशल ट्रेनें

प्रात : किरण

पटना। श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा पटना एवं गया से मधुपुर के लिए, जयनगर से आसनसोल के लिए तथा रक्सौल एवं सरायगढ़ से देवघर के लिए 01-01 जोड़ी श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।



**1.पटना-मधुपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेशल :** गाड़ी सं. 03266 पटना-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन पटना से 23.10 बजे खुलकर अगले दिन 04.10 बजे जसीडीह रूकते हुए 04.50 बजे मधुपुर पहुंचेगी। वापसी में, गाड़ी सं. 03265 मधुपुर-पटना श्रावणी मेला स्पेशल 22 जुलाई से 21 अगस्त तक प्रतिदिन मधुपुर से 05.00 बजे खुलकर 05.45 बजे जसीडीह रूकते हुए 12.00 बजे पटना जं. पहुंचेगी।

**2.गया-मधुपुर-गया श्रावणी मेला स्पेशल :** गाड़ी सं. 03653 गया-मधुपुर श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन गया से 17.00 बजे खुलकर उसी दिन 23.05 बजे जसीडीह रूकते हुए 23.50 बजे मधुपुर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 03654 मधुपुर-गया श्रावणी मेला स्पेशल 22 जुलाई से 21 अगस्त तक प्रतिदिन मधुपुर से 01.00 बजे खुलकर 01.30 बजे जसीडीह रूकते हुए उसी दिन 10.25 बजे गया पहुंचेगी।

**3.जयनगर-आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल (सप्ताह में तीन दिन) :** गाड़ी सं. 05597 जयनगर-आसनसोल श्रावणी मेला स्पेशल 23 जुलाई से 20 अगस्त तक सप्ताह के मंगलवार, शुक्रवार एवं रविवार को जयनगर से 22.00 बजे खुलकर अगले दिन 09.10 बजे जसीडीह रूकते हुए 11.30 बजे आसनसोल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05598 आसनसोल-जयनगर श्रावणी मेला स्पेशल 24 जुलाई से 21 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक बुधवार, शनिवार एवं सोमवार को आसनसोल से 13.00 बजे खुलकर 14.32 बजे जसीडीह रूकते हुए अगले दिन 04.20 बजे जयनगर पहुंचेगी।

**4.रक्सौल-देवधर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल (सप्ताह में तीन दिन) :** गाड़ी सं. 05551 रक्सौल-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 20 अगस्त तक सप्ताह के रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार को रक्सौल से 05.15 बजे खुलकर उसी दिन 13.38 बजे सुलतानगंज रूकते हुए 16.45 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05552 देवघर-रक्सौल श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 20 अगस्त तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार, मंगलवार एवं गुरूवार को देवघर से 17.45 बजे खुलकर 21.30 बजे सुलतानगंज रूकते हुए अगले दिन 06.00 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

**5.सरायगढ़-देवधर-सरायगढ़ श्रावणी मेला स्पेशल :** गाड़ी सं. 05573 सरायगढ़-देवघर श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन सरायगढ़ से 03.05 बजे खुलकर उसी दिन 07.50 बजे सुलतानगंज रूकते हुए 11.30 बजे देवघर पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 05574 देवघर-सरायगढ़ श्रावणी मेला स्पेशल 21 जुलाई से 20 अगस्त तक प्रतिदिन देवघर से 11.45 बजे खुलकर 15.23 बजे सुलतानगंज रूकते हुए उसी दिन 22.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्ड्रीक की माँ के श्राद्धकर्म में शामिल हुये मुख्यमंत्री



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सोमवार को उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री संदीप पौण्ड्रीक के सरकारी आवास पर जाकर उनकी माँ के श्राद्धकर्म में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने श्री संदीप पौण्ड्रीक की माँ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना भी दी। इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ सहित राज्य सरकार के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### बारातियों से भरी बस में दौड़ा करंट, तीन की मौत छह झुलसे

रांची। रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र में बारातियों से भरी एक बस में बिजली करंट प्रवाहित होने से तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए रिम्स, रांची लाया गया है। हादसा रविवार देर रात का है। बताया गया कि झारखंड के सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र से बारात बस तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू गांव जा रही थी। कई लोग बस की छत पर बैठे थे। गांव की सीमा के ठीक पहले बस नीचे की तरफ झूल रहे बिजली के तार के संपर्क में आ गई और पूरी बस में करंट दौड़ गया। बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों में 12 साल का बच्चा भी शामिल है। हादसे में जान गंवाने वालों के नाम- दिनेश सिंह मुंडा, मंडा मुंडा और जितेन सिंह मुंडा है। झुलसे लोगों में लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा शामिल हैं। बस पर सवार कई अन्य लोगों को झटके लगे और चीख-पुकार मच गयी। तत्काल बस को रोककर उस पर सवार लोगों को सुरक्षित उतारा गया। बताया गया कि 55 लोगों की क्षमता वाली बस में 80 से 90 लोग सवार थे।

### थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंची

नई दिल्ली। महंगाई के मोर्चे पर लोगों के लिए झटका देने वाली खबर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पिछले महीने मई में यह 2.61 फीसदी पर थी, जबकि अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि जून महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 फीसदी रही है। मंत्रालय के मुताबिक मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और खनिज तेल सहित अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर में बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि, जून 2023 में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी रही थी। मंत्रालय के मुताबिक खाने और पीने की चीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से थोक महंगाई दर में वृद्धि जारी है। आंकड़ों के अनुसार जून महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भी बढ़कर चार महीनों के अपने उच्चतम स्तर 5.08 फीसदी पर पहुंच गया है।

## चीन मामलों पर विशेषज्ञ विक्रम मिस्री ने नए विदेश सचिव का संभाला प्रभार

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। चीन और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों पर विशेषज्ञ माने जाने वाले अनुभवी राजनयिक विक्रम मिस्री ने सोमवार को भारत के नए विदेश सचिव का पदभार संभाल लिया। भारतीय विदेश सेवा के 1989 बैच के अधिकारी मिस्री ने विनय क्वात्रा का स्थान लिया है। वह इससे पहले राष्ट्रीय उप सुरक्षा सलाहकार के रूप में काम कर रहे थे। मिस्री ने ऐसे वक्त में यह महत्वपूर्ण पद संभाला है जब भारत कई भू-राजनीतिक चुनौतियों से निपटने की कोशिश कर रहा है जिसमें पूर्वी लद्दाख सीमा पर जारी गतिरोध के बाद चीन के साथ उसके तनावपूर्ण संबंध और रूस-यूक्रेन संघर्ष के परिणाम भी शामिल हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने नई जिम्मेदारी संभालने पर मिस्री को बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, विदेश सचिव विक्रम मिस्री को आज नई जिम्मेदारी संभालने पर बधाई देता हूं। उन्हें सार्थक और सफल कार्यकाल की शुभकामना देता हूं। मिस्री विदेश मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय और यूरोप, अफ्रीका, एशिया तथा उत्तर अमेरिका में विभिन्न भारतीय दूतावासों में कई पदों पर कार्य कर चुके हैं। उन्हें तीन प्रधानमंत्रियों इंदर कुमार गुजराल, मनमोहन सिंह और नरेन्द्र मोदी के निजी सचिव के रूप में काम करने का अनुभव है। नियमों के मुताबिक, मिस्री का विदेश सचिव के तौर पर न्यूनतम दो साल का कार्यकाल होना तय है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, श्री विक्रम मिस्री ने सोमवार को विदेश सचिव के तौर पर प्रभार संभाला। विदेश मंत्रालय विदेश सचिव मिस्री का गर्मजोशी से स्वागत करता है और उन्हें सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं देता है।

## राष्ट्रपति ने सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को प्रधानमंत्री किया नियुक्त

# के पी शर्मा ओली ने नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में ली शपथ

प्रात : किरण



काठमांडू/एजेंसी। केपी शर्मा ओली ने सोमवार को चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। नेपाल की सबसे बड़ी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता को रविवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त किया। वह एक नयी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेंगे जो नेपाल में राजनीतिक स्थिरता प्रदान करने की कठिन चुनौती का सामना करेगी।

पुष्प कमल दाहाल प्रचंड की जगह ओली लेंगे जो शुक्रवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत हासिल नहीं कर पाये। इसकी वजह से ओली के नेतृत्व में नयी सरकार का गठन हुआ। ओली संसद में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। राष्ट्रपति भवन के मुख्य भवन शीतल निवास में राष्ट्रपति पौडेल ने ओली को शपथ दिलाई। ओली को अब नियुक्ति के 30 दिनों के भीतर संसद से विश्वास मत हासिल करना होगा।

ओली को 275 सीट वाली प्रतिनिधि सभा में कम से कम 138 मतों की आवश्यकता होगी। यह चौथी बार है जब ओली ने प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। सबसे पहले ओली ने 11 अक्टूबर 2015 से तीन अगस्त 2016 तक देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया। इस दौरान नयी दिल्ली के साथ काठमांडू के संबंध तनावपूर्ण रहे। इसके बाद वह पांच फरवरी 2018 से 13 मई 2021 तक फिर प्रधानमंत्री रहे। इसके बाद वह तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी की वजह से 13 मई 2021 से 13 जुलाई 2021 तक पद पर बने रहे। बाद में उच्चतम न्यायालय ने फैसला सुनाया कि ओली का प्रधानमंत्री पद पर बने रहना असंवैधानिक है। नेपाल को लगातार राजनीतिक उथल-पुथल का सामना करना पड़ा है और गणतंत्र प्रणाली लागू होने के बाद पिछले 16 वर्षों में देश ने 14 सरकारें देखी हैं।

**पीएम मोदी ने ओली को दी बधाई:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने केपी शर्मा ओली को नेपाल का प्रधानमंत्री नियुक्त होने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स हैंडल पर कहा है नेपाल के प्रधानमंत्री के रूप में आपकी नियुक्ति पर बधाई। हम दोनों देशों के बीच दोस्ती के गहरे संबंधों को और मजबूत करने तथा हमारे लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए पारस्परिक रूप से लाभकारी सहयोग को और विस्तारित करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

**खड़गे ने नेपाल के प्रधानमंत्री बनने पर दी ओली को बधाई:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने श्री के पी शर्मा ओली के नेपाल का प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी हैं। श्री खड़गे ने कहा कि नेपाल तथा भारत के लोगों के बीच गहरे सांस्कृतिक संबंध हैं। दोनों देशों के नागरिकों के बीच रिश्तेदारी है और परस्पर संबंध बहुत गहरे हैं। उन्हें उम्मीद है कि श्री ओली की ताजपोशी से इन संबंधों को और प्रगाढता मिलेगी। कांग्रेस अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा, कांग्रेस की तरफ से नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली को शुभकामनाएं।

## औरंगाबाद में निर्माणाधीन पुल का बहा डायवर्सन

प्रात : किरण



पटना। बिहार के औरंगाबाद में निमाणार्धीन पुल का डायवर्सन बह गया। डायवर्सन के टूटने के कारण सोमवार को इस इलाके के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से भंग हो गया है। डायवर्सन के पानी में बहने के बाद इलाके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित अंबा-देव रोड में पुल का निर्माण कराया जा रहा है। आवागमन बाधित न हो इसको लेकर पुल के बगल में डायवर्सन बनाया गया है। पानी के तेज बहाव के कारण डायवर्सन पानी में बह गया और कई गांवों को संपर्क भंग हो गया है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में लगे एजेंसी के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकार के पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। समाजसेवी संजीव कुशवाहा का कहना है कि अंबा से देव और बालूगंज से देव जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है। अंबा-देव रोड में पुल का निर्माण कराया जा रहा है। इसकी वजह से यहां डायवर्सन बनाया गया था लेकिन तेज बारिश में यह बह गया। ऐसे में आवागमन तो बाधित हुआ ही है। साथ ही कई गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क भी टूट गया है। बताया कि अभी पुल निर्माण कार्य पूरा होने में काफी समय लगेगा। ऐसे में आवागमन सुचारु करने के लिए फिर से डायवर्सन बनवाने की जरूरत है। उन्होंने प्रशासन से डायवर्सन बनाने की मांग की है।

## नीट विवाद : एनटीए की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। एजेंसी ने नीट यूजी पेपर लीक मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया है। मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने एनटीए की याचिका पर सुनवाई की जिसमें न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। शीर्ष अदालत ने स्थानांतरण याचिका को नीट (यूजी) परीक्षा रद्द करने की मांग वाली मुख्य याचिकाओं के साथ जोड़ने का आदेश दिया जिन पर 18 जुलाई को सुनवाई होनी है। हालांकि उसने राजस्थान उच्च न्यायालय के खिलाफ लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक के लिए कोई औपचारिक आदेश जारी करने से इनकार कर दिया। एनटीए का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता ने जब जोर देकर राजस्थान हाई कोर्ट में लंबित मामलों की सुनवाई पर रोक लगाने का अनुरोध किया तो खंडपीठ ने कहा, एक बार हमारे नोटिस जारी करने के बाद आम तौर पर उच्च न्यायालय आगे सुनवाई नहीं करते हैं।

### चुनौती

#### विदेश मंत्री बोलें-जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौतियां हैं

## प्राकृतिक आपदाएं व स्वास्थ्य सेवा जैसी चुनौतियों से मिलकर निपटना होगा : जयशंकर

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर ने जलवायु परिवर्तन को एक बड़ी चुनौती माना है। इसके साथ ही इससे मिलकर लड़ने की अपील दुनिया से की है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौतियां हैं, जिनका हमें मिलकर समाधान करना होगा। उन्होंने मार्शल द्वीप समूह के साथ हुए समझौते पर एक बयान जारी किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया। कहा, मार्शल द्वीप समूह गणराज्य के साथ चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के लिए वार्षिक अनुदान सहायता संबंधित समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के अवसर पर यह संदेश देना मेरे लिए खुशी की बात है। भारत के लोगों की ओर से मैं पिछले महीने मार्शल द्वीप में संपन्न हुए 10वें माइक्रोनेशन गेम्स के सफल आयोजन के लिए बधाई देना चाहता हूं। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा कि पिछले महीने जून में 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। मैं माजुरो में आयोजित समारोह की अध्यक्षता करने के लिए मार्शल द्वीप की राष्ट्रपति डॉ. हिल्डा हैन को धन्यवाद देता हूं। भारत और मार्शल द्वीप गणराज्य के बीच मैत्रीपूर्ण द्विपक्षीय संबंधों का एक लंबा इतिहास रहा है, जो पिछले कुछ वर्षों में भारत-प्रशांत द्वीप सहयोग मंच के सहयोग से और भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि मैं याद दिलाना चाहूंगा कि भारत के प्रधानमंत्री मोदी ने तीसरे एफआईपीईसी शिखर सम्मेलन में क्या कहा था। प्रशांत महासागर में स्थित द्वीप छोटे द्वीप नहीं हैं, बल्कि ये बड़े महासागरीय देश हैं। हम सतत विकास की खोज में प्रशांत महासागर के द्वीपों का समर्थन करने को अपनी जिम्मेदारी समझते हैं। जलवायु परिवर्तन, प्राकृतिक आपदाएं, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य सेवा बड़ी चुनौतियां हैं, जिनका हमें मिलकर समाधान करना होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने प्रशांत द्वीप समूह के लिए अपनी प्रतिबद्धता की घोषणा की। उन्हें हासिल करने में हुई प्रगति को देखकर मुझे खुशी हो रही है। हम मार्शल द्वीप समूह गणराज्य के लिए डिसैलिनेशन इकाइयों और डायलिसिस मशीनों के प्रस्तावों पर भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मानना है कि आज के समझौता ज्ञापन से चार सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन में मदद मिलेगी। मुझे खुशी है कि इन परियोजनाओं में अहलुक एटोल में सामुदायिक खेल केंद्र, माजिद द्वीप पर हवाई अड्डा टर्मिनल, अर्नो और बोटेई एटोल में सामुदायिक केंद्र शामिल हैं। ये निश्चित रूप से मार्शल द्वीप के लोगों को बेहतर बुनियादी ढांचा प्रदान करेंगे। भारत अपने इंडो-पैसिफिक भागीदारों के साथ और अधिक काम करने के लिए हमेशा तैयार है।

# अमित शाह ने ली मुख्यमंत्रियों से बाढ़ की स्थिति की जानकारी

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को असम, उत्तर प्रदेश और गुजरात के मुख्यमंत्रियों से बात कर तीनों राज्यों में बाढ़ और भारी बारिश के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया तथा उन्हें केंद्र से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से टेलीफोन पर बातचीत में शाह ने राज्य में बाढ़ की स्थिति के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने शाह को मौजूदा स्थिति और अब तक उठाए गए कदमों से अवगत कराया। सूत्रों के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर हुई बातचीत में केंद्रीय गृह मंत्री ने दोनों राज्यों में भारी बारिश के बाद नदियों में बढ़ते जलस्तर के कारण उपजी स्थिति का जायजा लिया। सूत्रों के अनुसार, शाह ने तीनों मुख्यमंत्रियों को स्थिति से निपटने के लिए केंद्र सरकार की ओर से हरसंभव मदद मुहैया कराने का आश्वासन दिया।

असम में बाढ़ और बारिश से जुड़ी घटनाओं में अब तक 109 लोगों की जान जा चुकी है। राज्य के कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, गोलपाड़ा, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी और शिवसागर जिलों में 5,97,600 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। उत्तर प्रदेश के 22 जिलों में लगभग 1,500 गांव बाढ़ से प्रभावित हुए हैं और बारिश से संबंधित घटनाओं में कई लोग अपनी जान गंवा चुके हैं।

संक्षिप्त समाचार

## खैर के आठ पेड़ों पर चली आरी

**देहरादून, एजेंसी।** भूमि संरक्षण वन प्रभाग कालसी की झाझरा रेंज के अटक फार्म बीट में खैर के आठ पेड़ों पर आरी चल गई। सूचना पर वन विभाग की टीम पहुंची, लेकिन माफिया पहले ही फरार हो गए। वनकर्मियों को मौके पर कुछ प्रकाष्ठ मिले हैं।झ जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह वन विभाग को अटक फार्म बीट में पेड़ों के कटान की सूचना मिली। वन विभाग की झाझरा रेंज की टीम को मौके पर भेजा गया। जब तक वनकर्मी पहुंचते, तस्कर प्रकाष्ठ लेकर फरार हो गए। वन क्षेत्राधिकारी दीक्षा भट्ट ने बताया कि वनकर्मियों को मौके से आठ खैर के पेड़े और कुछ प्रकाष्ठ मिले हैं। बताया कि माफिया की धरपकड़ के लिए टीम गठित की गई है। बताया कि टीम जंगल में कॉम्बिंग के साथ माफिया के संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। टीम में मुकेश कुमार, अजय पंवार, प्रति स्वर मंडोला, सुभाष आदि शामिल हैं।

## ठेकेदार पिता-पुत्रों ने व्यक्ति पर धारदार हथियारों से किया हमला

**देहरादून, एजेंसी।** सहसपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर में एक ठेकेदार और उसके दो पुत्रों ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव में आईं घर की महिलाओं से भी अभद्रता की। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ठेकेदार और उसके दो पुत्रों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी तहरीर में फतेहपुर पश्चिम की नई हरबर्टपुर कॉलोनी निवासी तेजपाल सिंह ऊर्फ सुभाष सैनी ने बताया कि आसन बाग हरबर्टपुर निवासी रईस ने मेरे घर के पीछे आम के बाग को ठेके पर लिया हुआ है। बताया कि रईस घर के सामने सार्वजनिक सड़क को पेटियां लगाकर बंद करता था। आपत्ति जताने पर वह रंजिश रखता था। शनिवार की शाम करीब छह बजे रईस अपने बेटों राहिल और फरीद के साथ तलवार, चापड और रॉड लेकर घर में घुस आया। सभी ने हमला कर दिया। परिवार की महिलाओं के साथ अभद्रता भी की। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर चले गए। सहसपुर थाने के वरिष्ठ उप निरीक्षक वैभव गुप्ता ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए घर में घुसकर हंगामा

**देहरादून, एजेंसी।** नवादा के वीर विशाल थापा मार्ग पर कुछ लोगों ने धर्मांतरण करने का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हंगामा शांत करवाया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट के आरोप में पांच नामजद करते हुए 25 से 30 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है। रविवार को नवादा स्थित वीर विशाल थापा मार्ग स्थित एक घर में घुसकर लोगों ने हंगामा किया। आरोप लगाया कि घर में धर्मांतरण कराया जा रहा था। आरोप लगाया कि बच्चों सहित एक महिला का धर्मांतरण करवाकर बाद दो दिनों तक घर में ही रखा गया। काफी देर तक हंगामा चला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हंगामा शांत किया। एसओ नेहरू कॉलोनी मोहन सिंह ने बताया कि नवादा निवासी दीक्षा पाल ने शिकायत की है कि घर में शांति से प्रार्थना की जा रही थी। सभा के बीच में ही सुधीर, बीजेंद्र, संजीव, ,धीरेंद्र डोभाल, अरमान डोभाल, आर्यमान डोभाल समेत कई लोगों ने घर में घुसकर धर्मांतरण का आरोप लगाकर तोड़फोड़ की। शिकायत पर पांच को नामजद करते हुए कई अन्य के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की दी है।

## लोटस विहार कॉलोनी के मकान में चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**सिडकुल, एजेंसी।** सिडकुल और रानीपुर कोतवाली क्षेत्र की सीमा पर एक कॉलोनी में देर रात चोरों ने मकान का ताला तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सूचना पर पहुंची दोनों थानों की पुलिस से पता चला कि क्षेत्र रानीपुर कोतवाली का है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। शनिवार रात सलेमपुर निवासी राजेश कुमार लोटस विहार कॉलोनी में अपने मकान में बिजली फिटिंग का सामान रखकर घर पहुंचा था। सुबह मकान में देखा तो सामान गायब था। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली लेकिन, कोई सुराग हाथ नहीं लगा। राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार शाम ही वह बाजार से 60 हजार का सामान लेकर आया था।

# उत्तराखंड में बारिश बनी आफत, भवाली-नैनीताल मोटर मार्ग के 70 मीटर हिस्से में दरार

**नैनीताल, एजेंसी।** शहर में मानसूनी वर्षा आफत बनकर बरस रही है। बीते दिनों से हो रही वर्षा के चलते भवाली-नैनीताल मोटर मार्ग में भारी धंसाव हुआ है। कैलाखान के समीप सड़क का करीब 70 मीटर हिस्सा धंस गया है। बड़ी-बड़ी दरारें उभरने से सड़क के खाई में समाने का संकट गहरा गया है। ऐसे में सड़क टूटी तो नैनीताल-भवाली मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बाधित हो जाएगी।

वहीं, ट्रीटमेंट के नाम पर लोनिवि की ओर से दरार वाले हिस्से में वाहनों की रोकथाम के लिए पत्थर लगा दिए गए हैं। बलियानाला पहाड़ी पर वर्षों से भूस्खलन हो रहा है। पहाड़ी से पानी का लगातार रिसाव होने से तलहटी व कैलाखान की ओर की पहाड़ी पर भी भू-कटाव होने लगा है। इस वर्ष पहाड़ी पर भूस्खलन रोकथाम कार्य चलने के कारण कुछ राहत है, मगर तलहटी पर पानी का रिसाव बढ़ने से कटाव की स्थिति बनी हुई है। जिस कारण कैलाखान की ओर की पहाड़ी पर भी धंसाव होने लगा है।

सड़क का करीब 70 मीटर लंबा हिस्सा चार इंच तक नीचे बैठ गया है।



ऐसे में सड़क पर बड़ी दरार उभर आई है। सड़क को समय रहते उपचार नहीं मिला तो पूरी तरह टूटने से वाहनों के संचालन का संकट भी गहरा सकता है।

कैलाखान क्षेत्र में भू-धंसाव का अहम कारण बलियानाला पहाड़ी व उसकी तलहटी पर हो रहा भूस्खलन है। तलहटी पर भू-कटाव होने से कैलाखान की ओर की पहाड़ी में भी धंसाव हो रहा है। जिस कारण सड़क के इस हिस्से में हर वर्ष धसांव की परेशानी बनी रहती है। मगर वर्षों गुजरने के बाद भी सड़क और पहाड़ी को स्थायी उपचार नहीं मिल सका। हर साल धंसे हुए हिस्से में अस्थायी तौर पर मलबा भरकर ऊपर डामरीकरण कर दिया जाता है। बीते वर्ष सितंबर माह में ही लोनिवि ने डामरीकरण कर इस हिस्से को दुरुस्त किया था, मगर मानसून की पहली वर्षा के बाद फिर सड़क पर धंसाव होने लगा है।

भवाली मोटर मार्ग पर जिस स्थान पर दरारें उभर आई है, उसकी पहाड़ी पर हुआ भूस्खलन पूर्व में भारी तबाही मचा चुका है। 1898 में कैलाखान पहाड़ी पर भारी भूस्खलन हुआ था। जिसके मलबे ने बलियानाले के पानी को रोक दिया था। जिससे क्षेत्र में तीन बड़ी-बड़ी झीले बन गई थी। पानी की निकासी नहीं होने के बाद इन तीनों झीलों के टूटने से वीरभट्टी क्षेत्र में भारी तबाही मची थी। जिसमें शराब की फैक्ट्री बह गई थी। इस घटना में 27 हिंदुस्तानियों व एक अंग्रेज की मौत भी हो गई थी।

भवाली-नैनीताल मोटर मार्ग पर दो साल पूर्व पाइंस के समीप भारी भूस्खलन हुआ था। जिसमें पहाड़ी के साथ सड़क का बड़ा हिस्सा ध्वस्त हो गया था। जिस कारण एक माह से भी अधिक समय तक मार्ग में वाहनों की आवाजाही बाधित रही। अब कैलाखान क्षेत्र में सड़क पर उभरी बड़ी दरारें बड़े खतरे की ओर इशारा कर रही हैं।

## रेडियो एक्टिव उपकरण बरामदगी मामले में सहारनपुर से एक और आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून, एजेंसी।** रेडियो एक्टिव उपकरण बरामदगी मामले में पुलिस ने एक और आरोपी राशिद को सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपी तबरेज से पूछताछ के बाद ही पुलिस सहारनपुर के राशिद तक पहुंची। तबरेज ने बताया था कि राशिद ने ही उसे उपकरण बेचे थे। अतिसंवेदनशील इस मामले में पुलिस के रडार पर अभी कई संदिग्ध हैं। जिनकी जल्द गिरफ्तार हो सकती है।

राजपुर क्षेत्र में आयकर विभाग के एक पूर्व अधिकारी के आवास पर शुक्रवार को पुलिस ने छापा मारकर रेडियोएक्टिव मेटिरियल उपकरण के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। उपकरण पर निर्माता का नाम बोर्ड ऑफ रेडिएशन एंड आइसोटॉप टेक्नोलॉजी, गवर्नमेंट ऑफ इंडिया, डिपार्टमेंट ऑफ एटॉमिक एनर्जी, बीएआरसी बीआरआईटी वाशी कांप्लेक्स सेक्टर 20 वाशी नवी मुंबई लिखा हुआ मिला। इस दौरान नरोरा एटॉमिक पावर स्टेशन की टीम और एसडीआरएफ की टीम ने भी पहुंचकर जांच की थी। जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों पर धाराएं भी बढ़ाई।

मामले में मुख्य आरोपी तबरेज से पूछताछ के बाद सहारनपुर निवासी राशिद का नाम सामने आया। इसके बाद पुलिस ने राशिद को सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। राशिद नयाबांस थाना मंडी सहारनपुर का रहने वाला है। पुलिस के अलावा राशिद से अन्य एजेंसियों ने भी पूछताछ की। पूछताछ में कुछ साक्ष्य मिले हैं। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि रेडियो एक्टिव उपकरण मामले में सहारनपुर से राशिद को गिरफ्तार किया गया है। एक अन्य संदिग्ध से पूछताछ की जा रही है। इस मामले में अब तक छह गिरफ्तारी हो चुकी हैं। कई संदिग्ध पुलिस की रडार पर हैं।

रेडियो एक्टिव उपकरण मामले में मुख्य आरोपी तबरेज से पूछताछ में सामने आया था कि उसने सहारनपुर निवासी राशिद से ये उपकरण सस्ते दामों में खरीदा था। जिसे करोडों में बेचने की डील की तैयारी थी। पूछताछ में राशिद का नाम सामने आने पर पुलिस ने सहारनपुर से आरोपी को गिरफ्तार किया।

# कोचिंग सेंटरों पर शिकंजा कसेगी धामी सरकार, नियमों के उल्लंघन करने पर रद्द होगा रजिस्ट्रेशन



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड सरकार राज्य में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले कोचिंग सेंटरों शिकंजा कसने जा रही है। इन संस्थानों पर नियंत्रण के लिए सरकार एक योजना बना रही है, जिसके तहत अगर कोई संस्थान नियमों का उल्लंघन करता है जुर्माने के साथ उसका रजिस्ट्रेशन भी रद्द किया जाएगा। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि इस नीति का शुरूआती ड्राफ्ट लगभग तैयार हो चुका है। राज्य में इसे लागू करने के लिए विभाग से जुड़े सभी अधिकारियों ने सहमति दी है। इसी के साथ शिक्षा मंत्री ने यह भी कहा कि इस विषय में कोचिंग सेंटर के संचालकों से भी सुझाव लिए जाएंगे।

बता दें कि केंद्र सरकार के द्वारा सभी राज्यों को कोचिंग सेंटरों पर नियंत्रण के लिए योजना बनाने का निर्देश दिया गया है। इस नीति के अंतर्गत बने नियमों के अनुसार, सभी कोचिंग सेंटरों को रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य होगा। इसके लिए हर जिले में रजिस्ट्रेशन अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। साथ ही कोचिंग सेंटर में किसी भी तरह के विवाद को सुलझाने के लिए प्रत्येक जिले में अपीलीय प्राधिकारी भी नियुक्त किया जाएगा। वहीं संचालक को छात्र को फीस की रसीद भी देनी होगी। यदि कोई छात्र बीच में ही कोचिंग सेंटर को छोड़ता है, तो संस्थान को बची हुई फीस को 10 दिनों में लौटानी होगी। कोर्स के बीच में फीस में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा।

छात्रों की समस्याओं के समाधान के लिए सेंटर में एक कमेटी का गठन भी किया जाएगा। इन नियमों की पहली बार उल्लंघना करने वाले संस्थानों को 25 हजार रुपए के जुर्माने के साथ चेतावनी दी जाएगी। वहीं दूसरी बार उल्लंघना करने पर 1 लाख तक का जुर्माना होगा। इसके बाद भी अगर कोई कोचिंग सेंटर नियमों का उल्लंघन करता है तो रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया जाएगा।

## 18 करोड़ की धोखाधड़ी में बाबा अमरीक सिंह गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**देहरादून, एजेंसी।** देश के कई राज्यों में जमीन की धोखाधड़ी में सक्रिय बाबा अमरीक सिंह गिरोह के एक सदस्य को देहरादून पुलिस ने सहारनपुर से गिरफ्तार किया है। आरोपी राजपुर थाने में 18 करोड़ की धोखाधड़ी में दर्ज मुकदमे में फरार था। गिरोह के सदस्यों के विरुद्ध उत्तराखंड समेत कई राज्यों में जमीन की धोखाधड़ी के डेढ़ दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज हैं।

एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि राजपुर थाने में 21 मार्च को प्रॉपर्टी डीलर गोविंद पुंडीर ने शिकायत की थी। बताया था कि अगस्त 2023 में उसके भाई उपेंद्र की अमजद अली निवासी छुटमलपुर सहारनपुर हाल निवासी जोहड़ी राजपुर और अदनान के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी अमजद ने पीड़ित के भाई को बताया कि महाराष्ट्र के एक बड़े बाबा अमरीक सिंह स्कूल और आश्रम बनाने के लिए जमीन देख रहे हैं। लेकिन बाबा जमीन की पहले मिट्टी चेक करते हैं। इसके लिए पीड़ित ने तीन जमीनों की मिट्टी उन्हें दे दी। इसके बाद आरोपी अमजद और अदनान ने पीड़ित के भाई को मिट्टी पास न होने की बात कही।

बताया कि सितंबर 2023 में आरोपी अमजद, राम अग्रवाल, सचिन गर्ग उर्फ छोटा काणा, मुकेश गर्ग उर्फ बड़ा काणा, सुमित बंसल, अर्जुन शेखावत, रणवीर, अदनान ने पीड़ित से दोबारा मिलकर कुछ किसानों की ओर से करनाल हरियाणा में अपनी जमीन बेचने की बात की। इसपर उन्होंने साझेदार बनाकर मुनाफे का लालच दिया। इसपर पीड़ित ने विश्वास में आकर आरोपियों को 15 करोड़ रुपये दे दिए। लेकिन जमीन की रजिस्ट्री नहीं की। जब दोबारा रजिस्ट्री कराने गए तो बताया गया कि बाबा को रुपयों के साथ इनकम टैक्स ने पकड़ लिया है। बदले में छह करोड़ रुपये मांग रहे हैं। 3 करोड़ रुपये स्वयं देने और तीन करोड़ की व्यवस्था पीड़ित से करने के लिए कहा। रुपये का इंतजाम न होने पर पूर्व में दिया गया पूरा पैसा जब्त होने का डर दिखाया। इसके बाद पीड़ित ने विश्वास में आकर तीन करोड़ रुपये दे दिए।

मामले में पुलिस की टीमों ने हरियाणा, यूपी, पंजाब, हिमाचल प्रदेश सहित अन्य राज्यों में छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने आरोपी संजय गुप्ता उर्फ राम अग्रवाल, अमजद अली, सुमित बंसल के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किए। मामले में पुलिस ने रविवार को आरोपी अदनान निवासी ग्राम अलीपुरा, थाना सरसावा, सहारनपुर को थाना जनकपुरी, सहारनपुर से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी ने ही जमीन की खरीद-फरोख्त के संबंध में सबसे पहले पीड़ित से संपर्क किया था। पूछताछ में पुलिस को अन्य आरोपियों के भी सुराग मिले हैं। इस मुकदमे में दो आरोपियों को पुलिस पहले गिरफ्तार कर चुकी है। बाकी लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दूसरे राज्यों में दबिश दे रही है। गिरोह के सदस्यों पर उत्तराखंड, हरियाणा, सहारनपुर, देवबंद, भगवानपुर सहित कई जगहों पर मुकदमे दर्ज हैं।

## महिलाओं ने केशवगिरी के साथ धरना स्थल पर किया भजन-कीर्तन

**बड़कोट, एजेंसी।** नगर पालिका क्षेत्र में पेयजल पंपिंग योजना निर्माण की मांग को लेकर चल रहा नगरवासियों धरना 39वें दिन भी जारी रहा। पूर्ण सिंह रावत चौथे दिन भी भूख हड़ताल पर डटे रहे। नगर की महिलाओं ने संत केशवगिरी महाराज के साथ भजन-कीर्तन किया। इस दौरान पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने धरना स्थल पहुंचकर आंदोलन स्थगित करने का अनुरोध किया। वहीं पेयजल निगम के एई ने धरना स्थल पर पहुंचकर बताया कि जल्द मुख्य सचिव की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी।

धरना स्थल पहुंचे पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने बताया कि मुख्यमंत्री बड़कोट की पेयजल समस्या को लेकर संजीदा हैं, जल्द पंपिंग पेयजल योजना स्वीकृत होगी। बताया कि तात्कालिक व्यवस्था के लिए फिलहाल तीन करोड़ की नलकूप योजना स्वीकृत की गई है। इधर, आंदोलनकारियों ने भूख हड़ताल व अनिश्चितकालीन धरने के स्थगित करने के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए योजना की स्वीकृति तक आंदोलन जारी रखने का आह्वान किया।

रविवार को पेयजल निगम के सहायक अभियंता त्रेपन सिंह भंडारी ने धरना स्थल पर पहुंचकर आंदोलनकारियों को पंपिंग योजना को लेकर चल रही कार्रवाई की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 72 करोड़ की लागत की पंपिंग पेयजल योजना की डीपीआर की टीएस होने के बाद लागत 63.71 करोड़ हो गई है, जिसका अनुमोदन अब मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित कमेटी में किया जाएगा। धरना देने वालों में प्रवीन सिंह, सुनील थपलियाल, अजय रावत, जशोदा राणा, आनंद राणा, सोबन राणा, धनवीर रावत, ललिता भंडारी, कृष्णा राणा, अमित रावत, विजय रावत, प्रताप रावत, राजाराम जगूड़ी, नीरज, सोवेंद्र सिंह, अब्बल चंद कुमांई, महिपाल असवाल, पूर्ण सिंह आदि रहे।

## देहरादून होगी 38वां राष्ट्रीय खेलों के स्टेट गेम्स की शुरुआत, इस बार शामिल होगा योग भी

**हल्द्वानी, एजेंसी।** खेल विभाग ने 38वें राष्ट्रीय खेलों से पहले होने वाले स्टेट गेम्स की तिथि निदेशालय ने जारी कर दी है। स्टेट गेम्स का उद्घाटन 24 जुलाई को परेड ग्राउंड से किया जाएगा। इसके बाद पहले चरण में 24 से 29 जुलाई तक देहरादून में बैडमिंटन, टीटी, बास्केटबाल, जूडो, जिम्नास्टिक, वेटलिफ्टिंग, पावरलिफ्टिंग, बाक्सिंग व वुशु प्रतियोगिताएं होंगी। प्रदेश में प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों में पहले 34 खेल शामिल किए गए थे। अब इसकी संख्या 40 कर दी गई है। प्रदेश के छह जिलों देहरादून, टिहरी, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधम सिंह नगर व चंपावत जिले में राष्ट्रीय खेलों से पहले राज्य गेम्स होंगे। इसमें प्रदर्शन के आधार पर उत्तराखंड की 40 खेलों की अलग-अलग बालक व बालिका वर्ग की टीमें चुनी जाएंगी।

खेल निदेशक जितेंद्र कुमार सोनकर ने सभी जिला क्रीड़ा अधिकारियों को स्टेट गेम्स की तैयारी करने के निर्देश दे दिए हैं। नौ से 12 अगस्त तक हरिद्वार व नई टिहरी जिले में स्टेट गेम्स का दूसरा चरण होगा, जिसमें स्पोर्ट्स स्टेडियम हरिद्वार में हाकी खेली जाएगी। वहीं, टिहरी झील में कयाकिंग, कैनोइंग व रोइंग का आयोजन होगा। शिवपुरी में बीच वालीबाल, बीच हैंडबाल, बीच कबड्डी व बीच फुटबाल खेला जाएगा। देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज रायपुर में 22 से 29 अगस्त को एथलेटिक्स, शूटिंग, इक्वेस्ट्रियन, रग्बी सेवन व लानबाल का आयोजन होगा। राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में तीरंदाजी, परेड ग्राउंड में लान टेनिस वपौंदा में गोल्फ का आयोजन किया जाएगा।

नैनीताल जिले में पहला चरण सात से 14 अगस्त तक होगा। इसमें हल्द्वानी व गौलापर स्टेडियम में फुटबाल, अंतरराष्टीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में माडर्न पैंटाथलान, एक्रोटिक्स, साइकिलिंग प्रतियोगिता होगी। वहीं, चंपावत जिले की शारदा नदी में सलालम व राफ्टिंग स्पर्धा होगी। दूसरा चरण 30 जुलाई से चार अगस्त तक होगा, जिसमें खो-खो, ताइक्वांडो व स्क्वैस स्पर्धा होगी।

ऊधम सिंह नगर जिले के स्पोर्ट्स स्टेडियम रुद्रपुर में हैंडबाल, वालीबाल, तलवारबाजी व मलखंभ का आयोजन होगा।

## धार्मिक ग्रंथ के बेअदबी के पश्चाताप स्वरूप होगा अखंड पाठ

**सितारगंज, एजेंसी।** गुरु नानक नगरी (गोठा) और इलाका संगत ने गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह में शनिवार को सामूहिक बैठक कर धार्मिक ग्रंथ के बेअदबी के पश्चाताप स्वरूप श्री अखंड पाठ कराने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार को श्री अखंड पाठ का आयोजन होगा। इसके बाद शनिवार को भोग श्री अखंड पाठ का आयोजन किया जाएगा।

गुरुसिंह सभा गुरुनानक नगरी (गोठा) में सभापति के बाद गुरुद्वारा बाबा जोरावर सिंह बाबा फतेह सिंह में सुबह 10 बजे से दीवान सजेगा। उन्होंने सभी सिख संगत से समय से पहुंचने की अपील की है। इस दौरान हरनाम सिंह, प्रीतम सिंह, फतेहजीत सिंह, कुलवंत सिंह, गुरदयाल सिंह आदि थे।

# बारिश से तीन विधानसभा क्षेत्रों की 150 किलोमीटर सड़कें उखड़ीं



**नैनीताल, एजेंसी।** बारिश से लोनिवि की सड़कें उखड़ने लग गई हैं। आलम यह है कि छह महीने पहले बनी सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं। 10 दिन में बारिश के कारण हल्द्वानी, लालकुआं और कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में 150 किलोमीटर सड़कें खराब हो गई।

बारिश से लोनिवि की सड़कें उखड़ने लग गई हैं। आलम यह है कि छह महीने पहले बनी सड़कों पर गड्ढे बन गए हैं। 10 दिन में बारिश के कारण हल्द्वानी, लालकुआं और कालाढूंगी विधानसभा क्षेत्र में 150 किलोमीटर सड़कें खराब हो गई। लोनिवि को हल्द्वानी, कालाढूंगी और लालकुआं विधानसभा क्षेत्र में करीब 1.80 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

लोक निर्माण विभाग ने नैनीताल रोड पर छह महीने पहले डामरीकरण कराया था। यह सड़क मंडी, गांधी स्कूल, अब्दुला बिल्डिंग इलाके के साथ कई जगह उखड़ गई। कालाढूंगी रोड पर भी कई जगह गड्ढे हो गए हैं। पंचायत घर से गोरापड़ाव, गन्ना सेंटर से मोटाहल्दू, हल्दूचौड़ से परमा और गुमटी से दौलिया जाने वाली सड़क पर कई जगह गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीण क्षेत्र के मुख्य मार्गों के हाल सबसे अधिक खराब हैं। लोनिवि के अधिशासी अभियंता अशोक कुमार ने बताया कि बारिश के कारण 150 किलोमीटर सड़क खराब हुई है। जिन सड़कों की दोष दायित्व समय बचा है, उन सड़कों को ठेकेदार सही करेगा। कहा कि लोनिवि को बारिश से 1.80 करोड़ का नुकसान हुआ है।

लालकुआं और कालाढूंगी विधानसभा में जल जीवन मिशन के तहत पेयजल लाइन बिछाने के लिए करीब 210 किलोमीटर से अधिक सड़कों को खोदा गया है। नियमानुसार सड़क खोदने के बाद ठेकेदार को इन सड़कों को सही करना था लेकिन अब तक ये सड़कें सही नहीं की गई। सड़कें सही नहीं होने के कारण बारिश में इन सड़कों पर गड्ढें हो गए हैं। गड्ढों में पानी भरने के कारण आवाजाही करने पर हादसे हो रहे हैं।

सात साल बाद भी काठगोदाम से लेकर रुद्रपुर तक फोरलेन हाईवे पूरा नहीं बन पाया है। करीब 10 प्रतिशत काम बचा है। बारिश के कारण एनएचएआई की गुणवत्ता सवालों पर है। सीसी रोड पर कई जगह गड्ढे होने लगे हैं। मोटाहल्दू, मोतीनगर, बेरीपड़ाव के पास सीसी रोड कई जगह से टूट गई है। बारिश से मोतीनगर, शिवपुरी कॉलोनी सहित कई जगह फुटपाथ पर लगी टाइल उखड़ गई हैं। हाल ही में गौलापार में एनएचएआई का बाइपास उखड़ गया था। उधर गौला पुल पर भी गड्ढे बन गए हैं।

# डीयू में एबीवीपी छात्रसंघ दफ्तर में तोड़फोड़ के खिलाफ विरोध प्रदर्शन, जांच के लिए समिति गठित

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय के अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्रसंघ कार्यालय में तोड़फोड़ को लेकर एबीवीपी कार्यकताओं ने सोमवार को एनएसयूआई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। एबीवीपी का कहना है कि जब तक इस घटना को अंजाम देने वाले एनएसयूआई के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। वहीं, जरूरत पड़ी तो अनशन भी शुरू किया जाएगा। इसके अलावा, दिल्ली यूनिवर्सिटी ने मामले में सख्त रुख अख्तियार करते हुए जांच के लिए कमेटी भी गठित की है।

दरअसल, छात्रसंघ कार्यालय में तोड़फोड़ की घटना रविवार को हुई थी। बताया जा रहा है कि डूसू के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के बीच मारपीट हुई। डूसू के अध्यक्ष तुषार डेढा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हैं, जबकि उपाध्यक्ष अभि दहिया एनएसयूआई से हैं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आरोप है कि एनएसयूआई ने इस घटना को अंजाम दिया है। अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर घटना का वीडियो साझा कर एबीवीपी ने कहा, ह्लआज सुबह 3-4 बजे के बीच एनएसयूआई के गुंडे दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ कार्यालय में घुस गए, जिससे अफरा-तफरी मच गई। उन्होंने अध्यक्ष के कार्यालयों के दरवाजे तोड़ दिए। तुषार डेढा और सचिव अपराजिता के कार्यालय में तोड़फोड़ की और भगवान राम की मूर्तियां और स्वामी विवेकानंद जैसे महान नेताओं की तस्वीरें बाहर फेंक दीं। एबीवीपी घटना की निंदा कर उपद्रवियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग करती है।

दिल्ली छात्र संघ की सचिव अपारिजता ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई के छात्रों ने छात्रसंघ कार्यालय में जबरन घुसकर उत्पात मचाया और संपत्ति को क्षति भी पहुंचाई। अपराजिता ने कहा, दल्ली छात्र संघ कार्यालय में एनएसयूआई के छात्रों द्वारा जबरन घुसकर तोड़फोड़ की गई। इस दौरान, प्रेसिडेंट और ज्यांइट प्रेसिडेंट के दफ्तर को तोड़ा गया, लिहाजा हमारी मांग है कि पुलिस इस पूरे मामले को संज्ञान में लेकर प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई करे और दिल्ली छात्र संघ के उपाध्यक्ष इस्तीफा दें। हालांकि, घटनास्थल पर कोई सीसीटीवी फुटेज नहीं है, लेकिन उसके आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज के जरिए हम घटना से जुड़े साक्ष्यों को प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि मामले की तह तक पहुंचा जा सकें और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकें।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के स्टेट सेक्रेटरी हर्ष हेत्री ने कहा, एनएसयूआई लगातार दिल्ली विश्वविद्यालय के कैंपस में अवैध वसूली करना चाहता है। वो इसे अय्याशी का अड्डा बनना चाहते हैं। इसके लिए वो इस तरह की कोशिशों में जुटे हुए हैं। वो चाहते हैं कि दिल्ली छात्र संघ के कार्यालय उनके लिए अय्याशी का अड्डा बने, जहां वो जब चाहें, तब शराब पी सकें। जो मन में आए, वो कर सकें। दिल्ली छात्र संघ के बजट का दुरुपयोग कर सकें, ऐसी मंशा होने की वजह से उनका पिछले कई दिनों से दिल्ली छात्र संघ के साथ मतभेद चल रहा है और जब उन्हें लगा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के हाथों में दिल्ली छात्र संघ की कमान होने की वजह से उनके हाथ कुछ नहीं लग पाएगा, तो उन्होंने साजिश के तहत दिल्ली छात्र के संघ के मार्कशीट को फर्जी बताया और एनएसयूआई अपने इन नापाक मंसूबों को जमीन पर उतारने में नाकाम हुआ, तो इन लोगों ने जानबूझकर ऐसी हिंसात्मक स्थिति को अंजाम दिया। यह सुनियोजित ढंग से किया गया। मैं यहां सवाल करना चाहूंगा कि क्या रात में एक साथ 30 से 40 लोगों का एकत्रित होना कोई संयोग है? यह लोग इस इंतजार में बैठे हुए थे, तो कोई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का कोई पदाधिकारी इनके हाथ लगे और जब इनके हाथ कोई नहीं लगा, तो इन लोगों ने इस हिंसा को अंजाम दिया।

उन्होंने आगे कहा, ह्लइन लोगों ने अपनी सारी हदें पार कर दीं। पहले इन्होंने भगवान की प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। इसके बाद स्वामी विवेकानंद द्वारा युवाओं के संबंध में कहे गए प्रेरणास्त्रोत पोस्टरों को हटाया। ऐसे कुकृत्य करने वाले लोगों का दिल्ली छात्र संघ में कोई काम नहीं है। हमारी मांग है कि ऐसे कुकृत्यों को अंजाम देने वाले आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। हमने इस संबंध में पुलिस थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय महामंत्री शिवांगी खांडवाल ने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय में अखिल विद्यार्थी परिषद के छात्र संघ से जुड़े छात्र प्रदर्शन कर रहे हैं। कल का दिन दिल्ली विश्वविद्यालय के लिए काला दिन था। कल की घटना निंदनीय व शर्मनाक थी। छात्रसंघ कार्यालय में हमला किया गया। कार्यालय की परिसंपत्तियों को क्षतिग्रस्त किया। मैं यहां उनसे सवाल करना चाहूंगी कि क्या दिल्ली विश्वविद्यालय ने उन्हें इसलिए भेजा कि वो कार्यालय में शराब पी सकें। अपने कार्यकाल की वो मुझे अपनी एक उपलब्धि तक नहीं बता सकते हैं, क्योंकि उन्होंने आजतक छात्रों के हितों को ध्यान में रखते हुए कुछ नहीं किया है।

# बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, पीपीएसी में किए गए इजाफे को वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकताओं ने बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण कंपनियों के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने बिजली खरीद समायोजन लागत(पीपीएसी) में की गई बढ़ोत्तरी को वापस लेने की मांग की।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार पीपीएसी के नाम पर दिल्ली की जनता को लूट रही है। पीपीएसी अवैध है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के लोगों के हित में तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे, जब तक दिल्ली सरकार बढ़ी हुई दरें वापस नहीं ले लेती है

कड़कड़डूमा स्थित बिजली कंपनी के बाहर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने धरना देकर प्रदर्शन किया। सांसद मनोज तिवारी ने एनडीपीएल कार्यालय, हडसन लेन में धरने का नेतृत्व किया। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने वसंत कुंज स्थिति बीएसईएस कार्यालय के बाहर धरना दिया। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल चौक पर धरना दिया। सांसद कमलजीत सहरावत ने नजफगढ़ स्थिति 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन के बाहर धरना प्रदर्शन किया। सांसद बांसुरी स्वराज ने शंकर रोड स्थित 33 केवी के बाहर धरना प्रदर्शन किया। रमेश वीधूड़ी सफदरजंग स्थित बिजली दफ्तर पर धरना दिया।

उल्लेखनीय है कि बिजली वितरण कंपनियों (डिस्कॉम) को जून में दिल्ली विद्युत नियामक आयोग ने बिजली खरीद समायोजन लागत(पीपीएसी) में दो-छह प्रतिशत की वृद्धि करने की अनुमति दी थी। इसे उपभोक्ताओं के बिल में जोड़ा जाएगा। पीपीएसी, डिस्कॉम द्वारा बिजली खरीद लागत में उतार-चढ़ाव की पूर्ति करने के लिए लगाया जाने वाला अधिभार है। इस वर्ष इसमें 6.15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 8.75 प्रतिशत हो गया है।

# दिल्ली में बिजली दरों को लेकर बीजेपी का विरोध प्रदर्शन, रमेश बिधूड़ी ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली सरकार द्वारा पावर चार्ज एडजस्टमेंट की दर में बढ़ोतरी किए जाने पर बीजेपी नेता रमेश बिधूड़ी ने गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने केजरीवाल सरकार में मंत्री आतिशी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि ये लोग मंत्री के नाम पर कलंक हैं। अरविंद केजरीवाल, आतिशी मालेर्ना और सौरभ भारद्वाज से पूछा जाना चाहिए कि वे लागत को 10 प्रतिशत तक समायोजित क्यों कर रहे हैं। कारण क्या है? बीजेपी नेता ने आगे कहा, वे कहेंगे कि बिजली की मांग बढ़ गई है, तो आपने इस मांग को पूरा करने के लिए किसी कंपनी के साथ अनुबंध क्यों नहीं किया? यही पूछने के लिए हम यहां खड़े हैं।

दरअसल, रमेश बिधूड़ी के नेतृत्व में बीजेपी ने सोमवार को बिजली दफ्तर के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान, बिधूड़ी ने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने केजरीवाल सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, ह्लबिजली कंपनियों के साथ सांठ-गांठ कर भ्रष्ट मानसिकता से केजरीवाल सरकार द्वारा पीपीएसी शुल्क के नाम पर दिल्ली में बिजली के बिल बढ़ा दिए। और कितना लूटोगे इस दिल्ली को अरविंद केजरीवाल जी?

इसके साथ ही उन्होंने कर्नाटक में बस किराए में वृद्धि की मांग पर जब पत्रकारों ने बिधूड़ी से सवाल किया, तो उन्होंने कहा कि मैं यहां इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। वहां कांग्रेस की सरकार है, तो मुझे लगता है कि इस संबंध में अगर राहुल गांधी से सवाल किया जाए, तो ज्यादा मुनासिब रहेगा।

दरअसल, कर्नाटक परिवहन निगम ने बस किराए में 20 फीसद की बढ़ोतरी की मांग की है, लेकिन परिवहन मंत्री ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनके पास इस संबंध में ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं आया है। अगर आता है, तो वो निसंदेह इस पर विचार करेंगे। इसके अलावा, उन्होंने निगम द्वारा महिलाओं को बस में मुफ्त सफर की सुविधा देने की वजह से परिवहन विभाग को हुए नुकसान के दावों को भी सिरे से खारिज किया। उन्होंने कहा कि विभाग को ऐसा कोई भी घाटा नहीं हुआ है। यहां तक विभाग एक हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त रेवेन्यू अर्जित करने में सफल हुआ है।

उधर, रमेश बिधूड़ी से पत्रकारों ने सीएम केजरीवाल के वजन कम होने के संबंध में सवाल किया गया। इस पर उन्होंने आतिशी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि वो झूठी हैं। उनके पास झूठ का पुलिंदा है। ये लोग कलंकित हैं। ये लोग संविधान के नाम पर झूठी कसम खाकर संविधान को ही लज्जित करने का प्रयास कर रहे हैं, जो कि मुझे लगता है कि उचित नहीं है।

# एफएआईएमए के पदाधिकारियों ने की दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

जीटीबी अस्पताल में एक मरीज की गोली मारकर हत्या की घटना के बाद फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन (एफएआईएमए) के पदाधिकारियों ने दिल्ली सरकार के सक्षम अस्पतालों में सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाया। इसके बाद दिल्ली सरकार ने सभी बड़े अस्पतालों की इमरजेंसी गेट पर मेटल डिटेक्टर लगाने और दो बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड तैनात करने का फैसला किया है।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने एक्स पर पोस्ट कर यह जानकारी दी है। मौजूदा समय में सभी अस्पतालों में सुरक्षा के लिए बड़ी संख्या निजी सुरक्षा गार्ड तैनात हैं। लेकिन अभी अस्पतालों में बंदूकधारी सुरक्षा गार्ड तैनात नहीं हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि एफएआईएमए के पदाधिकारियों के साथ बैठक में छह फैसले लिए गए हैं। दिल्ली पुलिस आयुक्त से अस्पतालों में पुलिस का एक जवान 24 घंटे तैनात करने के लिए अनुरोध किया जाएगा।

सीसीटीवी कैमरे की रखरखाव बेहतर किया जाएगा

इसके अलावा अस्पतालों के मानक संचालन प्रक्रिया की समीक्षा की जाएगी। मौजूदा कानून के मुताबिक मारपीट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी कैमरे की रखरखाव बेहतर किया जाएगा और नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इस बैठक में एफएआइएमए के चेयरमैन डॉ. रोहन कृष्णन और मुख्य सलाहकार डॉ. मनीष जांगड़ा शामिल हुए। बहरहाल, दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी के पास पुलिस का एक कमरा होता है। जहां एक से दो पुलिस के कांस्टेबल हमेशा मौजूद रहते हैं, जो आपराधिक घटनाओं में घायल होकर अस्पताल पहुंचने वालों की रिपोर्ट थाने को देते हैं। इसके अलावा दिल्ली के कुछ बड़े अस्पतालों में पुलिस चौकी भी पहले से मौजूद है। जिसका काम मारपीट व आपराधिक मामलों को दर्ज कर जांच करने तक सीमित है।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ी



नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को शराब घोटाला मामले में आप नेता और पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी। राउज एवेन्यू कोर्ट की जज कावेरी बावेजा ने ये फैसला सुनाया। इससे पहले पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस न्यायमूर्ति संजय कुमार ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था। तीन जजों की पीठ का नेतृत्व कर रहे न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने सिसोदिया का प्रतिनिधित्व कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी को जस्टिस संजय कुमार के सुनवाई से अलग होने के बारे में सूचित किया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा, डॉ. सिंघवी, जस्टिस कुमार व्यक्तिगत कारणों से इस मामले की सुनवाई नहीं करना चाहेंगे। बाद में चीफ जस्टिस ने सिसोदिया की जमानत याचिका पर इसी हफ्ते एक अलग पीठ के समक्ष सुनवाई करने का निर्देश दिया था। इससे पहले पिछले महीने शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार और धन शोधन मामलों में जमानत की मांग करने वाली सिसोदिया की याचिकाओं का निपटारा कर दिया था।

ऐसा तब हुआ था जब सॉलिसिटर जनरल (एसजी) तुषार मेहता ने कहा था कि शराब नीति मामले में अंतिम आरोप पत्र/शिकायत 3 जुलाई तक दायर की जाएगी। इससे पहले, दिल्ली हाई कोर्ट ने वरिष्ठ आप नेता को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा था कि वह भ्रष्टाचार के मामले में जमानत देने के लिए ट्रिपल टेस्ट और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत आवश्यक शर्तों को पूरा करने में वो विफल रहे। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वह अपनी बीमार पत्न ी से हर हफ्ते मिल सकते हैं। बता दें कि सिसोदिया को दिल्ली शराब घोटाले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पिछले साल फरवरी में गिरफ्तार किया गया था।

## 150 स्थानों पर अपशिष्ट निपटान बिंदुओं को स्थापित करेगा निगम

नई दिल्ली। दिल्ली में 150 स्थानों पर अपशिष्ट निपटान बिंदुओं को स्थापित किया जाएगा। कचरा प्रबंधन को स्थानीय स्तर पर और भी बेहतर करने के तहत इस नीति पर नगर निगम काम कर रहा है। आरडब्ल्यूए के सहयोग से अपशिष्ट निपटान बिंदु बनाए जाएंगे। इससे मौके पर ही गीले कचरे और सूखे कचरे को अलग किया जाएगा। इसके अलावा 40 से अधिक जगहों पर नए कॉम्पैक्टर मशीनें लगाने के लिए भी योजना बनाई गई है। इसके लिए नगर निगम प्रशासन, दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को प्रस्वात भेजेगा। अधिकारी ने बताया कि निगम के अधीन 500 कॉम्पैक्टर का संचालन होता है। इनके जरिए हर दिन एक हजार मीट्रिक टन से अधिक कचरे को निस्तारिक करते हैं। कॉम्पैक्टर मशीनों में कूड़े को निचाड़ते हैं। इसके बाद कचरे को कम करके उन्हें लैंडफिल साइट में पहुंचाया जाता है। अब इन कॉम्पैक्टर से निकालने वाले कचरो को एनजीओ के साथ मिलकर रिसाइकल भी करेंगे। डीडीए से उनकी जमीन पर नई कॉम्पैक्टर मशीनों को लगाने के लिए बातचीत भी करेंगे। नई कॉम्पैक्टर मशीनों को लगाने से अपशिष्ट प्रबंधन व्यवस्था और भी मजबूत होगी। इससे हर दिन सैकड़ों मीट्रिक टन कचरे का निस्तारण करने में सहयोग मिलेगा।

# बाल मजदूर मुक्त कराने की अर्जी पर सरकार से जवाब तलब

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली सरकार से एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने के लिए दायर जनहित याचिका पर जवाब तलब किया है। याचिका में अधिकारियों से छापेमारी कर देशभर के विभिन्न हिस्सों से लाए गए करीब एक हजार बाल मजदूरों को मुक्त कराने का आग्रह किया गया है। इनसे कथित तौर पर बंधुआ मजदूरी कराई जा रही है। कार्यवाहक मुख्य न्यायधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने दिल्ली सरकार, राजस्व विभाग, दिल्ली बाल अधिकार सरंक्षण आयोग और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने नोटिस जारी किया है। इस मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई को होगी। याचिकाकर्ता रोहतास ने जनहित याचिका में दावा किया कि उसने अधिकारियों से दिल्ली की विभिन्न संपत्तियों पर छापेमारी कर 245 बच्चों और 772 किशोरों को मुक्त कराने के लिए 18 शिकायतें दी हैं, इनसे असुरक्षित और गंदे माहौल में रोजाना 12 से 13 घंटे काम कराया जा रहा है। रोहतास के मुताबिक, वह गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) सहयोग केयर फॉर यू के काम का समर्थन करते हैं। याचिका में कहा गया है कि अधिकांश बच्चे तस्करी करके लाए गए हैं। वे जिन नियोक्ता के लिए काम करते हैं उनके साथ ही रहते हैं। उन्हें खतरनाक परिस्थितियों में काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। दिल्ली सरकार के स्थायी अधिवक्ता (दीवानी) संतोष कुमार त्रिपाठी ने सुनवाई के दौरान कहा कि याचिकाकर्ता ने उन संपत्तियों का उचित पता नहीं दिया है, जहां बाल मजदूरों के काम करने का संदेह है। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि आज तक उन्हें केवल तीन उप जिला अधिकारियों (एसडीएम) के साथ बैठक के लिए पत्र मिला है। त्रिपाठी ने कहा कि वह यह सुनिश्चित करेंगे कि याचिकाकर्ता सोमवार को ही एसडीएम (मुख्यालय) से मिलें। इस पर पीठ ने कहा कि अदालत को इसमें कोई संदेह नहीं है कि प्रशासन तत्काल कार्रवाई करेगा।

## डूसू दफ्तरों में तोड़फोड़ की जांच के लिए समिति गठित

नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ कार्यालय में शनिवार रात हुई तोड़फोड़ के बाद सोमवार को डीयू ने प्रॉक्टर प्रो. रजनी अब्बी की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। वहीं, पुलिस ने भी मामला दर्ज किया है। यह समिति सात दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। दूसरी ओर डीयू नार्थ कैंपस के बाहर एबीवीपी ने विरोध प्रदर्शन किया और कुलपति को ज्ञापन दिया।

डीयू द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि समिति में दिल्ली विश्वविद्यालय की कुलानुशासक (प्रॉक्टर) प्रो. रजनी अब्बी, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. रंजन कुमार त्रिपाठी, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के स्टाफ सलाहकार सुरेन्द्र कुमार और संयुक्त कुलानुशासक गीता सहारे शामिल हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को आरोप लगाया कि डूसू के उपाध्यक्ष अभि दहिया समेत कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने नॉर्थ कैंपस में छात्र संघ कार्यालय में तोड़फोड़ की। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

शराब पीकर उत्पात मचाया गया : एबीवीपी

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि दहिया और एनएसयूआई सदस्यों ने रविवार तड़के डूसू अध्यक्ष तुषार डेढ़ा, सचिव अपराजिता, संयुक्त सचिव सचिन बैंसला के कार्यालयों और आगंतुक कक्ष में तोड़फोड़ की। हमलावरों ने पहले डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया के कार्यालय में शराब पी और फिर उत्पात मचाया। छात्र संगठन ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें दहिया के कार्यालय में कथित तौर पर खाली बोतलें दिखाई दे रही हैं। संगठन ने मांग की है कि दहिया को डूसू उपाध्यक्ष पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाए।

## जामिया के अजीम ने जीता पदक



नई दिल्ली। जामिया मिल्लिया इस्लामिया के बीए (प्रथम सेमेस्टर) के छात्र अजीम ने शूटिंग चैंपियनशिप में अलग-अलग श्रेणियों में तीन पदक जीते। करणी सिंह शूटिंग रेंज में यूपी स्टेट राइफल एसोसिएशन की ओर से आयोजित (आईएसएसएफ) 47वीं यूपीएसएससीसी एआईआर, स्मॉल बोर 2024 शूटिंग चैंपियनशिप में एक स्वर्ण पदक और दो रजत पदक अपने नाम किए। अजीम ने चैंपियनशिप में 50 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत शूटिंग में स्वर्ण पदक, 10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत शूटिंग में रजत पदक और टीम इवेंट में रजत पदक जीते। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने 25 मीटर पिस्टल व्यक्तिगत स्पर्धा में राष्ट्रीय चैंपियनशिप को क्वालीफाई किया।

# कांवड़ यात्रा को लेकर पांच विशेष ट्रनों का संचालन होगा

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता

कांवड़ यात्रा को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे की ओर से विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। इसमें चार गाड़ियों को हरिद्वार तक विस्तार दिया गया है वहीं, पांच मेला विशेष रेल गाड़ियों को चलाने का निर्णय लिया गया है। 14 रेलगाड़ियों का अतिरिक्त ठहराव के साथ कुछ गाड़ियों में अतिरिक्त डिब्बे भी लगाए जाएंगे। उत्तर रेलवे के मुख्य प्रवक्ता दीपक कुमार के अनुसार, हरिद्वार में आयोजित होने वाले कांवड़ मेले को ध्यान में रखते हुए 22 जुलाई से 19 अगस्त के बीच अतिरिक्त रेल गाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर विशेष ट्रेनें भी चलाई जाएंगी। इसके लिए तीन खाली रैक तैयार रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि दिल्ली जंक्शन से शामली के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 04465/66 को हरिद्वार तक चलाया जाएगा। यह गाड़ी 21 जुलाई से तीन अगस्त तक दिल्ली जंक्शन से हरिद्वार जाएगी, जबकि 22 जुलाई से चार अगस्त तक हरिद्वार से वापस दिल्ली आएगी। गाड़ी संख्या 04403/04 सहारनपुर दिल्ली जंक्शन स्पेशल ट्रेन को हरिद्वार तक विस्तार दिया गया है। यह गाड़ी 22 जुलाई से तीन अगस्त तक दिल्ली जंक्शन से हरिद्वार जाएगी, जबकि 23 जुलाई से चार अगस्त तक हरिद्वार से दिल्ली जंक्शन आएगी। मेला विशेष रेलगाड़ी के रूप में गाड़ी संख्या 04324 हरिद्वार से दिल्ली जंक्शन तक 29 जुलाई से दो अगस्त के बीच चलेगी। वहीं, गाड़ी संख्या 04323 दिल्ली जंक्शन से हरिद्वार इस अवधि के दौरान जाएगी। गाड़ी संख्या 04330 ऋषिकेश से दिल्ली जंक्शन के बीच 29 जुलाई से दो अगस्त तक चलेगी। इस अवधि के दौरान ही गाड़ी संख्या 04329 दिल्ली जंक्शन से ऋषिकेश के बीच चलेगी।

# जीटीबी अस्पताल में मरीज की हत्या की घटना गलत पहचान का मामला हो सकती है : दिल्ली पुलिस

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली के जीटीबी अस्पताल के एक वार्ड में एक मरीज की हत्या की घटना गलत पहचान का मामला हो सकती है, क्योंकि वारदात से एक दिन पहले उसी वार्ड से एक अपराधी को स्थानांतरित किया गया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतक के परिवार ने भी दावा किया कि हत्यारा संभवतः किसी अपराधी को निशाना बनाना चाहता होगा।

अधिकारियों ने बताया कि जीटीबी अस्पताल के वार्ड नंबर 24 के भीतर रविवार को एक किशोर ने रियाजुद्दीन (32) की गोली मारकर हत्या कर दी। इस हत्या की जांच के लिए कई दल गठित किए गए हैं। इस घटना के बाद अस्पताल के रेजिडेंट डॉक्टरों ने सोमवार को अपनी सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (आरडीए) के अध्यक्ष नितेश कुमार ने बताया कि आरडीए के सदस्यों ने सोमवार को सुबह नौ बजे हड़ताल शुरू की लेकिन आपात सेवाएं जारी हैं। आरडीए के एक प्रवक्ता ने पहले कहा था, ह्यह्यहमारी सुरक्षा बढ़ाए जाने की बार-बार की अपील को नजरअंदाज किया गया है जिसकी परिणति इस दुखद घटना (मरीज की हत्या) के साथ हुई। जब तक दिल्ली सरकार अस्पताल के भीतर सभी के लिए सुरक्षित माहौल सुनिश्चित नहीं करती, तब तक हम ड्यूटी नहीं कर सकते।

दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा है कि सभी अस्पतालों की सुरक्षा समीक्षा की जाएगी और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराध शाखा के कई दल, जीटीबी एन्क्लेव पुलिस थाने के प्रभारी अधिकारी की अगुवाई में एक दल और आसपास के पुलिस थाने के कर्मियों का एक दल इस मामले की जांच कर रहा है।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, दल यह पता लगाने के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं कि इस घटना में कितने लोग शामिल थे, कितने लोग अस्पताल में घुसे, उन्होंने किस वाहन का इस्तेमाल किया, वाहन कहां है और अपराध के बाद वे कहां भाग गए। हम हर पहलू से जांच कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, पुलिस बहुत जल्द आरोपी को पकड़ लेगी।

पुलिस के अनुसार, मृतक एक दंत चिकित्सक बताया जा रहा है। उसे 23 जून को अस्पताल में भर्ती कराया गया था तथा उसका पेट में संक्रमण का इलाज हो रहा था। पुलिस ने कहा कि हत्या की यह घटना गलत पहचान का मामला हो सकती है, क्योंकि शहर के वेलकम इलाके के एक अपराधी का भी वार्ड नंबर 24 में ही उपचार किया जा रहा था लेकिन उसे घटना से एक दिन पहले ही दूसरे वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया था।

पुलिस ने बताया कि उन्होंने खजूरी खास इलाके के निवासी रियाजुद्दीन का रिकॉर्ड खंगाला है और उसके खिलाफ कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं मिला है। पुलिस अधिकारी ने कहा, ह्यह्यअगर यह गलत पहचान का मामला था तो हम उस पहलू से जांच कर रहे हैं और आरोपियों की गिरफ्तारी होने पर ही इसकी पुष्टि कर सकते हैं। जांच दलों ने आरोपियों के बारे में सूचना जुटाने तथा उन्हें जल्द पकड़ने के लिए अपने स्थानीय सूत्रों को सक्रिय कर दिया है। उन्होंने बताया कि पड़ोसी राज्यों हरियाणा तथा उत्तर प्रदेश के पुलिस विभागों को भी सीसीटीवी फुटेज खंगालने के लिए कहा गया है ताकि अगर आरोपियों ने सीमा पार करने की कोशिश की हो तो वे पकड़ में आ जाएं।

# डीयू ने छात्र संघ कार्यालय में तोड़फोड़ की जांच के लिए गठित की चार सदस्यीय समिति, प्राथमिकी दर्ज

- संगठन ने मांग की है कि दहिया को डूसू उपाध्यक्ष पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाए।

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



दिल्ली विश्वविद्यालय ने छात्र संघ कार्यालय में कथित तोड़फोड़ की घटना की जांच के लिए सोमवार को चार सदस्यीय समिति गठित की। समिति सात दिन के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। एक आधिकारिक अधिसूचना में कहा गया है कि समिति में दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की कुलानुशासक (प्रॉक्टर) रजनी अब्बी, डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर रंजन कुमार त्रिपाठी, दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) के स्टाफ सलाहकार सुरेन्द्र कुमार और संयुक्त कुलानुशासक गीता सहारे शामिल हैं। इसमें कहा गया, समिति जल्द से जल्द, प्राथमिकता के साथ सात दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करे।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) से संबद्ध अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने रविवार को आरोप लगाया कि डूसू के उपाध्यक्ष अभि दहिया समेत कांग्रेस की छात्र शाखा नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्यों ने विश्वविद्यालय के नॉर्थ कैंपस में छात्र संघ कार्यालय में तोड़फोड़ की। इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम के मीणा ने कहा, डूसू अध्यक्ष तुषार डेढा ने कल मौरिस नगर पुलिस थाने में शिकायत दी। हमने प्राथमिकी दर्ज कर ली है और मामले की जांच करेंगे।

एबीवीपी ने आरोप लगाया कि दहिया और अन्य एनएसयूआई सदस्यों ने रविवार तड़के डूसू अध्यक्ष तुषार डेढा, सचिव अपराजिता, संयुक्त सचिव सचिन बैंसला के कार्यालयों और आगंतुक कक्ष में तोड़फोड़ की। एबीवीपी ने आरोप लगाया, हमलावरों ने पहले डूसू उपाध्यक्ष अभि दहिया के कार्यालय में शराब पी और फिर तोड़फोड़ की।

छात्र संगठन ने एक वीडियो भी साझा किया है, जिसमें दहिया के कार्यालय में कथित तौर पर खाली बोतलें दिखाई दे रही हैं और कार्यालय में तोड़फोड़ के वीडियो भी हैं। संगठन ने मांग की है कि दहिया को डूसू उपाध्यक्ष पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाए।

एनएसयूआई ने आरोपों से इनकार किया है और एबीवीपी पर दहिया के कार्यालय में तोड़फोड़ करने का आरोप लगाया है। दहिया ने एक बयान में कहा, कल रात, एबीवीपी के कई सदस्यों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में मेरे कार्यालय पर हमला किया। मैंने एबीवीपी पदाधिकारी और डूसू अध्यक्ष की फर्जी डिग्री का खुलासा किया था। इसको लेकर ही यह हमला बोला गया। उन्होंने दावा किया कि एबीवीपी उन्हें और एनएसयूआई को बदनाम करने की कोशिश कर रही है।

## मोहल्ला बस सेवा का प्रयोगिक परिचालन दो मार्गों पर शुरू



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मोहल्ला बस सेवा का प्रायोगिक परिचालन सोमवार को दो मार्गों पर शुरू किया गया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि योजना के तहत 2,080 बसें परिचालित की जाएंगी। इनमें से 1,040 बसें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और शेष डीआईएमटीएस (दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम) द्वारा परिचालित की जाएंगी।

मंत्री ने कहा, प्रायोगिक परिचालन दो मार्गोंझमजलिस पार्क से प्रधान एनक्लेव और अक्षरधाम से मयूर विहार फेज 3 पर शुरू किया गया है। प्रायोगिक परिचालन एक हफ्ते होगा और इसमें मिली प्रतिक्रिया के आधार पर हम दो-तीन हफ्तों में योजना को क्रियान्वित करेंगे। गहलोत ने कहा कि इस बस सेवा का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी में लोगों के घरों के नजदीक तक परिवहन सुविधा मुहैया करना है।

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें

@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024

## केजरीवाल सरकार ने मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल शुरू किया

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में लास्ट-माईल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक उठाते हुए आज से मोहल्ला बस सेवाओं का ट्रायल शुरू किया है।आज से शुरू होने वाला ट्रायल 7 दिनों तक चलेगा और वर्तमान में दो मार्गों पर संचालित होगा। ये मार्ग हैं: प्रधान एन्क्लेव पुस्ता से मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन और अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन से मयूर विहार फेज-क्क्क पेपर मार्केट तक। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, ह्ममोहल्ला बस सेवाओं की शुरूआत दिल्ली में लास्ट माईल कनेक्टिविटी को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इन बसों को सीमित सड़क चौड़ाई और उच्च भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नेविगेट करने के लिए डिजाइन किया गया है। इस ट्रायल के द्वारा हम यात्रियों से उनके अनुभव के आधार पर आवश्यक फीडबैक इकट्ठा कर रहे हैं जिससे मोहल्ला बसों की सेवा का विस्तार दिल्ली के सभी इलाकों में लास्ट माईल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने हेतु किया जाएगा।

मोहल्ला बस 196 किलोवाट की कुल क्षमता वाले छह बैटरी पैक से सुसज्जित है, जो 45 मिनट की चार्जिंग के साथ 200+ किमी की रेंज प्रदान करती है।9 मीटर की इन मोहल्ला बसों में 23 यात्री सीटें और 13 यात्रियों के खड़े होने की क्षमता है।

आसानी से पहचान के लिए मोहल्ला बसों को हरे रंग का रखा गया है। मोहल्ला बसों में 25% सीटें (6 सीटें) गुलाबी रंग की हैं, जो विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए आरक्षित हैं।

मोहल्ला बस योजना का लक्ष्य 9 मीटर लंबी इलेक्ट्रिक बसों के द्वारा दिल्लीवासियों को उनके घर के आसपास फीडर बस सेवाएं प्रदान करना है।केजरीवाल सरकार की योजना 2025 तक कुल 2,180 ऐसी बसें शुरू करने की है, जो विशेष रूप से सीमित सड़क चौड़ाई या भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों के लिए होंगी। दिल्ली सरकार वर्तमान में लास्ट माईल कनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) से अधिग्रहित 100 बसों का संचालन कर रही है।इन मोहल्ला बसों की अधिकतम रूट लंबाई 10 किमी है। दिल्ली सरकार द्वारा कुल 2,080 9-मीटर बसें खरीदी जा रही हैं। इसमें डीटीसी की 1,040 बसें और डिम्ट्स की 1,040 बसें शामिल हैं।ये बसें खासकर उन क्षेत्रों में जहां मानक 12 मीटर बसें अपने आकार और मोड़ त्रिज्या के कारण परिचालन चुनौतियों का सामना करती हैं, वहाँ परिचालित की जा सकेंगी।

किराया

मोहल्ला बसों में किराया दिल्ली सरकार की एसी बसों के समान ही होगा, यानी 10, 15, 20 और 25।महिलाएं पिंक पास के जरिए इन बसों में मुफ्त यात्रा का लाभ उठा सकती हैं।

ट्रायल रूट

ट्रायल रूट 1: मजलिस पार्क से प्रधान एन्क्लेव

1. प्रधान एन्क्लेव पुस्ता (लिटिल स्टार स्कूल)
2. प्रधान एन्क्लेव ए-ब्लॉक
3. बाबा कॉलोनी पुस्ता
4. एपेक्स स्कूल
5. जगतपुर मोड़
6. मिलन विहार चौक
7. झोरडा पुलिस चौकी (कायाकल्प अस्पताल)
8. संगम विहार गली नंबर-4
9. झारोदा मेट्रो स्टेशन
10. हरदेव नगर
11. बुराड़ी मेट्रो स्टेशन
12. बुराड़ी क्रॉसिंग
13. मुकुंदपुर चौराहा
14. मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन

ट्रायल रूट 2: अक्षरधाम से मयूर विहार फेज-क्क्क

1. अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन
2. दिल्ली पुलिस अपार्टमेंट
3. नोएडा मोड़
4. मयूर विहार फेज-1 मेट्रो स्टेशन
5. मयूर विहार फेज-1 एसटीए अथॉरिटी
6. मेट्रो स्टेशन पॉकेट-ए गुरुद्वारा
7. त्रिलोक पुरी-36 ब्लॉक
8. त्रिलोक पुरी-26 ब्लॉक
9. त्रिलोक पुरी-13 ब्लॉक
10. चाँद सिनेमा
11. सुपर बाजार
12. कल्याण पुरी चौराहा
13. कोंडली मोड़
14. राजबीर कॉलोनी पुल नंबर-1
15. बड़ी मस्जिद पुल नंबर-2
16. गाजीपुर थाना
17. घरोली एक्सटेंशन
18. सपेरा बस्ती
19. मयूर विहार फेज-III पेपर मार्केट

केजरीवाल सरकार ने मोहल्ला बसों की पार्किंग और रखरखाव के लिए पूरी दिल्ली में 16 डिपो बनाए हैं।

मोहल्ला बसों के लिए डिपो

पूर्वी जोन

## दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत ने किया दिल्ली को लाल डोरा मुक्ति अभियान का आगाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत ने किया दिल्ली को लाल डोरा मुक्ति अभियान का आगाज, नव-निर्वाचित सातों सांसदों से दिल्ली के गांव वालों को अंग्रेजों के जमाने से बनाए गए लाल डोरे की कैद से मुक्त कराने की लगाई गुहार, हरियाणा की तर्ज पर लाल डोरा फ्री कर प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना भी दिल्ली में भी तत्काल लागू करवाने की मांग की दिल्ली के 360गावों की मूल आबादी की एकमात्र प्रतिनिधि सामाजिक संस्था दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत पंचायत के प्रवक्ता, मीडिया प्रभारी एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय के अनुसार अध्यक्ष प्रो.राजबीर सोलंकी की अध्यक्षता में रोहिणी में आयोजित पंचायत की एक बैठक में सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव पारित किया गया कि सरकार केंद्र सरकार तत्काल हरियाणा सरकार की तर्ज पर दिल्ली के गांवों में भी प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना लागू करें और दिल्ली के गांवों को भी लाल डोरा फ्री करने के आदेश दे। वत्स ने कहा कि दिल्ली मूल ग्रामीण पंचायत पंचायत दिल्ली के नवनिर्वाचित सातों सांसदों से यह मांग करती है कि वे सभी उपराज्यपाल से मिलकर केंद्र सरकार से देश की राजधानी दिल्ली के गांवों को लाल डोरा से मुक्त कराएं और प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना को दिल्ली मैं क्रियान्वित कराने की पहल करें।

स्वामित्व योजना लागू नहीं होने से दिल्ली के गांवों में रहने वाले लाखों लोगों में से किसी कै पास भी अपनी संपत्ति का मालिकाना हक प्रमाण पत्र नहीं है। इसी के चलते दिल्ली में बिजली कंपनियां ग्रामीणों को बिजली के नए कनेक्शन नहीं दे रही हैं। दिल्ली जल बोर्ड भी पानी के नए कनेक्शन नहीं दे रहा है।

सरकार के नियमों ने ग्रामीणों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। इसलिए गांव के लोगों की निगाहें अब सातों सांसदो पर टिकी हैं।

इस संबंध में शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शहरी विकास मंत्री श्री मनोहर लाल, उपराज्यपाल श्री विनय कुमार सक्सेना को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करके इसकी मांग कर चुके हैं। वत्स ने कहा कि दिल्ली की सातों संसदीय क्षेत्रों में बहुत सारे गांव बसे हैं जिनकी संख्या लगभग 360 है। पंचायत के महासचिव प्रो हंसराज सुमन ने कहा कि देश 73साल पहले आजाद हो गया था लेकिन दिल्ली के गांवों के लोग आज भी लाल डोरे में कैद हैं। इसलिए लाल डोरा से गांवों की मुक्ति का यह अभियान ओर तेज किया जाएगा।

## डिजिटल हाजिरी के विरोध में संकुल शिक्षकों ने दिया सामूहिक रूप से इस्तीफा

- विभागीय सूचनाओं के आदान-प्रदान के ग्रुप भी छोड़े

शिक्षक हित में संकुल शिक्षकों का सामूहिक इस्तीफा स्वागत योग्यः रामवीर

प्रात: किरण संवाददाता



रहरा। गंगेश्वरी विकास क्षेत्र में कार्यरत समस्त 35 संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से डिजिटल हाजिरी के विरोध में खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में अपने इस्तीफे कार्यालय सहायक फैजान हस्मत एवं नाजिर अली को सौंप दिए हैं। इसके साथ ही सूचनाओं के आदान-प्रदान हेतु बनाए गए विभाग के ग्रुप भी छोड़ दिए हैं। वरिष्ठ संकुल शिक्षक गौतम सिंह ने कहा कि महानिदेशक महोदय के 5 जुलाई के पत्र द्वारा शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति का आदेश दिया गया है जो की पूर्ण रूप से अव्यावहारिक है। प्रदेश के लाखों लाख शिक्षकों के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ है। सरकार को पहले शिक्षकों की मुख्य मांगो जिसमें 31 उपार्जित अवकाश,15 आकस्मिक अवकाश, 15 हाफ आकस्मिक अवकाश, निशुल्क चिकित्सा प्रतिपूर्ति, पदोन्नति जैसी मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए था। समस्त परिषदीय शिक्षक 8 जुलाई से डिजिटल हाजिरी के विरोध में लगातार अपना विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं परंतु अभी तक प्रदेश सरकार द्वारा कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया है और ना ही संघ के पदाधिकारी से कोई वार्ता की गई है। बेसिक शिक्षा विभाग की हठ धर्मिता के चलते प्रदेश तथा जनपद अमरोहा के सभी शिक्षक आहत हैं। जिसके चलते समस्त संकुल शिक्षकों ने आज सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कार्यालय सहायक फैजान हस्मत एवं नाजिर अली को सौंप दिया। प्राथमिक शिक्षक संघ गंगेश्वरी के ब्लॉक अध्यक्ष रामवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर गंगेश्वरी ब्लॉक के सभी संकुल शिक्षकों ने सामूहिक रूप से अपना इस्तीफा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सौंप दिया है जो की शिक्षक हित में बहुत ही स्वागत योग्य कदम है। साथ ही सूचनाओं के आदान-प्रदान वाले ग्रुप भी छोड़ दिए हैं।इससे शिक्षक एकता को मजबूती मिलेगी ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी ने संकुल शिक्षकों के सामूहिक इस्तीफे को शिक्षक हित में अच्छा निर्णय बताया और विश्वास जताया है कि शीघ्र ही यह तानाशाही पूर्ण डिजिटल हाजिरी का आदेश जल्द वापस होगा इस अवसर पर ब्लॉक मंत्री प्रदीप भाटी, वरिष्ठ संकुल शिक्षक गौतम सिंह,गौरव कुमार नागर,जयवीर सिंह,विजेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार, करनपाल, महताबउद्दीन, हरिओम सिंह, डॉक्टर विनोद कुमार, भुवनेश वर्मा,पवन कुमार, प्रदीप कुमार वर्मा, देवराज सिंह,प्रमोद कुमार,रोशन लाल, प्रशांत कुमार,अजय कुमार, विवेक कुमार शर्मा,रविंद्र कुमार,जसवंत सिंह, संदीप कुमार, करणवीर सिंह, संजय सिंह, वसीम हैदर जैदी, धर्मेंद्र शर्मा, नितिन कुमार, देशराज सिंह, गौरव चड्ढा, योगराज सिंह, विजेंद्र सिंह,शहजाद आलम आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाहः 3 मुस्लिम जोड़ो सहित 12 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

- गरीब परिवारों की बेटियों के लिए वरदान है मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनाः अशोक राणा

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा। खंड विकास कार्यालय द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तीन मुस्लिम (लड़के,लड़कियों) जोड़ें सहित 12 हिंदू ,मुस्लिम (लड़के,लड़कियों) जोड़ों की शादी उत्साहपूर्वक संपन्न की गई। शनिवार को धामपुर रोड स्थित भाग्य श्री विवाह मंडप में खंड विकास कार्यालय की ओर से एक कार्यक्रम आयोजित कर मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत तीन मुस्लिम सहित 12 जोड़ों की शादी कराई गई।इससे पूर्व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। शादी कुंज परिवार से आये पंडित रुपेन्द्र कुमार व चारुल सिंह ने विधि विधान के साथ विवाह को रस्मे पूर्ण कराई। शासन की ओर से सभी कन्याओं को बर्तन व कुछ चांदी की चीजें भी शगुन के तौर पर भेंट की गई। धामपुर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक अशोक कुमार राणा, स्योहारा ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान व खंड विकास अधिकारी रामकुमार ने सभी वर वधु को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। लोकप्रिय विधायक अशोक कुमार राणा ने कहा कि गरीब परिवारों की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना वरदान साबित हो रही है। भाजपा सरकार कन्या के जन्म से लेकर उसके विवाह तक की जिम्मेदारी उठाने के लिए अनेक तरह की योजनाएं चला रखी हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब कन्याओं की शादी होने से माता पिता का काफी खर्च बचता है और गरीब परिवार अपनी बेटियों की आसानी से हाथ पीले कर सकते हैं। ब्लाक प्रमुख उज्जवल चौहान ने कहा कि भाजपा बिना भेदभाव किये सभी वर्गों के लिए अनेक योजनाएं लागू कर रही है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर, एडीओ पंचायत करुणा चौहान, प्रधान लिपिक प्रदीप कुमार, आशीष कुमार, गजपति सिंह, माधव राणा, अमित कुमार, विपुल कुमार, शुभम कुमार, विवेक राजपूत, कविराज सिंह आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन एडीओ दिनेश कुमार ने किया।

## बरसात के मौसम में संचारी रोगों करें बचावः डा मनोज वर्मा

प्रात: किरण संवाददाता



स्योहारा।बरसात के मौसम में जगह जगह पानी और गंदगी जमा होने के कारण उससे पनपने वाले मच्छरो से डेंगू,मलेरिया,काल जार टायफाइड,चिकनगुनिया,हैजा, उल्टी,दस्त जैसे संचारी रोगो का खतरा अधिक बढ़ जाता है क्षेत्र के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं वर्मा मेटरनिटी नर्सिंग होम के डायरेक्टर डाक्टर मनोज कुमार वर्मा ने संचारी रोगों से बचाव के लिये बताया कि बरसात के मौसम में हमे अपने परिवार और आस पड़ोस को संचारी रोगो से बचाव के लिये हमे अपने घरों के आसपास पानी और गंदगी जमा नही होने देना है। साथ ही घर के अंदर भी फ्रिज,कूलर ,गमलों आदि में भी पानी नही जमा होने देना है और एंटी लारवा दवाई का छिड़काव भी करें।ताकि जमा हुए पानी में खतरनाक मच्छर पैदा न हो जो हमे बीमार कर सकते है। उन्होंने कहा कि पूरी आस्तीन के वस्त्रों और अगर खुले में सोए तो सोते समय मच्छरदानी भी लगाये। बासी और खुले में रखे हुए खाद्य पदार्थ खाने से बचे। शौचालय जाने के बाद साबुन से अच्छी तरह हाथ धोएं।खाना खाने से पहले हाथ अवश्य धोएं। उन्होंने बताया कि इस मौसम में संचारी रोगों का प्रकोप अधिक फैलता है जिनसे केवल सफाई और जागरूकता से ही बचा जा सकता है लेकिन फिर भी कोई बिमारी का लक्षण दिखाई दे तो तुरंत अपने डॉक्टर से परामर्श जरूर करें।

## हल्की बारिश से सुबह मौसम रहा सुहाना, दोपहर में बढ़ी उमस

नई दिल्ली। राजधानी के अधिकांश इलाकों में सोमवार सुबह हल्की बारिश हुई। इसके चलते दिनभर मौसम सुहाना रहा, लेकिन शाम के समय उमस बढ़ने से लोगों को गर्मी का सामना करना पड़ा। वहीं, बारिश के चलते कुछ जगहों पर जलभराव की समस्या भी देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली में हल्की बारिश का दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगा। बीच में मध्यम श्रेणी की बारिश होने का भी अनुमान है। सोमवार को मानक वैधशाला सफदरजंग में 2.7 एमएम बारिश दर्ज की गई। रिज में 37.2 एमएम जबकि पालम में 31.8 एमएम दर्ज की गई। दोपहर में तेज धूप निकलने से शाम होते-होते उमस भी ज्यादा हो गई। इस कारण अधिकतम आद्रता 88 फीसदी और न्यूनतम आद्रता 59 फीसदी दर्ज की गई। हल्की बारिश के चलते दिल्ली के अधिकतम तापमान में गिरावट आई लेकिन न्यूनतम तापमान में बढ़ोत्तरी देखने को मिली। रविवार को जहां दिल्ली का अधिकतम तापमान 37.1 डिग्री था, वह सोमवार को 35.2 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान में रविवार को 27.6 डिग्री तो सोमवार को 29 डिग्री रहा। यह सामान्य से दो डिग्री ज्यादा है। बीते दो दिनों में न्यूनतम तापमान में चार डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले छह दिन अधिकतम तापमान 34 से 36 डिग्री जबकि न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री के बीच रहने की संभावना है। जलभराव से यातायात रहा प्रभावित : बारिश के चलते रोहतक रोड पर आनंद पर्वत गली नंबर 10 के पास एवं उत्तरी दिल्ली स्थित फतेह सिंह रोड पर जलभराव हो गया। इसके चलते वाहनों को निकलने में काफी परेशानी हुई। ट्रैफिक पुलिस ने कुछ समय के लिए यह रास्ते वाहनों के लिए बंद कर दिए। पानी निकलने में लगभग दो घंटे का समय लगा। इस दौरान ट्रैफिक पुलिस ने वाहनों को दूसरे रास्तों पर डाइवर्ट किया।

## न्यूनतम मजदूरी में संशोधन किया

नई दिल्ली। शिक्षा विभाग के अधीन आने वाले समग्र शिक्षा दिल्ली ने विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए काम करने वाले आया, सेवक, सहायक के न्यूनतम मजदूरी में संशोधन को लेकर आदेश जारी किया है। न्यूनतम मजदूरी को 16,506 से बढ़ाकर 17,494 कर दिया गया है।

## समग्र विकास के लिए शिक्षकों को मिलेगा प्रशिक्षण

नई दिल्ली। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद ने 247 शिक्षकों को बिगनर्स पाठ्यक्रम के संबंध में प्रशिक्षित करने को लेकर सर्कुलर जारी किया है। 18 और 19 जुलाई को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के समग्र विकास को लेकर शिक्षकों को प्रशिक्षण मिलेगा।

## केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में शुरू की मोहल्ला बस सेवा, महिलाओं को खास छूट



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार की मोहल्ला बस सेवा का प्रायोगिक परिचालन सोमवार को दो मार्गों पर शुरू किया गया। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने यह जानकारी दी। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि योजना के तहत 2,080 बसें परिचालित की जाएंगी। इनमें से 1,040 बसें दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) और शेष डीआईएमटीएस (दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल ट्रांजिट सिस्टम) द्वारा परिचालित की जाएंगी।

मंत्री ने कहा, प्रायोगिक परिचालन दो मार्गों--मजलिस पार्क से प्रधान एनक्लेव और अक्षरधाम से मयूर विहार फेज 3 पर शुरू किया गया है। प्रायोगिक परिचालन एक हफ्ते होगा और इसमें मिली प्रतिक्रिया के आधार पर हम दो-तीन हफ्तों में योजना को क्रियान्वित करेंगे। गहलोत ने कहा कि इस बस सेवा का लक्ष्य राष्ट्रीय राजधानी में लोगों के घरों के नजदीक तक परिवहन सुविधा मुहैया करना है। इन मोहल्ला बसों में भी दिल्ली सरकार की अन्य बसों की तरह महिलाओं की यात्रा फ्री रहेगी। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जी का सपना था कि हम दिल्ली के सभी गांव और मोहल्लों तक ट्रांसपोर्ट कनेक्टिविटी दें। आज उनके इसी विजन के तहत ह्ममोहल्ला बसेंह्व शुरू की हैं। हमने 2080 बसों का आर्डर दे दिया है और इन बसों के लिए अलग से डिपो भी तय कर लिए हैं। इन बसों की लंबाई 9 मीटर होगी और यह पूरी तरह से इलेक्ट्रिक बसें होंगी। इसके साथ ही कैलाश गहलोत ने अपने ट्वीट में लिखा, बधाई दिल्ली ! आज से दिल्ली में मोहल्ला बस सेवा का ट्रायल शुरू हो गया है। एक हफ़्ते के ट्रायल में यात्रियों के अनुभवों और दिल्लीवासियों के फीडबैक के आधार पर मोहल्ला बस सेवा का विस्तार दिल्ली के सभी इलाकों में लास्ट माईल कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने हेतु किया जाएगा। केजरीवाल सरकार दिल्लीवासियों को विश्वस्तरीय, प्रदूषणरहित, गुणवत्तापूर्ण सुगम परिवहन सेवा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है।

## आठवीं, नौवीं व ग्यारहवीं के छात्रों का स्किल सुधारने की तैयारी

नई दिल्ली। शिक्षा निदेशालय ने सरकारी व सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों के आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों की पिछली कक्षाओं की आधारभूत दक्षताओं को मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है। निदेशालय ने इसके लिए दो सप्ताह का एक्शन प्लान तैयार किया है। इस प्लान के आधार पर सोमवार (15 जुलाई) से कक्षाओं की शुरूआत करने को कहा गया है। इन कक्षाओं के लिए ऐसे छात्रों की पहचान की गई है जो छात्र किसी विषय में ग्रेस अंकों से पास हुए हों, कंपार्टमेंट परीक्षा देने के बाद पास हुए हों, छात्र ने किसी विषय में 40 फीसदी या उससे कम अंक प्राप्त किए हों। छात्रों की दक्षताओं को जीरो पीरियड, स्कूल घंटों के बाद 30 मिनट की सुधारात्मक कक्षाओं में सुधारा जाएगा। शिक्षा निदेशालय का मानना है कि इससे छात्रों के सीखने के अंतर को सुधारने में भी मदद मिलेगी। इस संबंध में निदेशालय ने स्कूलों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निदेशालय के अनुसार आठवीं, नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों की पिछली कक्षाओं की आधारभूत दक्षताओं को मजबूत करने की कार्य योजना तैयार की गई है। निदेशालय के अनुसार, छात्रों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने और सीखने के अंतर को पाटने के लिए पर्याप्त आधारभूत दक्षताओं को विकसित करने की आवश्यकता है। इसके लिए पिछली कक्षाओं के ऐसे विषयों के टॉपिक की पहचान की गई है जिनमें छात्रों का प्रदर्शन कमजोर रहा है। इन विशेष कक्षाओं के लिए एक स्पेशल टाइम टेबल तैयार करने को कहा गया है। शिक्षकों को छात्रों की बुनियादी विषय शब्दावली से परिचित कराने पर ध्यान केंद्रित करना होगा ताकि छात्र सामग्री के साथ अपना जुड़ाव महसूस कर सकें।

## आप के वरिष्ठ नेता सचिन राय भाजपा में शामिल हुए

नई दिल्ली। दिल्ली में भाजपा मुख्यालय आम आदमी पार्टी (आप) के सीनियर नेता सचिन राय भाजपा में शामिल हो गए। इस मौके भाजपा के वरिष्ठ नेता और महासचिव अरुण सिंह और दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सचिन राय को भाजपा में शामिल कराया। सचदेवा ने कहा कि बीजेपी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। हमारी पार्टी में आपका स्वागत है। इस मौके पर सचिन राय ने अरुण सिंह और वीरेंद्र सचदेवा का धन्यवाद किया। सचिन राय आम आदमी पार्टी महत्वपूर्ण पदों पर रहे।सचिन राय आम आदमी पार्टी में ट्रेड विंग के अध्यक्ष और हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी रह चुके हैं। वह पार्टी की जीएसटी कमिटी के भी 2017 से 2024 तक अध्यक्ष रहे हैं। उनके साथ आम आदमी पार्टी के कई कार्यकर्ता भी बीजेपी में शामिल हुए। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री राजकुमार आनंद भाजपा में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव से पूर्व दिल्ली सरकार पर अनुसूचित जाति विरोधी बताते हुए मंत्री पद के साथ ही आम आदमी पार्टी से इस्तीफा दे दिया था।

## चार इमारत खतरनाक, ध्वस्त करने का नोटिस जारी

नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम ने 29 लाख इमारतों और घरों के निरीक्षण में चार इमारतों को खतरनाक पाया है। इनको ध्वस्त करने का नोटिस भवन मालिकों को दिया गया है। वहीं, कई आरडब्ल्यूए ने निगम से खतरनाक इमारतों की लगातार ऑडिट करने की मांग की है। साथ ही सुझाव दिया है कि निगम के सेवानिवृत इंजीनियर और अन्य विशेषज्ञों के साथ एक समिति बनाई जाए। आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि अतुल गोयल ने कहा कि निगम को खतरनाक इमारतों का सर्वे मई में ही पूरा करना चाहिए। इसके लिए एक ऑडिट रिपोर्ट भी बनाई जाए। साथ ही इसकी सूचना निगम की वेबसाइट में डाली जाए।

## जेल में केजरीवाल का वजन दो किलो कम हुआ, एम्स चिकित्सा बोर्ड निगरानी कर रहा: तिहाड़ जेल सूत्र

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



तिहाड़ जेल सूत्रों ने सोमवार को कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का वजन केवल दो किलोग्राम कम हुआ है और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का एक चिकित्सा बोर्ड उनकी नियमित निगरानी कर रहा है। आम आदमी पार्टी (आप) ने एक दिन पहले दावा किया था कि जेल में केजरीवाल का वजन 8.5 किलोग्राम कम हो गया है जिसके बाद तिहाड़ की तरफ से यह बयान सामने आया है। सूत्रों ने बताया कि जेल प्रशासन ने आप के मंत्रियों और नेताओं द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में दिल्ली सरकार के गृह विभाग को पत्र लिखकर कहा है कि इस तरह की मनगढ़ंत बातें जनता को भ्रमित और गुमराह करती हैं।

आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह ने कहा कि तिहाड़ अधिकारियों ने स्वीकार तो किया कि केजरीवाल का वजन कम हो गया है। आप ने रविवार को आरोप लगाया था, भारतीय जनता पार्टी, केजरीवाल को जेल में रखने की साजिश रच रही है और उनके स्वास्थ्य को गंभीर खतरा है। शुगर की बीमारी के उपचार के लिए उन्हें आवश्यक चिकित्सा सुविधा नहीं मिल रही है।

दिल्ली की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से अकारण उनका 8.5 किलोग्राम वजन घटने पर चिंता जताई थी और दावा किया था कि जेल में उनका शर्करा स्तर पांच से अधिक बार 50 से नीचे आ गया था। तिहाड़ के सूत्रों द्वारा साझा की गई केजरीवाल की स्वास्थ्य रिपोर्ट के अनुसार एक अप्रैल को जब वह पहली बार जेल आए थे तब उनका वजन 65 किलोग्राम था और आठ से 29 अप्रैल के बीच उनका वजन 66 किलोग्राम था। इसके अलावा, 21 दिन की जमानत के बाद दो जून को जब वह वापस जेल आए तो उनका वजन 63.5 किलोग्राम था। एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, ह्यह्य14 जुलाई को उनका वजन 61.5 किलोग्राम था। इसलिए, प्रभावी रूप से उनका वजन 2 किलोग्राम कम हुआ। सूत्रों के अनुसार, केजरीवाल को घर का बना खाना दिया जा रहा है लेकिन वे तीन जून से नियमित रूप से कुछ खाना वापस कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि एम्स का एक चिकित्सा बोर्ड लगातार मुख्यमंत्री की निगरानी कर रहा है और उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल बोर्ड के साथ नियमित संपर्क में हैं। उन्होंने बताया कि जेल प्रशासन ने दिल्ली सरकार के गृह विभाग को पत्र लिखकर केजरीवाल के स्वास्थ्य के संबंध में आप के आरोपों को खारिज कर दिया है।

जेल प्रशासन ने अपने पत्र में कहा कि इस तरह की बातें जनता को भ्रमित और गुमराह करती हैं। इसमें कहा गया है, आरोपी के रक्तचाप और शर्करा के स्तर तथा वजन की नियमित रूप से निगरानी की जा रही है और उन्हें उनकी सभी बीमारियों के लिए पर्याप्त उपचार प्रदान किया जा रहा है तथा उन्हें नियमित रूप से दिन में तीन बार घर का बना खाना दिया जा रहा है। निहित स्वार्थी समूहों द्वारा मीडिया में की जा रही बदनामी को देखते हुए ये तथ्य रिकॉर्ड में लाए गए हैं।

एक बयान में आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि तिहाड़ जेल अधिकारियों ने स्वीकार तो किया कि केजरीवाल का शर्करा स्तर कई बार गिरा है और उनका वजन भी कम हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अगर सोते समय उनका शर्करा स्तर गिरता है तो आप प्रमुख कोमा में जा सकते हैं या उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को दिल्ली सरकार की आबकारी नीति (अब रद्द हो चुकी) 2021-22 में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। इसके बाद कथित घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 26 जून को उन्हें तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय ने धन शोधन मामले में अंतरिम जमानत दे दी थी

## युवाओं को राजनीति में आना चाहिए: चड्ढा

- जैसे-जैसे भारत में जनसंख्या युवा होती जाती है, इसका राजनीतिक प्रतिनिधित्व वृद्ध होता जाता है।

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



आम आदमी पार्टी (आप) नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित कैम्ब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस 2024 में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने भारत की राजनीति, यहां के राजनीतिक परिदृश्य और उनकी राजनीतिक यात्रा के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि यदि आप वास्तव में प्रत्येक नागरिक के लिए सम्मानजनक जीवन के अधिकार में विश्वास करते हैं, तो आप इसे मुफ्त की रेवड़ी की राजनीति का लेबल नहीं देंगे। आप इसे सामाजिक सुरक्षा जाल के रूप में पहचानेंगे। मैंने कैंब्रिज इंडिया कॉन्फ्रेंस में आप द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं के महत्व के बारे में बात की।

आप नेता ने कहा कि हम सभी को एक साथ आना चाहिए और वह बदलाव लाना चाहिए जो हम देखना चाहते हैं। हम 50-90 वर्ष की आयु के राजनेताओं से युवा भारत के मुद्दों को समझने की उम्मीद नहीं कर सकते। एक देश के रूप में हम राजनेताओं से निराश हैं, क्योंकि जो वादा किया जाता है और जो पूरा होता है, उसके बीच बहुत बड़ा अंतर है। राजनीतिक वर्ग से लोगों का मोहभंग हो गया है। उन्होंने कहा कि जब हमसे पूछा जाएगा कि हम बड़े होकर क्या बनना चाहते हैं तो हममें से कितने लोगों ने राजनेता कहा होगा? भारत में, जब करियर की बात आती है तो राजनीति कुछ हद तक एक अजीब विकल्प है। जैसे-जैसे भारत में जनसंख्या युवा होती जाती है, इसका राजनीतिक प्रतिनिधित्व वृद्ध होता जाता है। युवाओं के लिए भारतीय राजनीति में अपना प्रतिनिधित्व बढ़ाने का एकमात्र तरीका इसमें शामिल होना है। मैंने कैंब्रिज यूनिवर्सिटी में इस बारे में बात की थी।

राज्यसभा ने कहा कि युवाओं को राजनीति में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, हमें समान स्तर पर अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है जैसा कि मेरी पार्टी आप ने किया है। राजनीति को युवाओं को प्रसिद्धि पाने, धनबल या बाहुबल पर निर्भर रहने के बजाय नेतृत्व गुणों और देश की सेवा करने की तीव्र इच्छा के आधार पर आकर्षित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीति का क्षेत्र अब युवाओं के लिए पहले से कहीं अधिक अवसर प्रदान करता है। चुनाव प्रचार अत्यधिक संगठित हो गया है, जिसमें सोशल मीडिया, प्रौद्योगिकी और चुनाव प्रबंधन जैसे विभिन्न क्षेत्र शामिल हैं, जो सभी उम्मीदवार को जीत की ओर ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये उभरते हुए क्षेत्र हैं, जहां युवा सक्रिय रूप से राजनीतिक अवसरों की तलाश कर सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### वेबसाइट पर विद्यालय के नाम गलत अंकित रहने के कारण स्कूली बच्चों सहित अभिभावकों को हो रही परेशानी

जमुई [ झाझा ] वेबसाइट पर विद्यालय के नाम गलत अंकित रहने के कारण स्कूली बच्चों सहित अभिभावकों को हो रही परेशानी को देखते हुए शिक्षा समिति अध्यक्ष जिला परिषद धर्मदेव यादव ने शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा पटना, क्षेत्रीय उपनिदेशक मुंगेर एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी जमुई को पत्र लिखकर विद्यालय के नाम सुधरवाने की मांग किया है शिक्षा विभाग के पदाधिकारी को लिखे गए पत्र में उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र स्थित प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय कानन की जगह बीएसईबी के वेबसाइट में कानन की जगह काकन अंकित हो गया है ।इस तकनीकी , लिपिकिय भूल से स्कूली बच्चों एवं अभिभावकों की परेशानी बढ़ी हुई है। इसलिए वेबसाइट में विद्यालय का नाम सुधार कर कानन अंकित किया जाए।

### रात व दिन में बिजली गुल रहने से लोग हो रहे परेशान

घैलाढ़ (मधेपुरा) घैलाढ़ प्रखंड क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की समस्या से लोग बेहद परेशान हैं। इन दिनों गर्मी में लोग लगातार विद्युत समस्या से जूझ रहे हैं। अनियमित विद्युत आपूर्ति उपभोक्ताओं के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। विभाग भले ही पर्याप्त विद्युत आपूर्ति का दावा कर रही है। लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। बिजली की आंख-मिचौली से भीषण गर्मी में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कभी पावर फेल तो कभी फाल्ट सहित सटडाउन की समस्या का कर्मियों के द्वारा बहाना बनाया जाता है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में पावर फेल व लोकल फाल्ट का बहाना बनाकर लगभग 15 से 20 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। बिजली गुल होने पर अक्सर विभाग के कर्मी पावर फेल, फाल्ट व सटडाउन का हवालात देते हैं। प्रखंड क्षेत्रों में अक्सर दिन में बिजली बाधित रहने से जहां बिजली आधारित छोटे-मोटे उद्योग प्रिटिंग मशीन, आटा-चक्की, वेल्डिंग वर्क शाप सहित कैफे के अलावा कई अन्य प्रतिष्ठान के संचालकों को काफी परेशानी हो रही है। जबकि रात के समय बिजली गुल रहने से लोग इस गर्मी में रतजगा करने को विवश हो रहे हैं। भीसन गर्मी में बिजली नहीं रहने से लोग अधिक मात्रा में बीमार होते जा रहे है। विद्युत आपूर्ति के वर्तमान स्थिति के कारण उपभोक्ताओं का आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

# मौरा बालू बंदोबस्ती का पब्लिक ओपिनियन बैठक की सूचना को छुपना बड़ी भ्रष्टाचार : बाबू साहब

## बालू बंदोबस्ती को लेकर होना था पब्लिक ओपिनियन पदाधिकारी द्वारा सूचना को छुपाना जनता के साथ धोखा : किसान नेता

प्रात : किरण, संवाददाता




जमुई/गिद्धौरः- प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय में मौरा बालू घाट के बंदोबस्ती के लिए मौरा बालू घाट के आसपास के राजस्व गाँवो के लोगो और जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अध्यक्षता में लोक सुनवाई होना था कि बालू उठाव से उत्पन्न होने वाले पर्यावरण संकट पर चर्चा होने था। जनता की विचारों का वीडियो रिकॉर्डिंग कर विभाग को भेजना था ।लेकिन बालू ठीकेदार का शासन और प्रशासन पर मजबूत पकड़ के वजह से जनता को इस लोक सुनवाई कार्यक्रम में जनता की भागीदारी नहीं हो इसके लिये प्रशासन के तरफ से सारी बंदोबस्त किया गया। यहां तक कि गिद्धौर अंचल कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी इस बैठक की सूचना नहीं लगाया गया। मौरा बालू घाट के आसपास के गांवों के लोगों को भनक तक नहीं लगने दिया गया। ठीकेदार और पदाधिकारी के आपसी तालमेल की कहानी तब और प्रमाणित हो जाता जब इस बैठक की जानकारी को लेकर भाकपा माले नेता बाबू साहब सिंह ने दूरभाष से गिद्धौर के अंचलाधिकारी आरती भूषण से जब फोन कर बैठक की सूचना पूछते है तो वह साफ साफ शब्दों में कहते हुए पाए जाते है कि इस तरह की बैठक अंचल सभागार में नहीं। गिद्धौर के माइनिंग इंसक्पेक्टर मिथुन कुमार तो कहते है कि हमें मालूम नहीं है बैठक के बारे में और तो और हम गिद्धौर में पोस्टेड भी नहीं हुँ। जबकि वो भी इस बैठक में मुँह छुपाए पाये गए। इस तरह के नुका छुपी का खेल कर बैठक से लोगों को दिग्भ्रमित कर बैठक से जनता को अलग रखना और ठेकेदार अपने मुंसी को बैठा कर लोक सुनवाई कार्य को पूरा करना सग्गिन अपराध और भ्रष्टाचार को जन्म देता है। जनता को पदाधिकारी द्वारा सूचना नही देना और उल्टे उसे दिग्भ्रमित कर सुनवाई कार्य पूरा करने वाले पदाधिकारी को बर्खास्त किया जाना चाहिय और बैठक में शामिल होने वाले लोगो के गाँव और प्रखण्ड की सूचना प्रकाशित करे जनता को बैठक से दिग्भ्रमित करने वाले पदाधिकारी पर कठोर करवाई नही होगा तो इसके खिलाफ किसान सड़क पर इन सारे सवालों को उठाते हुए आंदोलन को तेज करेंगे वही किसान नेता कुणाल सिंह मौरा बालू घाट बन्दोबती की सूचना ग्रामीणों को नही देना लोक सुनवाई की बैठक का सूचना नोटिस बोर्ड पर नही होना पदाधिकारी और ठेकेदार के साथ तालमेल को दरसाता है इसको लेकर जिला पैमाने पर बड़ी आंदोलन किया जाएगा।

## डीएसएम कॉलेज में समस्या समाधान के लिए लगाया हेल्प डेक्स



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] सोमवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई झाझा के कार्यकताओं ने डीएसएम कॉलेज झाझा में समस्या समाधान के लिए हेल्प डेक्स लगाया। जिसकी अगुआई नगर कार्यकारिणी सदस्य सतीश कुमार सिन्हा ने की। मौके पर नगर मंत्री हरिनंदन प्रजापति ने कहा कि वर्तमान समय में कॉलेज कैंपस में सेमेस्टर 2024-28 की पंजीयन की प्रक्रिया तथा 2023-27 की परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है, ऐसे में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता फार्म भरने में कोई त्रुटि न रह जाए इसका बखूबी ख्याल रखते है। नए छात्रों को कैंपस से अवगत कराने के लिए भी कार्यकर्ता उन्हें मदद करते हैं ताकि वह अपना विभाग एवं कॉलेज परिसर को जानबूझ सके। उन्होंने आगे बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने आनन्दमयी कैम्पस हो इसपर जोर दिया है। परिषद् अनवरत चलने वाला विद्यार्थियों का संगठन है।365 दिन कार्यकर्त्ता निस्वार्थ भाव से कार्य करते हैं। मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रूपेश भारती ने कहा कि विद्यार्थी परिषद स्थापना कल से ही छात्र हित व राष्ट्र हित के लिए कार्य करते आ रही है। कॉलेज कैंपस से लेकर देशव्यापी बड़े से बड़े समस्याओं के समाधान के लिए परिषद के कार्यकर्ता आगे आते हैं तथा रचनात्मक व आंदोलन के मध्यम से उसका हल करते हैं। आज विद्यार्थी परिषद् न केवल भारत का बल्कि विश्व का सबसे बड़ा छात्र-संगठन है। मौके पर नगर कार्यकारिणी सदस्य नीतीश केशरी, सुधांशु कुमार , आनन्द कुमार आदि मौजूद रहें।

# खेती किसानी-धान रोपनी में आई तेजी बारिश नही होने से किसानों की बढ़ी चिंता



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई/गिद्धौरः- जिले में कुछ दिनों से कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश के बाद किसानों के खेत धान के लिए लगाए गए बिचड़े तैयार हो गए हैं। हालांकि जिले में इतनी जोरदार बारिश भी नहीं हुई है कि लोगों के खेत में बारिश का पानी जमा हो। जिससे ज्यादातर किसान मोटर पंप के माध्यम से खेत पटवन कर धान की रोपाई के लिए खेत तैयार करने में जुटे हुए हैं। गौरतलब हो की एक सप्ताह बाद सावन महीना शुरू हो जायेगा। रोहिणी नक्षत्र में गिरे बिचड़े की खेती पिछड़ ना इसलिए किसान अब जल्द से जल्द रोपाई करना चाह रहे हैं। हालांकि पानी की कमी के चलते धान की रोपाई नहीं हो पा रही है। वहीं खेत गिला रहने के चलते किसान मक्का,अरहर,मडुआ सहित अन्य फसल भी नहीं लग पा रहे हैं। गौरतलब हो कि जुलाई महीने के शुरूआत में मानसून की दस्तक के साथ ही किसानों के चेहरे खिल गए। जिले भर में कहीं हल्की,तो कहीं तेज बारिश हुई। वहीं,शनिवार की देर संध्या को हुई जोरदार बारिश के बाद किसानों ने धान रोपाई तेज कर दी है। इसके अलावा कुछ ग्रामीण इलाकों में जलभराव होने से लोगों को दिक्कतें हुई, लेकिन कुल मिलाकर यह बारिश किसानों के लिहाज से बेहद फायदेमंद साबित हो रही है। रविवार को दिनभर आसमान में काले बादल छाए रहें। वहीं शाम होते ही हल्की बूंदाबांदी के साथ ही बारिश शुरू हो गई।शाम को करीब 1 घंटे तक हल्की बूंदा बूंदी हुई, लेकिन इसके बाद में बारिश कुछ देर के लिए तेज हो गई। हालांकि इसके बाद भी रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। इससे मौसम सुहाना हो गया। लोगों को गर्मी से राहत मिल गई। वहीं बारिश किसानों के लिए फायदेमंद सिद्ध हो रही है। वही बारिश के चलते से गिद्धौर बजार क्षेत्र के कई इलाकों में जल जमाव की स्थिति बनी रही।बाजार के गिद्धौर मिंटो टॉवर चौक बुढ़ानाथ मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर जल जमाव की स्थिति बनी रही। जिससे सड़क पर पैदल ही चलने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

## कुशल युवा केंद्र बिहार में प्राप्त किया प्रथम स्थान, निदेशक को किया गया सम्मानित

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] विश्व युवा कौशल दिवस 2024 के अवसर पर जमुई जिला के झाझा प्रखंड कार्यालय में स्थित कौशल विकास केंद्र को पटना में आयोजित कार्यक्रम में बिहार में प्रथम स्थान पर चयनित किया गया। जिसको लेकर बिहार सरकार के श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह के द्वारा केंद्र निदेशक सुनील कुमार को प्रशस्त्रि पत्र देकर सम्मानित किया गया। राज्य सरकार के सात निश्चयों में एक आर्थिक हल युवाओं को बल के अंतर्गत बिहार कौशल विकास मिशन अंतर्गत संचालित कुशल युवा केंद्र में झाझा के केंद्र का भी चयन हुआ। पूरे बिहार में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले केंद्र के निदेशक ने बताया कि इस केंद्र का एक मकसद है कि जो भी छात्र -छात्रा केंद्र में शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते है उन्हे पूरी ईमानदारी के साथ शिक्षा दिया जाए ताकि वे अपना उज्जवल भविष्य को बना सके। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर का ज्ञान हर बच्चों को कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा दिया जाता है।

## ई-रिक्शा और ऑटों की भीड़भाड़ से आए दिन स्टेशन के मुख्य द्वार पर लगे रहते हैं जाम

प्रात : किरण, संवाददाता



जमुई [ झाझा ] झाझा रेलवे स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा और ऑटों की भीड़भाड़ से आए दिन जाम लग रहा है। जिससे रेल यात्रीयो और छात्राओं का भी आवागमन रहता है। जाम की वजह से ट्रेन पकड़ने बाले यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है । रेल यात्रियों का कहना है यहां से ऑटो हटवाकर उसे अगर स्टैंड में लगाया जाए तो जाम से निजात मिल जाएगा है। सुबह और शाम के समय स्टेशन के बाहर ई-रिक्शा और ऑटो चालकों की भीड़भाड़ रहती है। इससे आवागमन करने में काफी परेशानी होती है। ऑटो चालक सड़क के बीचोंबीच वाहन को खड़ा कर देते हैं। जिससे यात्री व स्कूली विद्यार्थियों को दिक्कत उठानी पड़ती है। लोगों का आरोप है कि रिक्शा चालक सवारी भरने के लिए उन्हें जबरन अपने वाहन में बैठाते की कोशिश करते हैं। अगर वे इसका विरोध करते हैं तो ई-रिक्शा चालक उनसे अभद्रता करने पर उतारू हो जाते हैं। स्टेशन के प्लेटफार्म पर जैसे ही ट्रेन आती है, उसी दौरान स्टेशन के बाहर जाम की स्थिति बनती है। जाम लगने के कारण यात्रियों को निकलने में परेशानी होती है। इस दौरान यात्री काफी मुश्किल से स्टेशन के बाहर और अंदर जा पाते हैं। किसी भी ट्रेन के आने पर यहां पर दस मिनट तक जाम की स्थिति रहती है। नहीं नजर आते है स्टेशन के बाहर पुलिसकर्मी स्टेशन के बाहर ऑटो की भीड़भाड़ रोकने के लिए पुलिस का कोई कर्मचारी नजर नहीं आता। आरपीएफ कर्मियों की ड्यूटी स्टेशन के बाहर तभी लगाई जाती है। जब कोई रेलवे का अधिकारी निरीक्षण के लिए स्टेशन में आते है। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी लगने से कोई भी ऑटो रिक्शा स्टेशन गेट पर नजर नहीं आता है। लेकिन निरीक्षण कर अधिकारी जैसे ही वापस जाते हैं। ड्यूटी हटा ली जाती है और फिर स्टेशन के बाहर की स्थिति खराब हो जाती है।

# अपशिष्टों को जलाना स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए खतरनाकः प्रो.गौरीशंकर

## कचरा भस्मीकरण पर रोक एवं बायोगैस बनाना आवश्यक

प्रात : किरण, संवाददाता

जमुईः-कचरा भस्मीकरण विरोध दिवस पर के के एम कॉलेज जमुई स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के तत्वाधान में एक परिचर्चा कार्यक्रमकिया गया। मौके पर बोलते हुए स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रो. गौरी शंकर पासवान ने कहा कि कचरा को जलाना स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बहुत ही खतरनाक है। कचरा वैश्वीकरण के इस युग में प्रदूषण फैलाने वाली प्रक्रिया साबित हुई है। क्योंकि कचरा जलाने पर कई हानिकारक रसायन और प्रदूषण निकलते हैं, जो पर्यावरण को प्रदूषित कर मनुष्य को कई प्रकार से हानि पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि कचरा भस्मीकरण विरोध दिवस जागरूकता का दिन है, जो कचरे को जलाने की मनाही करता है और उसके उचित प्रबंधन करने की गुहार लगाता है। आज ही के दिन 15 जुलाई को सेवन इंटरगवर्नमेंटल नेगोशिएटिंग कमेटी (आईएनसी- 7) ने स्टॉकहोम कन्वेंशन के मद्देनजर बैठक की थी और अपनी रिपोर्ट सभी देशों को जारी की थी। उन्होंने ने कहा कि वठएढ के अनुसार कचरा भस्मीकरण से लगभग 70% डाइऑक्सिन गैस निकलती हैं, जो पर्यावरण के लिए खतरनाक हैं। राजनीतिक विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ.अजीत कुमार ने कहा कि कहा कि कचरा जलाने की प्रथा बंद होनी चाहिए. कचरा जलाने से स्वस्थ और पर्यावरण को क्षति पहुंचती है.भारत में 6.20 करोड़ टन कचरे का उत्पादन होता है। 65 लाख प्लास्टिक कचरा ,1.2 लाख जैव चिकित्सा, 79 लाख खतरनाक अपशिष्ट, 15 लाख टन ई कचरा निष्काशित होता है। इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि कचरा को जलाने से उसका रीसाइकलिंग करना अच्छा होता है।अमेरिका में कूड़ा फेंकने पर $ 500 का अर्थदंड है। पार्क और सड़क पर कूड़ा कचरा फेंकने पर $1000 जुमार्ना या 1 साल जेल का प्रावधान है। ब्रिटेन में 25000 डॉलर का अर्थदंड है। अर्थशास्त्र के असिस्टेंट प्रोफेसर श्री सरदार राम ने कहा कि कूड़ा कचरा या अपशिष्ट को जलने के बजाय जमीन के अंदर गड्ढा में गाड़ देना उचित होता है। क्योंकि कुआं कचरा जलाने से खतरनाक रसायन और गैस निकलती हैं, जो मनुष्य के लिए हानिकारक होता है। भारत को भी यत्र तत्र कचरा फैलाने और जलने वालों पर लगाम कृष्णा चाहिए और दंड का प्रावधान कड़ाई से लागू करना चाहिए। कार्यालय सहायक रविश कुमार सिंह एवं सुशील कुमार ने कहा कि अपशिष्टों को जलाना खतरनाक विकल्प है। पंजाब, हरियाणा में कूड़ा कचरा भस्मीकरण का खजियामा दिल्ली को आज भुगतना पड़ रहा है। अब समय आ चुका है कि भारत सहित पूरे विश्व को कचरा का भस्मीकरण बंद कर देना चाहिए। कचरे को गड्ढे बनाकर जमीन में गाड़ देना चाहिए, ताकि यह उपजाऊ खाद बनकर तैयार हो जाए। बायोमास से हम बायोगैस भी बना सकते हैं, जो ऊर्जा का एक साधन है। कचरा भस्मीकरण विरोध दिवस हमें इसका सही प्रबंधन सीखाता है, ताकि हमारा पर्यावरण स्वच्छ और शुद्ध बना रहे। मौके पर कई शिक्षक,कर्मचारी व छात्र उपस्थित थे।

## गुप्त सूचना के आधार पर सोनो दिशा से शराब से भरी एक कार को पुलिस ने किया जब्त



प्रात : किरण, संवाददाता

जमुई [ झाझा ] झाझा पुलिस को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सोहजाना मोड़ के पास से एक कार से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। दरअसल थानाध्यक्ष संजय सिंह को सोनो दिशा से शराब से भरी एक कार झाझा दिशा में भागने की गुप्त सूचना मिली । जिसके बाद एलटीएफ पदाधिकारी संजय कुमार, एसआई नंदन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस जवान एनएच 333 स्थित सोहजाना मोड़ पहुंचा। वही सामने से तेज गति से आ रही कार पुलिस को सोहजाना मोड़ के पास देखकर पुलिस से बचकर अपना वाहन तेज गति से लेकर भागने की कोशिश किया लेकिन वाहन सड़क किनारे एक पेड़ में जा टकराया जिसके बाद चालक रात्रि का फायदा उठाकर शराब से भरे वाहन को छोड़कर भागने में सफल रहा। जिसके बाद शराब से भरे कार को पुलिस ने जब्त किया। थानाध्यक्ष ने बताया कि देर रात्रि में सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की। वही शराब से भरे कार की तलाशी ली जाने पर कार से अलग अलग ब्रांड का कुल 408 बोतल विदेशी शराब बरामद हुआ है जिसकी कीमत एक लाख 20 हजार बताया गया। फिलहाल पुलिस जब्त कार के आधार पर वाहन मालिक का पता करने में जुटी हुई है और जब्त शराब , कार पर कागजी प्रकिया में जुटी हुई है।

## कुलपति बने उच्च शिक्षा क्षेत्र में विचाराधीन विभिन्न विषयों पर परामर्श प्राप्त करने हेतु गठित समिति के सदस्य

प्रात : किरण संवाददाता



प्रो. (डॉ.) विमलेंदु शेखर झा
माननीय कुलपति

मधेपुरा बीएनएमयू, मधेपुरा के कुलपति प्रो. बी. एस. झा को उच्च शिक्षा क्षेत्र में विचाराधीन विभिन्न विषयों पर परामर्श प्राप्त करने हेतु गठित तीन सदस्यीय समिति में स्थान दिया गया है। समिति का गठन गत 12 जून को मंत्री शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में सभी कुलपतियों के साथ आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयानुसार का गठन किया गया है। इसमें पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना, जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा एवं भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा के कुलपति को सदस्य बनाया गया है। समिति के समन्वयक का कार्य उच्च शिक्षा निदेशक द्वारा यथा आवश्यक किया जाएगा। इस अत्यंत महत्वपूर्ण कमिटी में बीएनएमयू के कुलपति प्रो. बी. एस. झा को स्थान देने पर विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। सबों ने इसके लिए बिहार सरकार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के प्रति आभार व्यक्त किया है। विश्वविद्यालय के पूर्व जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि समिति द्वारा शिक्षा विभाग को विभिन्न विषयों पर परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। इसमें मुख्यतः अकादमिक विषय, वित्तीय विषय एवं प्रशासनिक विषय शामिल हैं। इसके अलावा चौथे अन्य विषय जो संदर्भित किये जाएंगे उनपर भी सुझाव दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अकादमिक विषय के अंतर्गत सिलेबस की समीक्षा अनुपयोगी विषयों को हटाने एवं नये प्रासंगिक विषयों को जोड़ने पर सुझाव, विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्रों एवं शिक्षकों की उपस्थिति को प्रोत्साहित करने के उपाय, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का उपयोग एवं उसे बढावा देना, पीएच. डी. स्तर के शोध को बढ़ावा देना एवं जनोपयोगी बनाना तथा विविध वोकेशनल एवं प्रोफेशनल कोर्सेज के संचालन पर परामर्श एवं स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों के संबंध में मार्गदर्शिका शामिल है। उन्होंने बताया कि वित्तीय विषय में विश्वविद्यालयों के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मियों के वेतन से, वैधानिक कटौतियों के संबंध में मंतव्य, विश्वविद्यालयों में वित्तीय अनुशासन की स्थापना तथा विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों में संचालित खातों को संख्या एवं आवश्यकता पर परामर्श है। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक विषय के अंतर्गत फीस की प्रतिपूर्ति के तरीकों पर सुझाव, विषय एवं छात्रों के आधार पर शिक्षकों के पदस्थापन का युक्तियुक्तकरण (रैशनलाइजेशन), अप्रासंगिक पदों को सरेंडर किया जाना तथा नए आवश्यक पदों का सृजन तथा विश्वविद्यालय के सत्रों को नियमित करने के उपाय शामिल हैं।

# एएनएम संघर्ष मोर्चा ने हड़ताल के 9 वें दिन सीएचसी के समक्ष किया धरना प्रदर्शन सभा

प्रात : किरण, संवाददाता




खगड़िया। बिहार संविदा एएनएम संघर्ष मोर्चा के बैनर तले अलौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष अनिश्चितकालीन हड़ताल के 9 वें दिन धरना प्रदर्शन सभा किया गया, जिसका नेतृत्व ऑल इंडिया मिशन ट्रेड यूनियन, ऐम्टू के अध्यक्ष सह संघर्ष मोर्चा के जिला संरक्षक किरण देव यादव एवं संघर्ष मोर्चा के जिला अध्यक्ष रूपम कुमारी ने किया। प्रदर्शन में एएनएम कार्यकताओं ने अपने मांगों के बाबत जमकर नारेबाजी की। सभा को संबोधित करते हुए संघर्ष मोर्चा के संरक्षक किरण देव यादव ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा एएनएम का फेस अटेंडेंस दिन में तीन बार लिया जाता है जो अव्यावहारिक, तानाशाही एवं सौतेलापन व्यवहार तथा तुगलकी फरमान है जिसकी कड़ी आलोचना करते हैं। श्री यादव ने फेस अटेंडेंस प्रक्रिया पर रोक लगाने, 5 माह से लंबित मानदेय भुगतान करने, सरकारी सेवक घोषित करने, समान काम का समान वेतन देने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, विशेष व मातृत्व अवकाश देने, एवं अनुकंपा का लाभ देने, स्थाईकरण करने, आदि मांग सरकार से किया। जिला अध्यक्ष रूपम कुमारी ने कहा कि जब तक मांगे पूरी नहीं होगी हड़ताल आंदोलन जारी रहेगा। जिला सचिव सोनाली कुमारी ने कहा कि हम सभी एएनएम संगठित होकर अपने अधिकार के प्रति जागरूक होकर संघर्ष तेज करेंगे। प्रखंड सम्मेलन आयोजित इधर, सीएचसी सभागार में एएनएम का प्रखंड सम्मेलन मोर्चा के जिलाध्यक्ष रुपम कुमारी के पर्यवेक्षण में किया गया, जिसमें जिला संरक्षक किरण देव यादव, प्रखंड अध्यक्ष सोनाली कुमारी, उपाध्यक्ष कंचन कुमारी, अभिलाषा कुमारी, सचिव स्वाति कुमारी, संयुक्त सचिव प्रिया कुमारी , कोषाध्यक्ष लाडली कुमारी, सह कोषाध्यक्ष आरती कुमारी को सर्वसम्मति से चुना गया। कार्यक्रम में चित्रलेखा, बाबी, सुडलू, नेहा, अलका, सुप्रिया, बंदना, कविता, लक्ष्मी आदि ने भाग लिया।

## सिंहेश्वर स्थान पहुंचे बिहार सरकार के पीएचईडी मंत्री नीरज कुमार बबलू



प्रात : किरण, संवाददाता

मधेपुरा बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज सिंह बबलू सिंहेश्वर स्थान मंदिर पहुँचे। जहां उनके साथ उनकी धर्म पत्नी सह पूर्व एमएलसी नूतन सिंह भी मौजूद रही। मंत्री ने बाबा सिंहेश्वर नाथ का षोडशोपचार विधि से पूजा की। इस दौरान उन्होंने आगामी श्रावण और भादो मास में सिंहेश्वर आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त शौचालय, स्नानागार और शुद्ध पेयजल की विशेष व्यवस्था करवाने की भी बात कही। मंत्री ने कहा कि बिहार में प्रसिद्ध बाबा सिंहेश्वर नाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ उमड़ती है। जिसको देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए दो माह तक महिलाओं और पुरुषों के लिए अलग अलग सुलभ शौचालय की विभिन्न जगहों पर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही महिलाओं और पुरुषों के स्नान के लिए मीनी जल मीनार से झरना लगा कर व्यवस्था की जाएगी। साथ ही यहाँ आने वाले लाखों शिव भक्तों के लिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति के लिए जगह जगह आरओ की व्यवस्था की जाएगी तथा पुरे दो माह तक किसी भी श्रद्धालु को बोतल का पानी नहीं खरीदनी पड़े, ऐसी व्यवस्था होगी।

## आज जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर मधेपुरा में करेंगे प्रवेश

प्रात : किरण संवाददाता

मधेपुरा ज़िले में जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर प्रवेश करेंगे। इस दौरान शहर के वार्ड संख्या 26 स्थित महावीर मंदिर चौक पर स्थानीय जनता से मुलाकात व जनसंवाद करेंगे। जन सुराज पदयात्रा महावीर चौक से प्रारंभ होकर कपूरी चौक, पानी टंकी चौक, आजाद टोला चौक होते हुए वार्ड संख्या 09 स्थित मधेपुरा कॉलेज के पास पहुंचेंगे जहां ये रात्रि विश्राम करेंगे। इसके बाद प्रशांत किशोर जिले के मुरलीगंज और अन्य प्रखंडों में भी पदयात्रा करेंगे। बताया जा रहा है कि जिले में प्रशांत किशोर करीब 15 दिनों तक रहेंगे। इस दौरान लोगों से संवाद और जगह-जगह पदयात्रा करेंगे। प्रशांत किशोर पदयात्रा के जरिए लोगों को वोट की ताकत का एहसास दिलाएँगे। ताकि लोग शिक्षा और रोजगार के नाम पर वोट दें। प्रशांत किशोर बीते 21 महीनों से बिहार में पदयात्रा कर रहे हैं। 2 अक्टूबर 2022 को प्रशांत किशोर ने पश्चिमी चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से जन सुराज पदयात्रा की शुरूआत की थी। पश्चिम चंपारण से शुरू हुई पदयात्रा शिवहर, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढ़ी, मधुबनी, दरभंगा, बेगूसराय, खगड़िया, सहरसा से होते हुए मधेपुरा पहुंचेगी। आने वाले दिनों में प्रशांत किशोर जिले के सभी प्रखंडों में पदयात्रा के माध्यम से जाएंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### पर्यावरण संरक्षण को लेकर किया गया पौधा रोपण

बनियापुर। प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय मे पर्यावरण संरक्षण को लेकर शिक्षकों छात्रों द्वारा विद्यालय परिसर मे पौधा रोपण किया गया,जहा विद्यालय मे हरियाली और ग्रीन विद्यालय ग्रीन बनियापुर के उद्देश्य से पौधा रोपण किया गया,शिक्षकों ने बताया कि पेड़ है सांसे पेड़ है जीवन पेड़ो की रखवाली हो,जंगल जंगल नाच उठे और जगह जगह हरियाली हो,ज्यदा से ज्यादा पेड़ लगाए,आने वाले समय मे प्राकृतिक आपदा की बढ़ने की आशंका है।मौके पर विद्यालय के प्रभारी गुड्डू कुमारी आशुतोष कुमार शकील अहमद जमीरुद्दिन अंसारी सुधा कुमारी मनीष कुमार अविनाश कुमार प्रीति कुमारी छात्र सोनू कुमार विशाल कुमार रजनी कुमारी अंशु कुमारी किटू कुमारी साहित अन्य शामिल थे।

### विशेष अभियान में 50 अभियुक्त गिरफ्तार

छपरा कार्यालय। सारण पुलिस द्वारा लंबित वारंट/कुर्की के निष्पादन हेतु चलाए गये विशेष अभियान में जिलान्तर्गत वारंट-221, कुर्की-19, सम्मन-123, इस्तेहार-34 का निष्पादन कर 24 वारंटी सहित कुल 50 अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया पुलिस अधीक्षक, सारण द्वारा दिए गए निर्देश के आलोक में लंबित वारंट/कुर्की के निष्पादन, असमाजिक तत्वों/अपराधकर्मियों की गिरफतारी एवं शराब के सेवन/बिक्री/भंडारण/निर्माण/परिवहन आदि पर पूर्णरूप से पाबंदी लगाने तथा देशी शराब भट्ठी ध्वस्त करने हेतु कार्रवाई को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को विशेष समकालीन अभियान चलाया गया। इस अभियान में कुल 50 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें वारंट में-24, हत्या के प्रयास में-04, जुआ अधि0 में-04, मद्यनिषेध में-13, खनन में-03, आर्म्स अधि0 में-01, अन्य कांड के 01 अभियुक्त शामिल है। इस अभियान में लंबित वारंट-221, कुर्की-19, सम्मन-123, इस्तेहार-34 का निष्पादन किया गया।

### नारायणी गंडक नदी में शवों के बहकर आने का सिलसिला जारी

बगहा। नारायणी गंडक नदी में बाढ़ के पानी मे शवों के बहकर आने का सिलसिला जारी है। सोमवार को भी गंडक नदी के बीच धार में शव को बहते हुए देखा गया। बतादें की रविवार को भी दो शवों को गंडक नदी में बहकर आए पूर्वी नहर से बाहर निकालकर नेपाल पुलिस कब्जे ले नेपाल स्थित नवलपरासी अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले गई थी। बतातें चलें कि गत दिनों नेपाल स्थित मुंगलिंग के समीप त्रिशूली नदी में यात्री बस गिर गई थी जिसमे कई यात्री लापता बताए जा रहे हैं जिसकी खोज नेपाल पुलिस प्रशासन के द्वारा की जा रही है। नेपाल पुलिस की माने तो शवों के पोस्टमार्टम और उसकी शिनाख्त के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। फिलवक्त शवों को खोजकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### विद्युत स्पशार्घात से बुजुर्ग की मौत

पानापुर(सारण) प्रखंड मुख्यालय पानापुर तुर्की बाजार में रविवार की रात बिजली का करंट लग जाने से एक बुजुर्ग की मौत हो गयी .मृतक तुर्की गांव निवासी 64 वर्षीय विक्रमा भगत बताये जाते है .मिली जानकारी के अनुसार रविवार की रात वे खाना खाकर सोने गये जहां पंखे से निकले तार की चपेट में आ गए .करंट लगता देख उनकी पत्नी उन्हें बचाने गयी लेकिन वह भी करंट की चपेट में आकर घायल हो गयी .परिजन दोनो को इलाज के लिए सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने विक्रमा भगत को मृत घोषित कर दिया . मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीखपुकार मच गयी .हालांकि घरवालों ने शव का पोस्टमार्टम नही कराने का फैसला किया और वे शव लेकर वापस घर चले गए

### बाईक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल

परसा।थाना क्षेत्र के हरपुर परसा सपीप एक वृद्ध व्यक्ति को अनियंत्रित बाइक चालक ने जोरदार ठोकर मार दिया.वृद्ध व्यक्ति बुरी तरह से घायल हो गया. जिसको 112 डायल के पर पदाधिकारी एसआई विनोद कुमार शर्मा ने पुलिस बल के साथ पहुच घायल व्यक्ति का प्राथमिक उपचार हेतु प्रसाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया किया गया वहीं चिकित्साको ने गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया. उक्त घायल वृद्ध व्यक्ति दिघवारा थाना क्षेत्र के मानुपुर कटहरी गांव निवासी स्व देवासी सिंह का 75 वर्षीय पुत्र परमेश्वर सिंह बताया जाता है. वहीं पुलिस ने बाइक को जप्त करते हुए चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है बाइक चालक युवक परसा थाना क्षेत्र के सुगनी श्रीरामपुर गांव निवासी रामचंद्र राम का पुत्र पप्पू राम बताया जाता है.

# जिला में यातायात व्यवस्था सुगम बानाये रखने को लेकर सारण सांसद की अध्यक्षता में हुई बैठक सम्पन्न

## ट्रकों के परिवहन को लेकर जिला में लागू की गई व्यवस्था को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने का निदेश

प्रात: किरण, संवाददाता



छपरा कार्यालय। ट्रकों के अनियंत्रित परिचालन के कारण सारण जिला में जाम की समस्या उत्पन्न होते रहती है। यातायात व्यवस्था को सुगम बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में बैठक कर स्टेट हाइवे एवं आंतरिक सड़कों से आवश्यक सेवाओं को छोड़कर अन्य ट्रकों के परिचालन को प्रतिबंधित किया गया है।ट्रकों का परिचालन एनएच के माध्यम से ही किया जा रहा है। इस यातायात व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सोमवार को सारण के भाजप्स सांसद राजीव प्रताप रूडी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आहुत की गई। शहर एवं जिला में सुगम यातायात सुनिश्चित करने हेतु तात्कालिक एवं दीर्घकालीन संभावित उपायों के बारे में जानकारी दी गई। छपरा शहर में ई-रिक्शा की अधिक संख्या के कारण जाम की समस्या हो रही है। इस संबंध में शहर में अलग अलग रुट का निर्धारण कर प्रत्येक रुट पर ई रिक्शा की संख्या निर्धारित करने के उपाय की जानकारी दी गई। इसके लिये एक समिति बनाकर उनकी अनुशंसा के आलोक में कार्रवाई की जायेगी। छपरा में प्रतावित बस स्टैंड के बारे में भी बताया गया। सांढा ढाला के पास वर्त्तमान बस स्टैंड को टेम्पू स्टैंड के रूप में विकसित किया जा सकता है। अवैध पार्किंग को हटाने के लिये टोईंग वाहन की मदद ली जायेगी। शहर में ब्रह्मपुर ढाला, जगदम ढाला एवं सदर ब्लॉक ढाला के पास रेलवे ओवरब्रिज बानाये जाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। जिला में ट्रकों के परिचालन को रेगुलेट करने के लिये पूर्व में लिये गये निर्णयों का दृढ़ता से अनुपालन सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। इसके लिए सभी निर्धारित पॉइंट पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित कर प्रभावी ढंग से रेगुलेट करने को कहा गया। दरियापुर-परसा मार्ग, दिघवारा-भेल्दी मार्ग, सोन्हों-अमनौर मार्ग, सोन्हों-परसा मार्ग में व्यावसायिक ट्रकों का परिचालन नहीं किया जायेगा। इसमें आवश्यक सेवाओं से संबंधित ट्रकों के परिचालन में छूट रहेगी। जिला के विभिन्न ट्रक मालिकों के वाहन को उनके स्थानीय निवास स्थान तक जाने तथा जिला के विभिन्न बाजारों के लिये सामान ले जाने वाले वाहनों के परिचालन हेतु संबंधित ट्रक मालिक/व्यवसायी संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी से बात कर ट्रकों के बारे में पूर्व से सूचना देंगे। इस आधार पर उन्हें प्रतिबंधित मार्ग में जाने की अनुमति दी जा सकेगी। बैठक में सांसद राजीव प्रताप रूडी ने कहा कि किसी भी नई सड़क परियोजना की स्वीकृति मिलने से लेकर निर्माण कार्य पूरा होने में समय लगता है। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद इसके रख रखाव की जिम्मेदारी सभी संबंधित क्षेत्रीय पदाधिकारियों की बनती है। सभी संबंधित पदाधिकारियों को पूरी संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन सुनिश्चित करना चाहिये तभी सभी व्यवस्था प्रभावी होगी। बताया गया कि छपरा एवं अन्य नगर निकायों में भी सुगम यातायात को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निर्णय लिया गया कि वर्त्तमान जारी व्यवस्था को सख्ती से लागू कर एक महीने में इसकी पुनः समीक्षा की जायेगी। बैठक में अमनौर विधायक कृष्ण कुमार सिंह, जिलाधिकारी अमन समीर, पुलिस अधीक्षक श्री कुमार आशीष, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, परियोजना प्रबंधक एन एच ए आई,विभिन्न थाना प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# होमियोपैथिक चिकित्सक डॉ संजय एवं डॉ घनश्याम होंगे बिहार होमियो आइकॉन अवार्ड 2024 से सम्मानित







प्रात: किरण, संवाददाता

बेतिया(मोहन सिंह)।नगर के जाने माने होमियोपैथिक चिकित्सक एवं ओएचएम के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय कुमार एवं जिलाध्यक्ष डॉ घनश्याम को होमियोपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ अरविंद रिसर्च लैबोरेट्री द्वारा बिहार होमियो आइकॉन अवार्ड 2024 से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान डॉ अरविंद रिसर्च लैबोरेट्री के स्थापना दिवस पर आगामी 1 अगस्त 2024 को हाजीपुर में आयोजित स्टेट होमियोपैथिक कॉन्फ्रेंस में दिया जाएगा।ज्ञात हो कि इसके पूर्व में भी इन दोनों चिकित्सकों को पूर्व में बिहार होमियो रत्न,अंतरराष्ट्रीय होमियो रत्न,चिकित्सा रत्न सम्मान, होम्यो गौरव सम्मान आदि अवार्डों से सम्मानित किया जा चुका है।वही चिकित्सकों ने बताया कि होमियोपैथी में सभी तरह के रोगों का इलाज संभव है इसकी दवा का स्वास्थ्य पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नही पड़ता है।

# मोहर्रम पर्व को लेकर माँझी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात: किरण, संवाददाता



माँझी। मोहर्रम पर्व को लेकर माँझी थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी,सामाजिक कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि आदि शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष अमित कुमार एवं सी ओ अभिषेक सौरभ ने संयुक्त रूप से मुहर्रम पर्व को आपसी प्रेम,भाईचारा एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। पदाधिकारी द्वय द्वारा बैठक में आए लोगों से अखाड़े की भौगोलिक स्थिति, समस्या एवं निदान पर विचार विमर्श किया गया। थानाध्यक्ष ने कहा कि शांति व्यवस्था भंग करने की कोशिश करने वालों,शरारती व असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि उन्माद से जुड़ी जानकारी होने पर तत्काल उसकी सूचना पुलिस को उपलब्ध कराएं। वहीं सीओ ने कहा कि सोशल मीडिया व्हाट्सएप तथा फेसबुक आदि पर भड़काऊ पोस्ट भेजने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर माँझी नगर पंचायत के उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि कृष्णा सिंह पहलवान,जदयू नेता अख्तर अली,उमाशंकर ओझा,अनु खान,हसनुद्दीन खान,मुखिया मुन्ना साह,छोटन साह,शिव प्रसाद साह,धनेश साह,बिगन सिंह,पिंटू यादव,खुर्शीद नैयर,एकराम खान तथा सरल माँझी आदि कई अन्य लोग भी मौजूद थे।

# लायंस क्लब ऑफ छपरा टाउन का 7 वां पदस्थापना समारोह का हुआ आयोजन




प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। अंतराष्ट्रीय स्वयंसेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल की स्थानीय इकाई लायंस/लियो क्लब ऑफ छपरा टाउन ने अपना सातवा पदस्थापना किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मे लायंस इंटरनेशनल 322ए के जिलापाल लायन गणवंत मल्लिक, इंस्टॉलेशन चेयरपर्सन लायन संगीता नंदा, इंडक्टिंग ऑफिसर लायन डॉ एस के पाण्डेय,लायन प्रकाश नंदा गेस्ट ऑफ ऑनर और संस्थापक अध्यक्ष कुंवर जयसवाल के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस अध्यक्ष लायन विकास गुप्ता ने किया। वही मंच संचालन लायंस इंटरनेशनल के कोषाध्यक्ष लायन मनोज वर्मा संकल्प, लियो लक्ष्मी सिंह ने किया। लायंस अध्यक्ष विकास गुप्ता ने कहा कि लायंस क्लब इंटरनेशनल के उद्देश्य को पूरी तरह धरातल पर उतार रहा है। चाहे पौधरोपण का काम हो या लोगों के लिए हेल्थ चेकअप कैंप लगाने की बात हो या मानव सेवा का कोई भी काम हो, हमारा क्लब हमेशा आगे रहा है। आगामी वर्ष में क्लब एक नई प्रोजेक्ट पर काम करेगा जिसका नाम मिशन गाइड लाइन रखा गया है जिसका उद्देश 21 बच्चियों को निशुल्क शिक्षा दिया जाएगा। वही लियो अध्यक्ष मनीष कुमार ने कहा की पौधारोपण, हेल्थ चेकअप कैंप, रक्तदान शिविर, नन्ही परी कार्यक्रम, ध्वनि प्रदूषण एवं कपड़ा बैंक के कार्यों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। लायंस क्लब के जिलापाल गणवंत मल्लिक ने लायंस सदस्यो को संबोधित करते हुए नन्ही परी संगिनी उपहार कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा की लायंस क्लब का मुख्य उद्देश्य दुनिया के लोगों के बीच समझ की भावना पैदा करना और बढ़ावा देना, अच्छी सरकार और अच्छी नागरिकता के सिद्धांतों को बढ़ावा देना और समुदाय के नागरिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और नैतिक कल्याण में सक्रिय रुचि लेना है। वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक लायन डॉ. एस के पाण्डेय ने क्लब के सदस्यो को संबोधित करते हुए कहा की मैने इस क्लब को 2018 में बनाया था, आज पूरे डिस्टिक 322ई में लायंस क्लब छपरा टाउन अपने सामाजिक कार्यों के लिए जानी जाती है इस क्लब की यूथ विंग लियो क्लब के कार्य जैसे पीस पोस्टर, ब्लड डोनेशन, वृक्षारोपण, जागरूकता, मेडिकल चेकअप कैंप या अपने छपरा शहर को कैसे सुंदर स्वक्ष रखा जाए भरपूर प्रयास करते है और सेवा करते है। इस दौरान लायंस क्लब के एकलव्य पत्रिका का लोकार्पण किया गया। सभा में लायन और लियो सदस्य के अलावा शहर के सैकड़ो का गणमान्य नागरिक और जिला के सभी सामाजिक संस्था के प्रतिनिधि ने भाग लिया. जानकारी क्लब के संयुक्त पीआरओ लायन अली अहमद ने दिया।

# श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन 20 से

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन द्वारा श्रावणी मेला के अवसर पर मेला यात्रियों की सुविधा हेतु 05028 गोरखपुर-देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2024 तक तथा 05027 देवघर-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी का संचलन 21 जुलाई से 21 अगस्त, 2024 तक 32 फेरों के लिये किया जायेगा।

05028 गोरखपुर-देवघर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2024 तक प्रतिदिन गोरखपुर से 20.00 बजे प्रस्थान कर चौरी-चौरा से 20.27 बजे, देवरिया सदर से 21.13 बजे, भटनी से 21.40 बजे, मैरवा से 22.10 बजे, सीवान से 22.40 बजे, एकमा से 23.22 बजे, दूसरे दिन छपरा से 00.15 बजे, दिघवारा से 00.47 बजे, सोनपुर से 01.10 बजे, हाजीपुर से 01.25 बजे, देसरी से 01.55 बजे, शाहपुर पटोरी से 02.17 बजे, बछवारा से 02.40 बजे, बरौनी से 03.20 बजे, बेगूसराय से 03.42 बजे, साहिबपुर कमाल से 04.22 बजे, मुंगेर से 05.20 बजे, सुल्तानगंज से 07.20 बजे, भागलपुर से 09.33 बजे, बरहट जं0 से 10.50 बजे तथा बांका से 12.08 बजे छूटकर देवघर 13.10 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05027 देवघर-गोरखपुर श्रावणी मेला विशेष गाड़ी 21 जुलाई से 21 अगस्त, 2024 तक प्रतिदिन देवघर से 14.00 बजे प्रस्थान कर बांका से 14.57 बजे, बरहट से 15.18 बजे, भागलपुर से 16.05 बजे, सुल्तानगंज से 16.30 बजे, मुंगेर से 17.20 बजे, साहिबपुर कमाल से 17.52 बजे, बेगूसराय से 18.20 बजे, बरौनी से 19.25 बजे, बछवारा से 19.37 बजे, शाहपुर पटोरी से 20.17 बजे, देसरी से 20.40 बजे, हाजीपुर से 21.20 बजे, सोनपुर से 21.32 बजे, दिघवारा से 22.02 बजे, छपरा से 23.10 बजे, एकमा से 23.34 बजे, दूसरे दिन सीवान से 00.10 बजे, मैरवा से 00.30 बजे, भटनी से 01.10 बजे, देवरिया सदर से 01.35 बजे तथा चौरी-चौरा से 02.20 बजे छूटकर गोरखपुर 03.00 बजे पहुंचेगी।

इस गाड़ी में शयनयान श्रेणी के 08, साधारण द्वितीय श्रेणी के 08 तथा एस.एल.आर. के 02 कोचों सहित कुल 18 कोच लगाये जायेंगे। इस आशय की जानकारी वाराणसी रेल मंडल के जनसम्पर्क अधिकारी अशोक कुमार ने दी।

# वाहन जांच के क्रम में बीयर लदी बाइक छोड़कर भागा तस्कर

प्रात: किरण, संवाददाता

माँझी। माँझी के जयप्रभा सेतु पर स्थित उत्पाद चेकपोस्ट पर सोमवार कोवाहन जांच के क्रम में बीयर लदी बाइक छोड़कर तस्कर भाग निकला। उत्पाद वाहन जांच के क्रम में बीयर लदी बाइक छोड़कर तस्कर भाग निकला। उत्पाद पुलिस ने तस्कर को खदेड़कर पकड़ने का भरपूर प्रयास किया पर वह पकड़ में नही आ सका। पुलिस ने बाइक समेत उस पर लदा एक पेटी वीयर बारमद कर लिया। पुलिस बाइक नम्बर की जाँच कर तस्कर को गिरफ्तार करने में जुट गई है। चेकपोस्ट प्रभारी अनिल कुमार ने पूछे जाने पर बताया कि इसके अलावा रविवार की रात को चेकपोस्ट से छह पियक्कड़ों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अभियान में अन्य पुलिस बल के साथ चेकपोस्ट प्रभारी अनिल कुमार तथा कैलाश कुमार भी शामिल थे।

# धनहा पुलिस ने दो युवकों को हथियार के साथ किया गिरफ्तार



प्रात: किरण, संवाददाता

बगहा। धनहा थाना की पुलिस ने हथियार के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दरअसल अपराध मुक्त बिहार अभियान के अंतर्गत धनहा के गौतम बुद्ध सेतु पर सघन जांच के दौरान पुलिस ने दो लोगों को देशी कट्टा और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार व्यक्तियों में एक उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले का निवासी है और दूसरा बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के चनपटिया का निवासी है। पुलिस ने उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला के रामकोला निवासी आफताब मिया और पश्चिम चंपारण के चनपटिया निवासी बिसमिल्ला मिया को संदिग्ध अवस्था में पाया है लिहाजा तलाशी लेने पर उनके पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस बरामद हुआ है। इधर धनहा पुलिस ने मौके से ही दोनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी बाइक भी जब्त कर ली। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ कुमार देवेंद्र नें बताया है की दोनों की अपराधिक इतिहास है या नहीं इसको पुलिस खंगाल रहीं है और दोनों से पूछताछ के बाद उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# इंटर 2024 में प्रथम श्रेणी से पास अल्पसंख्यक छात्राएं सीडेड खाते व डॉक्यूमेंट जमा करें : डीएमडब्ल्यूओ

## अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराया

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा । मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक प्रोत्साहन योजना के तहत इंटर 2024 में प्रथम श्रेणी से पास केवल छात्राओं की राशि सरकार द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है ' उपरोक्त मापदंड रखने वाले अल्पसंख्यक समुदाय की छात्राएं अल्पसंख्यक कार्यालय में इंटर पास अपना प्रमाण पत्र व अन्य कागजात जमा करें ' बता दें कि इंटर प्रथम श्रेणी से पास करने वाले छात्राओं को सीएम प्रोत्साहन योजना के तहत प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराया जाता है ' ताकि अल्पसंख्यक समुदाय की बच्चियां आगे की तालीम जारी रख सके ' जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 2024 में सारण जिला में कुल 1005 अल्पसंख्यक छात्राएं प्रथम श्रेणी से पास की है ' जिन्हें सरकार द्वारा 15000 प्रति छात्राएं प्रोत्साहन राशि के रूप में उपलब्ध कराया जाएगा ' जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी रवि प्रकाश ने जिला के अल्पसंख्यक प्रथम श्रेणी से पास छात्राओं को इंटर मार्कशीट, एडमिट कार्ड, आवासीय प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक द्वारा सीडेड बैंक खाता, मोबाइल नंबर एवं मेल आईडी सहित जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय में स्वयं आकर अविलंब जमा करने को कहा है ' डीएमडब्ल्यूओ ने जिला के शिक्षण संस्थानों से भी इंटर प्रथम श्रेणी से पास छात्राओं की सूची और आवश्यक डॉक्यूमेंट के साथ कार्यालय में जमा करने का अनुरोध किया है ' ताकि सरकार द्वारा उपलब्ध कराया गया प्रोत्साहन राशि सीएफएमएस के माध्यम से छात्राओं के खाते में राशि को उपलब्ध कराया जा सके ' उन्होंने पात्र छात्राओं और शिक्षण संस्थानों से यह भी कहा कि पत्र छात्राएं बैंक से अपने खाता को हर हाल में सीडेड कराने के बाद ही कार्यालय में जमा करें, अन्यथा बिना सीडेड कराए गए खाता को जमा करने पर राशि नहीं जा पाएगा।

# लोजपा (रा) के जिला अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को किया सम्मानित

प्रात: किरण, संवाददाता




छपरा कार्यालय।स्थानीय दहियावां टोला स्थित लोजपा (रा) के कार्यालय में कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ' जिस की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह एवं संचालन संसदीय बोर्ड के जिला अध्यक्ष पूर्णेन्दु सिंह ने किया लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान एवं प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी के निदेर्शानुसार जिला के वैसे साथी जिनका 2024 लोकसभा चुनाव मे राजग प्रत्याशियों को जिताने मे अहम भूमिका रहा है उन्हें सम्मान प्रशशित - पत्र देकर जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह ने सम्मानित किया ' जिला अध्यक्ष ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सोच है की पार्टी मे कार्यकर्ता जो पार्टी की निंव होता है जो बुरे से बुरे समय मे भी पार्टी के हर निर्णय को अपना मिशन बनाया और पार्टी के साथ मजबूती से खडे रहे उनको सम्मानित करने का काम राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने किया , जितने वाले सांसद और विधायक को तो हर पार्टी सम्मानित करती है परन्तु उनकों जीत दिलाने वाले हैं वैसे कार्यकर्ता जो अपना खून पसीना एक करते हैं और दिन को दिन रात को रात नहीं समझते वैसे कार्यकताओं को कोई नहीं पूछता है हमारी पार्टी और हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष पहले व्यक्ति हैं जो उन कार्यकताओं को सम्मानित करने का काम किए इसके लिए पूरे जिले से राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष को साधुवाद है ' जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह वहां मौजूद सभी कार्यकताओं को अगले विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को और मजबूत करने एवं आगामी 28 नवंबर को गांधी मैदान में होने वाले रैली के तैयारी के लिए अभी से लग जाने के लिए कहा और जिला से पाँच हजार पार्टी समर्थकों को ले जाने का लक्ष्य दिया और अभी से उसकी तैयारी में सबको लग जाने के लिए बोले ' जिला अध्यक्ष ने कार्यकताओं को एक बार फिर बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट का नारा देते हुए शपथ दिलाया ' हमारे पार्टी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मे अपनी आस्था व्यक्त करते हुए एकमा निवासी अमित बोध एवं नगरा निवासी त्रिलोकी कुमार मिश्रा पार्टी ज्वाइन किए, अमित बौध को जिला महासचिव और त्रिलोकी कुमार मिश्रा को नगरा प्रखंड अध्यक्ष बनाया गया ।

# जिला के सभी बाजार होंगे अतिक्रमण मुक्त सांसद रुडी के साथ जिला के अधिकारियों की बैठक

प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय।। बरसात के मद्देनजर उत्पन्न होने वाली जन समस्याओं और सारण में पथ परिवहन को लेकर स्थानीय सांसद सह पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव प्रताप रुडी ने जिला के अधिकारियों के साथ आज दो समीक्षा बैठक की। पहली बैठक में शहर के बाहरी इलाकों से गुजरने वाले भारी वाहन के कारण सड़क जाम की समस्या से शहर वासियों की परेशानी न हो इस संबंध में भी उन्होंने पथ परिवहन से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक की और उचित आदेश दिया। बैठक में जिला के सभी बाजारों को अतिक्रमण मुक्त करने, सुचारु यातायात संचालन, शहर की जल निकासी के साथ ही बुडको द्वारा कार्यान्वित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में विधि व्यवस्था से संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों, जिला के सभी थाना के थाना प्रभारी, पुलिस उपाधीक्षक, सभी अनुमंडलाधिकारी मौजूद थे।

बैठक में उप विकास आयुक्त सारण, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर, सदर छपरा एवं मढ़ौर, जिला परिवहन पदाधिकारी सारण, खनिज विकास पदाधिकारी सारण, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल और भवन प्रमंडल छपरा और सोनपुर, पुलिस उपाधीक्षक यातायात सारण, अंचल अधिकारी सदर छपरा, गरखा, मकेर, इसुआपुर और दरियापुर, थानाध्यक्ष छपरा मु०, डोरीगंज, गरखा, मकेर, रिविलगंज, जलालपुर, मशरक, अमनौर, इसुआपुर, दरियापुर, अवतारनगर, सदर छपरा, गरखा, मकेर, अमनौर, इसुआपुर और दरियापुर तथा एनएचएआई के परियाजना निदेशक लोग शामिल थे। दूसरी बैठक में उप विकास आयुक्त सारण, नगर आयुक्त नगर निगम छपरा, अनुमंडल पदाधिकारी सोनपुर, सदर छपरा और मढ़ौरा, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सोनपुर, मढ़ौरा, परसा, रिविलगंज और दिघवारा, कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल छपरा एवं सोनपुर, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग सोनपुर, मढ़ौरा एवं छपरा, कार्यपालक अभियंता हाउसिंग बोर्ड छपरा, अंचल अधिकारी, सदर छपरा, गरखा, मकेर, रिविलगंज, अमनौर, दरियापुर, परसा, मढ़ौरा, नगरा, दिघवारा और सोनपुर उपस्थिति रहे। बैठक में पूर्व की बैठक के बिंदुओं पर और उनके कार्यान्वयन से संबंधित तथ्यों पर विचार किया गया। साथ ही जहाँ ढिलाई या कमजोरी देखी गई उससे संबंधित पदाधिकारियों को सांसद ने तेज गति से कार्य पूर्ण करने का निर्देश भी दिया। विदित हो की सारण के शहरी क्षेत्रों में बरसात के दौरान कई जगहों पर जल जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती हैं इस स्थिति से निपटने के लिए तथा जहाँ भी जल जमाव हो उसकी तुरंत निकासी के लिए पिछले 10 जुलाई को सांसद की अध्यक्षता में बैठक हुई थी, जिसमें जिला के संबंधित पदाधिकारी उपस्थिति हुए थे। बैठक में हुए निर्णयों का अनुपालन की आज समीक्षा बैठक हुई।

# विधि व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक



प्रात: किरण, संवाददाता

छपरा कार्यालय। मुहर्रम के अवसर पर सामान्य विधि व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी अमन समीर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक की गई। सभी सदस्यों से एक एक कर विगत वर्ष के अनुभवों के आधार पर महत्वपूर्ण जानकारी ली गई तथा सुझाव भी प्राप्त किये गये। विभिन्न सदस्यों ने अपने विगत अनुभवों के आधार पर विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से संवेदनशील स्थलों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। संकरी गलियों में बाइक पेट्रोलिंग की व्यवस्था का अनुरोध किया गया। जूलूस के लिए लाइसेन्स में निर्धारित शर्तों का अनिवार्य रूप से अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा गया। डीजे का उपयोग प्रतिबंधित है। इसका अनुपालन एवं हथियारों के प्रदर्शन पर नजर रखने का अनुरोध सभी सदस्यों से किया गया। सभी आयोजनों के लिये गृह विभाग के प्रावधान के अनुरूप 20-25 आयोजक वालंटियर्स की सूची एवं पहचान पत्र देना अनिवार्य है। सभी थाना को सूची में शामिल वालंटियर्स का भौतिक रूप से सत्यापन सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी सदस्यों से अपने आस पास नजर रखने का अनुरोध किया गया। किसी भी तरह की छोटी से छोटी बात को भी तुरंत प्रशासन की संज्ञान में लाने का अनुरोध किया गया। बताया गया कि जिला में अतिरिक्त पुलिस बल उपलब्ध कराया गया है। सभी आवश्यक एवं संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारियों के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जायेगी। किसी भी तरह के आपत्तिजनक वीडियो/संवाद को सोशल मीडिया पर शेयर करने वालों के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई की जायेगी। सभी सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखी जा रही है। समिति के सदस्यों से भी सोशल मीडिया पर नजर बनाये रखने का अनुरोध किया गया। आस पास के लोगों की गतिविधियों पर नजर रखने को कहा गया।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

# विशेष अभियान के हिस्सा बनी बेटियां पिपरा गंगा ग्राम में 500 से अधिक पौधा रोपण बेटियों के द्वारा कराया गया

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। जिला गंगा समिति भोजपुर के द्वारा गंगा ग्राम में चलाए जा रहे विशेष अभियान एक पौधा मां के नाम के तहत आरा प्रखंड के सुंदरपुर बरजा पंचायत के पिपरा गंगा ग्राम के जय मां महामाया कोचिंग संस्थान के प्रांगण में आयोजीत किया गया। इसका कार्यक्रम में आज 800 से अधिक छायादार और फलदार पौधे छात्र छात्रों के बीच में वितरित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता जय मां महामाया कोचिंग संस्थान के शिक्षक दीपू कुमार सिंह के द्वारा किया गया।कार्यक्रम के अतिथि के रूप में अमित कुमार सिंह जिला परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति भोजपुर,भीम कुमार आई टी सी जिला समन्वयक आरा बक्सर उपस्थित रहे। जिला परियोजना अधिकारी अमित कुमार सिंह



ने कहा कि इस कार्यक्रम को छात्रों के बीच इस लिए आयोजित किया गया की इस अभियान का नाम ही है एक पौधा मां के नाम ,बच्चों और मां का संबंध इस धरती पर पौधे की तरह अनमोल है।और आज के कार्यक्रम में बच्चियों की संख्या 70 प्रतिशत से अधिक होना ये अपने आप में एक उपलब्धि हां है ओहि भीम कुमार ने कहा कि पौधे हमारे धरती के लिए वरदान है,इनको बचाने की जिम्मेवारी हम सबकी है विशेष कर युवा वर्ग की जो आज इस कार्यक्रम का हिस्सा है,में पुण विश्वाश के साथ कह सकता हु कि ये सारे पौधे सुरक्षित साथो ने दिए गए है।

दीपू सिंह ने कहा कि में आभार व्यक्त करता हु जिला गंगा समिति, भोजपुर और जिला प्रशाशन का जिनके सहयोग से मेरे परिसर में एक पेड़ मां के नाम जैसे विशेष अभियान का आयोजन करवाया गया।इस कार्यक्रम के मौके पर शिक्षक विशाल तिवारी , एम एस सर,संजीत कुमार ,उपस्थित रहे।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में युराज कुमार ,सोनू कुमार ,सूरज ,बबलू सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एनडीए कार्यकर्ता और नेता पदाधिकारियों ने किया राजीव प्रताप रूडी एवं जनार्दन सिंह सिग्रीवाल दोनों सांसदों का भव्य स्वागत

## मेरी जीत कार्यकर्ताओं की जीत है आज उन्हीं के बदौलत केंद्र में पुन: एनडीए की सरकार : राजीव प्रताप रूडी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा कार्यालय। भारतीय जनता पार्टी के जिला के मुख्य कार्यालय वास्तु विहार फोरलेन पर स्थित कार्यालय के सभागार में भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में एनडीए कार्यकताओं द्वारा भाजपा के नवनिर्वाचित सांसद राजीव प्रताप रूड़ी एवं जनार्दन सिंह सिग्रीवाल का भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। अपने स्वागत एवं अभिनंदन से अभिभूत होकर सारण के सांसद राजीव प्रताप रूढ़ी ने कहा कि आज में जो कुछ भी हूं भाजपा के कार्यकताओं के बदौलत ही हूं। आज उन्हीं के परिश्रम के बल पर केंद्र में पुनः एक बार फिर एनडीए की सरकार बन पाई है।

महाराजगंज के भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि महाराजगंज से मेरी जीत एनडीए कार्यकताओं को समर्पित महाराजगंज



के एक गांव एवं क्षेत्र के विकास के लिए में संकल्पित हूं। आज आप ही सबके बदौलत केंद्र में पुनः नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं।

आज के इस अभिनंदन समारोह में विधायक एवं मुख्य सचेतक जनक सिंह, डॉ सीएन गुप्ता, विधायक कृष्ण कुमार मंटू, पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, पूर्व विधायक ज्ञानचंद मांझी, पूर्व प्रत्याशी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह,जदयू जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू,लोजपा जिला अध्यक्ष दीपक कुमार सिंह आर एल एम के जिला अध्यक्ष अशोक कुशवाहा,पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा वेद प्रकाश उपाध्याय,पुर्व प्राचार्य अरुण सिंह,पूर्व जिला अध्यक्ष जदयू विशाल सिंह राठौड़, व्यवसायिक प्रकोष्ठ के वरुण प्रकाश उर्फ राजा,मानोज कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमाशंकर मिश्रा, अनु सिंह, गायत्री देवी निरंजन शर्मा, मनोज कुशवाहा, महामंत्री विवेक कुमार सिंह, शत्रुघ्न भगत, धर्मेंद्र शाह, मंत्री सत्यानंद सिंह रंजन यादव, अर्द्धेन्दु शेखर, राजेश सिंह, अर्जुन सिंह, सुषमा सोनी,प्रदेश भाजपा नेता हेमनरायण सिंह,बलवंत सिंह,संजय सिंह,विनित कुमार, जिला पार्षद के उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, प्रमुख राहुल राज, भाजपा नेता अजीत सिंह,हेमनरायण सिंह, राजीव सिंह, मनोज पाण्डेय, कृष्णा राम, उमाकांत पाण्डेय, राजेश फैशन,अनुप यादव, शत्रुघ्न चौधरी, नंदन जायसवाल, पंकज राय सहित सभी मंडल अध्यक्ष, प्रकोष्ठ संयोजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएं मुहर्रम पर्व : जिलाधिकारी

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया मोहन सिंह। मुहर्रम पर्व के अवसर पर विधि-व्यवस्था के दृष्टिगत एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष, कार्यकर्ता सहित जिलास्तरीय शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। जिलाधिकारी, दिनेश कुमार राय ने जिलास्तरीय शांति समिति की बैठक के सम्मानित सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से पूर्व के सभी पर्व-त्यौहार को शांति एवं सद्भाव के साथ मनाया जाता रहा है। मुहर्रम पर्व भी शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाएंगे । उन्होंने कहा कि जिले में विभिन्न स्तरों पर शांति समिति की बैठक करा ली गयी है। संवेदनशील स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स की प्रतिनियुक्ति की जाएगी। असामाजिक एवं आपराधिक तत्वों के विरुद्ध सख्त निरोधात्मक कार्रवाई की जाएगी। सोशल मीडिया सहित अन्य माध्यमों से अफवाह फैलाने वाले तत्वों पर विशेष नजर रखी जायेगी तथा उनके विरुद्ध



सख्त कार्रवाई की जाएगी। साम्प्रदायिक सद्भाव को प्रभावित करने वाले तत्वों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया/ फेक न्यूज के गलत अफवाहों पर ध्यान नहीं देंगे। भड़काऊ बयानबाजी भेदभाव उत्पन्न करते हैं, बिना किसी भेदभाव के एक दूसरे धर्म का सम्मान करें, शांति व्यवस्था भंग न होने दें, किसी प्रकार की अप्रिय घटना सहित छोटी-छोटी बातों की सूचना प्रशासन तक यथाशीघ्र पहुंचाएं ।उन्होंने कहा कि सक्षम प्राधिकार के बिना अनुमति के जुलूस निकालने पर पाबंदी है। जुलूस निकालने के लिए सक्षम प्राधिकार से अनुज्ञप्ति लेनी आवश्यक है। अनुज्ञप्ति में निहित शर्तो का शत-प्रतिशत अनुपालन आयोजकों को करना होगा। शर्तो का उल्लंघन करने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि निर्धारित रूट चार्ट के अनुरूप ही जुलूस निकाला जाय। डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी पूरी तरह सजग एवं सतर्क रहकर मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराएंगे। प्रत्येक गतिविधि पर पैनी नजर रखेंगे और त्वरित गति से कार्रवाई करेंगे। उन्होंने नगर आयुक्त, नगर निगम, बेतिया एवं एसडीएम, बेतिया सदर को निर्देश दिया कि मुहर्रम पर्व को लेकर इमामबाड़ा एवं करबला में चलंत शौचालय एवं पानी टैंकर की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी सम्मानित सदस्य शांति का संदेश फैलाएं, अपने-अपने क्षेत्रों में स्थानीय लोगों को शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मुहर्रम के पूर्व संध्या से लेकर अंतिम संध्या तक शांति समिति के सदस्य, अन्य माननीय जनप्रतिनिधिगण, सामाजिक कार्यकर्ता नजर बनाए रखेंगे। किसी भी तरह की अप्रिय सूचना मिलने पर तुरंत प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों को सूचित करेंगे। इस विषय पर सभी सम्मानित सदस्यों द्वारा स्वेच्छा से सहमति व्यक्त की गई। पुलिस अधीक्षक, बेतिया, अमरकेश डी तथा पुलिस अधीक्षक, बगहा, सुशांत कुमार सरोज ने कहा कि जिले के सभी पुलिस अधिकारी अलर्ट हैं। असामाजिक तत्वों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। ऐसे तत्वों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई, बंध पत्र सहित अन्य कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया जा रहा है। मुहर्रम पर्व पर ड्रोन के माध्यम से निगरानी की जाएगी। साथ ही वीडियोग्राफी करायी जाएगी। उन्होंने शांति समिति के सदस्यों से कहा कि शांति एवं सद्भाव के साथ मुहर्रम पर्व को मनाएं। इस बैठक में सम्मानित सदस्यों यथा-अली अनवर हुसैन, मुन्ना त्यागी, रीना देवी, रामेश्वर सराफ, कयूम अंसारी, रजिया तब्बसुम, वहीद आलम, शाहिद खां, अहमद खान, आनंद सिंह, राजकिशोर चौधरी, चांदसी जी, म0 एनाम, तुफैल अहमद, इंद्रजीत यादव सहित अन्य सदस्यों द्वारा अपने-अपने सुझाव साझा किए गए। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आगामी पर्व त्यौहार आपसी भाईचारागी, सौहार्दपूर्ण वातावरण एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न किए जाएंगे। अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा, डॉ0 अनुपमा सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी, नरकटियागंज, श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता, अनुममंडल पदधिकारी, बेतिया सदर सहित सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी द्वारा मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने को लेकर अबतक की गई।

# छापेमारी में साढ़े नौ किलोग्राम गांजा के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर थाना पुलिस की टीम ने रघु टोला लॉक के समीप छापेमारी कर साढ़े 9 किलोग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने मौके से एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव ने दी। गिरफ्तार नगर थाना क्षेत्र के रघु टोला निवासी स्व. मनोज साह का पुत्र सुरज कुमार उर्फ सुनिल कुमार है।

एसपी ने बताया कि 13 जुलाई 24 को समय करीब 11 बजे गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि आरा नगर क्षेत्रान्तर्गत रघुटोला मुहल्ला स्थित बारह नंबर लॉक के पास सूरज कुमार उर्फ सुनिल कुमार के घर में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखा हुआ है, जो गांजा तस्कर है। चोरी-छिपे गांजा की खरीद-बिकी का काम करता है। उक्त सूचना के सत्यापन, अवैध मादक पदार्थ की बरामदगी एवं अपराधकर्मी की गिरफ्तारी हेतु पुनि देवराज राय, पुनि-सह-थानाध्यक्ष आरा नगर थाना के नेतृत्व में पुअनि गुरू प्रसाद, पुअनि रामाकांत मांझी एवं थाना के सशस्त्र बलों के साथ एक विषेष टीम का गठन किया गया।

टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए समय करीब 12 बजकर 05 बजे मुहल्ला रघुटोला उक्त व्यक्ति के घर पर पहुंची, तो पुलिस की टीम को देखकर एक व्यक्ति अपने घर से भागने लगा, जिसे सशस्त्र बलों के सहयोग से पकडा गया तथा उसके घर की विधिवत तलाशी लगी गयी, तलाशी के क्रम में उसके घर के अन्दर एक कमरे के कोने में रखा दो लाल रंग के प्लास्टिक के बोरा में कुल 9.599 किलो ग्राम गांजा जैसा मादक पदार्थ बरामद किया गया। इस संबंध में आरा नगर थाना मैं गिरफ्तार के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

# आरा नगर रामलीला समिति कोर कमेटी की बैठक संपन्न

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। शहर के शुभ नारायण नगर स्थित संभावना आवासीय उच्च विद्यालय परिसर में रविवार की शाम आरा नगर रामलीला समिति के कोर कमेटी सदस्यों की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता नगर रामलीला समिति की अध्यक्ष डॉ. अर्चना सिंह तथा संचालन सचिव शंभू नाथ प्रसाद ने की।

बैठक में आगामी अक्टूबर माह में शारदीय नवरात्र के मौके आयोजित होने वाले 18 दिवसीय रामलीला के तैयारी पर चर्चा की गई। इस दौरान नगर रामलीला समिति के पदाधिकारी व सदस्य को वार्षिक सहयोग राशि देने, वृंदावन की रामलीला मंडली से बात करने, रावण का पुतला निर्माण करने, शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर नगर रामलीला समिति का पोस्टर- बैनर लगाने, रामलीला के आयोजन के लिए दान/सहयोग राशि एकत्रित करने आदि पर चर्चा हुई।

इस दौरान नगर रामलीला समिति के आयोजन में सहयोग के लिए सभी वार्ड पार्षदों से बैठक कर चर्चा करने तथा पूर्व अध्यक्ष प्रेम पंकज उर्फ ललन को संरक्षक मंडल में शामिल करने की सहमति बनी। बैठक में उपाध्यक्ष दिलीप कुमार, संरक्षक मंडल के मेजर राणा प्रताप सिंह, डॉ. कुमार द्विजेंद्र किरण, रामकुमार सिंह, अवधेश पाण्डेय, मिडिया प्रभारी कृष्ण कुमार तथा विष्णु शंकर मौजूद रहे।

# नये बीडीओ ने कार्यभार संभाला

प्रात : किरण संवाददाता

एकमा। नये प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार ने सोमवार को एकमा प्रखंड कार्यालय में योगदान कर पदभार संभाला ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कार्यालय कर्मियों से मुलाकात कर परिचय किया नव पदस्थापित बीडीओ ने बताया कि सरकार के द्वारा दिए गए निदेर्शो के अनुरूप सभी कार्यो का समय पर निष्पादन करना जन समस्याओं को शीघ्र निपटारा करना मेरा मुख्य उद्देश्य रहेगा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाने का कार्य



काफी तत्परता से किया जाएगा उन्होंने कहा कि सरकारी कार्यो में लापरवाही और अराजकता कभी बर्दाश्त नहीं की जाएगी मालूम हो की अरुण कुमार रोहतास जिले के प्रखंड पदाधिकारी रह चुके हैं ।इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह पवन कुमार जयराम साह भुषण साह सहित अन्य मुखिया उपस्थित थे।

# संक्षिप्त खबरें

## छापेमारी में नाव पर लोड 449.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद

आरा। भोजपुर जिले के शाहपुर थाना पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के दुसधाघाट सूहियां नदी के किनारे विदेशी शराब से भरी एक नाव को बरामद किया। इस दौरान नाव पर लोड 449.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद हुआ। जब्त शराब की कीमत साढ़े चार लाख रुपए आंकी जा रही है। इसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक प्रमोद कुमार यादव द्वारा दी गई। एसपी ने बताया कि 13 जुलाई 2024 को समय करीब साढे. 12 बजे अपराह्न में शाहपुर थानान्तर्गत गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि दुशधाघाट सुहियां नदी के किनारे शराब तस्करों के द्वारा 1 नाव से अवैध शराब की तस्करी की जा रही हैं। उक्त सूचना के सत्यापन, शराब की बरामदगी एवं इसमें संलिप्त शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जगदीशपुर के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम में पुनि सह थानाध्यक्ष, कुमार रजनीकान्त, प्रपुअनि अंकित कुमार गुप्ता, एएलटीएफ-8, प्रभारी मंदु कुमार, सभी शाहपुर थाना एवं थाना के सशस्त्र बल शामिल थे। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए जब दुसधाघाट सुहियां नदी किनारे के पास पहुँचा, तो काले रंग के लकड़ी के नाव से एक व्यक्ति पुलिस की गाड़ी को देखकर नदी में छलांग लगाकर भागने में सफल रहा। उक्त नाव को जप्त कर विधिवत तलाशी के कम में नाव से विभिन्न ब्राण्ड का 449.28 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद/जप्त किया गया। इस संबंध में शाहपुर थाना में धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम-2018 के तहत प्राथमिकी दर्ज किया गया है।

## डीडीसी ने किया निरीक्षण

छपरा कार्यालय। उप विकास आयुक्त, प्रियंका रानी द्वारा ग्रामीण छात्र एवम छात्राओं के शैक्षणिक एवम कैरियर उत्थान हेतु सिद्धि जीविका महिला विकास स्वालंबी सहकारी समिति द्वारा सोनपुर प्रखंड अंतर्गत गोगल सिंह हाई स्कूल, नयागांव में संचालित जीविका सामुदायिक पुस्तकालय -सह- कैरियर विकास केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में छात्र एवम छात्राओं से उनके अध्यन हेतु आवश्यक पुस्तकों के संबध में जानकारी प्राप्त की गई तथा इस संबध में अग्रेतर करवाई करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी।को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के क्रम में जिला शिक्षा पदाधिकारी, सारण एवम जिला कार्यक्रम प्रबंधक, जीविका, सारण उपस्थित थें।

## नशे में धुत पति ने पत्नी एवम बच्चे को किया घायल

दरियापुर।स्थानीय थाना क्षेत्र के महमदपुर चौराहा में नशे में धुत पति ने फसूली से हमला कर पत्नी व बच्चे को घायल कर दिया।घायल अनीसा खातून व उसके पुत्र मुर्शीद आलम को इलाज के लिए स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है।इस मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार बिस्मिला मिया का शराब पीने को लेकर पत्नी से पहले से ही अनबन चल रहा था।इसी बीच वह पुनः शराब पीकर घर आया।पत्नी जब बोली तो वह उस पर फंसली से लगातार कई बार हमला शुरू कर दिया।मां की जान बचाने गए बेटे को भी उसने घायल कर दिया।इस संबंध में पीड़िता के फर्द बयान पर उसके पति के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

## अंधेर व्यक्ति की उपचार के दौरान हुई मौत

परसा।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान एक अधेड़ की मौत हो गई।मृतक बृद्ध की पहचान नही हो सका है।बताया जाता है कि रविवार को भेल्दी पुलिस द्वारा अधेड़ ब्यक्ति को उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां अधेड़ ब्यक्ति का उपचार चल रहा था।उपचार के दौरान सोमबार को अधेड़ ने दम तोड़ दिया।मृतक की पहचान नही हुआ है।मृतक सन्डो उजाला गंजी तथा छिटदार हाफ पैंट पहने है।पुलिस शव की पहचान कराने में जुटी है।पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

## आरा सांसद सुदामा प्रसाद का सम्मान सह किया गया स्वागत समारोह का आयोजन

भोजपुर। आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सांसद सुदामा प्रसाद का सम्मान सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर माननीय सांसद महोदय को अंग वस्त्र और संस्था का मोमेंटो देकर सम्मानित और स्वागत किया गया।इस मौके पर सांसद सुदामा प्रसाद जी ने कहा की आरा रोटी बैंक चैरिटेबल ट्रस्ट समाज में जरूरतमंदों के लिए सार्थक प्रयास कर रही है और मैं भी इस सास्था के सामाजिक कार्य में अहम भूमिका निभाऊँगा तथा हर संभव मदद करूँगा।साथ ही साथ उन्होंने सबसे कृषि कार्य से जुड़े लोगो को यथासंभव मदद करने की अपील की।संस्था के सचिव कमलेश तिवारी ने माननीय सांसद का स्वागत करते हुए आग्रह किया की संस्था द्वारा किए जा रहे।

# माणिकपुरा के युवक की महाराष्ट्र में हुई मौत, मचा कोहराम

प्रात : किरण संवाददाता

बनियापुर । बनियापुर थाना क्षेत्र के माणिकपुरा गांव निवासी त्रिलोकी प्रसाद कुशवाहा के 23 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार कुशवाहा की मौत महाराष्ट्र के नासिक में हो गयी। दीपक के शव माणिकपुरा पहुँचते ही परिजनों में कोहराम मच गया और चीख-पुकार से वहां का माहौल गमगीन हो गया। शव को आने की सूचना मिलते ही उसे देखने वालों की काफी संख्या में भीड़ इकट्ठी हो गयी। मृतक के पिता त्रिलोकी प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि उन्हें नासिक में दीपक की मौत शनिवार को बिजली का करेंट लगने से हो जाने तथा उसका पोस्टमार्टम वहीँ होने की सूचना आई तथा आज उसका शव एम्बुलेंस से आया। अभी त्रिलोकी प्रसाद कुछ और बताते, मगर मृतक का चचेरे भाई रोहित कुमार ने उन्हें आगे बताने देने से रोक दिया तथा मिडिया वालों को विडिओ बनाने और कुछ भी पूछ-ताछ करने से मना कर दिया। हालांकी वहां इकट्ठी लोगों की कानाफुंसी से मृतक के मुंह से गाज (झाग) आने की भी बात सामने आयी। अन्य लोग भी कुछ बताने से अपने को बचाते और कतराते नजर आये। लोगों के अनुसार चुंकि घटना महाराष्ट्र की है, अतः घटना की सही जानकारी नहीं हो पा रही है।

मृतक दो भाइयों में बड़ा था। अभी उसकी शादी भी नहीं हुयी थी। कुछ ही दिनों पूर्व वह मजादूरी वैगरह करने नासिक अपने चाचा के पास गया था। उसके माता-पिता रो-रोकर बेसुध हो जा रहे हैं।

## मुहर्रम चैह्लूम पर्व को लेकर शांति समिति ने किया गया बैठक



आरा। नवादा थाना पर मुहर्रम चैह्लूम पर्व को लेकर शांति समिति के बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता थानाध्यक्ष कमलजीत ने किया उक्त अवसर पर शांति समिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार ने आनाइट में बंद पड़े पुलिस चौकी को पुनः चालू करने की मांग की इजाज करीम, आफताब आलम पूर्व पार्षद डॉ जितेंद्र शुक्ला जदयू नेता संजय ज्ञानी भाजपा प्रवक्ता अजित कुमार शमशाद खान ,बसन्त सिंह संजय कुमार पांडेय वीर कुमार हरेन्द्र प्रशाद सिंह अधिवक्ता डी राजन कंचन कुमारी ,मनोज कुमार एवं अन्य लोगों ने अपनी अपनी बाते रखें ।

# सत्याग्रह एक्सप्रेस की यात्रा अवधि कम करने और कोच मेंटेनेंस की व्यवस्था को बेहतर बनाये जाने की मांग

## रक्सौल से आनंदविहार मात्र 957 किमी की दूरी तय करने में 24 घण्टे से भी अधिक लगता है समय

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। सत्याग्रह एक्सप्रेस की यात्रा अवधि कम करने और कोच मेंटेनेंस की व्यवस्था को बेहतर बनाये जाने की मांग शिक्षाविद डॉ. स्वयंभू शलभ ने रेल मंत्रालय के रेल बोर्ड से की है। इस बाबत समस्तीपुर डिवीजन द्वारा कोच मेंटेनेंस हेतु सीनियर डिविजनल मैकेनिकल इंजीनियर व कंट्रोल को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है। उक्त जानकारी रेलवे सेवा ने ट्वीट के जरिये दी है। डॉ. शलभ ने बताया है कि रक्सौल जं. और आनंदविहार टर्मिनल के बीच चलनेवाली 15273/74 सत्याग्रह




एक्सप्रेस मात्र 957 किमी दूरी तय करने में 24 घण्टे से अधिक समय लेती है। यह ट्रेन रक्सौल जं. से 8.40 बजे निकलकर दूसरे दिन सुबह 9.10 बजे आनंदविहार टर्मिनल पहुंचती है। वहीं आनंदविहार से शाम 5.30 बजे निकलकर रक्सौल जं. दूसरे दिन शाम 5.35 बजे पहुंचती है। बीच के स्टेशनों पर अक्सर ट्रेन निर्धारित समय से पहले पहुंच जाती है और वहाँ देर तक रुकने के बाद फिर अपने निर्धारित समय पर खुलती है। इससे यात्रा में अनावश्यक देरी होती है और यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। डॉ. शलभ ने रेलवे के तकनीकी विकास का जिक्र करते हुए कहा है कि हाई स्पीड के इस दौर में केवल 957 किमी की दूरी के लिए 24 घण्टे से अधिक का समय लगना अप्रत्याशित भी है और अनावश्यक भी। इस विंदु को संज्ञान में लेकर समय सारणी में यथोचित संशोधन कर ट्रेन की यात्रा अवधि को कम करने की मांग की गई है। आगे सत्याग्रह एक्सप्रेस के 3अ कोच और टॉयलेट के मेंटेनेंस की ओर ध्यान आकृष्ट कराया गया है। टॉयलेट और बेसिन के खराब पड़े नलों को दुरुस्त करने और कोच समेत टॉयलेट की सफाई पर विशेष ध्यान देने की मांग की गई है।

# मोहर्रम को लेकर जिला प्रशासन ने जिला मोहर्रम कमीटी के साथ की गईं विशेष बैठक

प्रात : किरण

दरभंगा। जिला प्रशासन के साथ जिला मोहर्रम कमिटी एवं जिला शांति के सदस्यों के साथ मैराथन बैठक किया गया. सदर एसडीओ, विकास कुमार,सदर एसडीपीओ,अमित कुमार के साथ लहेरियासराय थानाध्यक्ष,दीपक कुमार,बेंता ओपी थानाध्यक्ष,नगर थानाध्यक्ष, कोतवाली थानाध्यक्ष, यूनिवर्सिटी थानाध्यक्ष, मब्बी थानाध्यक्ष, सदर थानाध्यक्ष बहादुरपुर थानाध्यक्ष के साथ जिला मोहर्रम कमेटी के अध्यक्ष डॉ अब्दुस सलाम उर्फ मुन्ना खान, महासचिव तनवीर आलम, ऑफिस सेक्रेटरी आफताब आलम, डॉ वारिस अली,मो दिलशाद, मिन्नतुल्लाह अंसारी और जिला शांति समिति के सदस्य नवीन सिन्हा,अजय जलान, नारद यादव,अशरफुल हक तमन्ना,मो० उमर के साथ बैठक में सदर एसडीओ, विकास कुमार ने कहा किसी भी हाल में डीजे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. अगर कोई अखड़िया डीजे लेकर जुलुस में आता है, तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, व सदर डी एस पी कहा भीड़ में जहां हजारों की संख्या में लोग मौजूद होते हैं वहां पटाखा छोड़ऩा सख्त मना है, किसी के घायल होने की आशंका बढ़ जाती है, जिससे अफरा-तफरी मच जाता है, और लोगों के बीच भगदड़ होने की संभावना हो जाती है इस कारण पटाखा छोड़ना सख्त मना है, पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई के भागी होंगे। अध्यक्ष डॉ मुन्ना खान ने कहा प्रेशर में पर्व नहीं मनाया जा सकता है अगर आप लोग इसी तरह से ज्यादा प्रेशर देंगे तो मैं पद से इस्तीफा दे दूंगा,फिर जिला प्रशासन ही हमारे मोहर्रम पर्व को संपन्न कराने की भागीदार होगी, उन्होंने कहा हम प्रशासन को हर संभव सहयोग देते हैं, और देते रहेंगे, हो सकता हैं, हमारे बीच में कोई असामाजिक तत्व घुसकर उत्पाद मचाने की कोशिश करेंगे तो जिला मोहर्रम कमिटी के और जिला प्रशासन चिन्हित करने का काम करें, जो कसूरवार हैं।

उनका बख्शा नहीं जाना चाहिए और जो बेगुनाह है उनको फसाया भी नहीं जाए, जिला मोहर्रम कमेटी अपनी पूरी ताकत लगाकर जिला प्रशासन के सहयोग से शांतिपूर्ण मोहर्रम संपन्न कराने में कामयाब होगी। महासचिव तनवीर आलम ने कहा हम लोग जिला प्रशासन से सहयोग सम्भव सहयोग की उम्मीद रखते हैं, और हम लोग प्रशासन को यकीन दिलाते हैं जिला मोहर्रम कमिटी अपनी पूरी ताकत मोहर्रम को शांतिपूर्ण कराने में लगा देगी, जो भी अखाड़ा कानून के दायरे के बाहर जाकर काम करेगा जिला मोहर्रम कमिटी किसी भी हाल में जिम्मेदार नहीं होगी। शांति समिति सदस्य नवीन सिंह जी ने कहा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला शांति समिति सदस्य सड़क पर मौजूद होंगे, ताकि दोनों समुदाय में आपसी सहयोग और सद्भावना बनी रहे, अजय जलान ने कहा हर साल की तरह इस साल भी मैं मोहर्रम में टावर और कटकी बाजार पर मौजूद रहूंगा। नारद यादव ने कहा शिवधारा और कादिराबाद से आने वाले अखाड़ो को शांतिपूर्ण निकालने का काम प्रशासन के साथ मिलकर हम सभी को करना है।

# मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ दिन बाद ही दरकने लगी

प्रात : किरण

कुशेश्वरस्थान(दरभंगा) ।मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य पूरा होने के कुछ दिन बाद ही सड़क जगह - जगह दरकने लगी है। जिससे सड़क में हुई घटिया निर्माण की पोल खुलने लगी है। लोग ठिकेदार पर सड़क निर्माण में सही मात्रा में पिच और गिट्टी तथा बालू सीमेंट नहीं मिलाने का आरोप लगा रहा है। बताते चलें कि प्रखंड में कोदरा से गैईजोरी तक सड़क निर्माण कार्य फरवरी माह पूरा हुआ है। मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क सड़क योजना से एक करोड़ 63 लाख 76 हजार 940 रुपए की प्राक्कलित राशि से 1.520 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाना है। जिसमें 1194



मीटर में पीसीसी ढ़लाई तथा शेष सड़क में पिचिंग करने का प्रावधान है। सड़क के इस दूरी में 6 पुलिया बननी है। कार्यकारी एजेंसी कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल बिरौल के देखरेख में अजीत कुमार झा को सड़क निर्माण का ठेका दिया गया है। ठिकेदार मुश्किल से महीना डेढ़ महीना भर पहले सड़क का निर्माण कार्य पूरा किया है। इसी बीच कोसी और कमला बलान नदी के बाढ़ का पानी सड़क के दोनों ओर लग गई है। जिससे सड़क में जगह - जगह दरारें पड़ गया है। ग्रामीण गणेश राय,राम बहादुर यादव,विपिन कुमार, मिथिलेश राय सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि भारी बारिश होने पर दरार वाले स्थान पर सड़क निश्चित रूप से बह जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि ठिकेदार सड़क निर्माण में ढंग से पानी छिड़क कर रोलर नहीं चलाया। जिससे मिट्टी पूरी तरह दब नहीं पाया। यही कारण है कि सड़क किनारे पानी लगते ही यह दरक गया है और तेज बारिश होने पर सड़क पानी में बह जाएगा। इस संबंध में ग्रामीण कार्य विभाग बिरौल के कनिय अभियंता मो0 न्याज आलम ने बताया कि सड़क किनारे पानी लग जाने से दरार पड़ी है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com
राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, मंगलवार, 16 जुलाई, 2024





# साजिद नाडियाडवाला की फिल्म हाउसफुल 5 में नजर आएंगे संजय दत्त

साजिद नाडियाडवाला की कॉमेडी फेंचाइजी फिल्म हाउसफुल को दर्शकों ने खूब प्यार दिया और फैंस हाउसफुल 5 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म से जुड़ी बड़ी अपडेट सामने आई है। बॉलीवुड एक्टर संजय दत्त फिल्म की स्टारकास्ट का हिस्सा बन गए हैं। तरुण मनसुखानी द्वारा निर्देशित इस फिल्म की पूरी शूटिंग क्रूज शिप पर होगी। पहले ही ऐलान हो चुका है कि अक्षय कुमार, रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन इस फिल्म में दर्शकों को गुदगुदाएंगे। अब इस लिस्ट में सुपर स्टार संजय दत्त का नाम भी जुड़ गया है। बता दें कि संजय दत्त का नाम बॉलीवुड के उन एक्टर्स में से एक हैं, जिनका खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोलता है। आज भी उनके ऐसे कई फैंस हैं, जो उनके लिए कुछ भी कर गुजरने को तैयार हैं। इस फिल्म का निर्माण साजिद नाडियाडवाला अपने बैनर नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट के तहत कर रहे हैं। साजिद के साथ काम करने की बात पर संजय ने कहा, मैं साजिद को बहुत पहले से जानता हूं। शुरुआती दौर में वो असिस्टेंट के तौर पर काम करते थे। उन्हें आगे बढ़ते देख अच्छा लगता है। हमारी इंडस्ट्री के बेहतरीन प्रोड्यूसर्स में से एक बनते हुए देखना अद्भुत रहा है। साजिद मेरे लिए फैमिली की तरह हैं और पिछले कुछ सालों में हमारी दोस्ती और भी मजबूत हुई है। फिल्म के बारे में संजू बाबा ने कहा, मैं हाउसफुल 5 में उनके साथ फिर से काम करने को लेकर रोमांचित हूं और आने वाले सालों में साजिद के साथ कई और प्रोजेक्ट्स पर काम करने की उम्मीद करता हूं। वहीं साजिद नाडियाडवाला ने कहा, संजय दत्त मेरी जर्नी की शुरुआत से ही मेरे परिवार की तरह रहे हैं। उनके साथ काम करना मेरे लिए सम्मान की बात है। अब, हाउसफुल 5 के साथ, हम साथ में एक और रोमांचक सफर पर निकलेंगे, जिसमें हंसी, प्यार और सिनेमा का शाश्वत आनंद होगा। फिल्म 6 जून, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# इस वजह से अनंत-राधिका की शादी में शामिल नहीं हुईं तापसी

अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी का भव्य समारोह आज भी जारी है। शादी में देश-विदेश से आई कई दिग्गज हस्तियों ने शिरकत की। साथ ही मनोरंजन जगत के कई सितारे भी इस भव्य शादी की गवाह बनी। अनंत-राधिका की शादी में कई बॉलीवुड हस्तियां शामिल हुईं। हालांकि, कुछ सितारे ऐसे थे, जो इस शादी में शामिल नहीं हुए, उनमें से एक अभिनेत्री तापसी पन्नू भी हैं। अब उन्होंने खुलासा किया है कि वे इस भव्य शादी का हिस्सा क्यों नहीं बनीं। दरअसल, सोशल मीडिया पर अभिनेत्री का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो क्लिप में तापसी को मेगा अंबानी शादी का हिस्सा बनने के बारे में पूछे गया, जिस पर वे जोर से हंसने लगीं। हालांकि यह वीडियो अंबानी की शादी से पहले का है। इस दौरान तापसी ने बताया कि वे इस शादी में क्यों शामिल नहीं होंगी। वीडियो में उन्होंने कहा कि वे इस उत्सव में शामिल नहीं होंगी। उन्होंने आगे कहा कि वे केवल तभी शादी में शामिल होना पसंद करती हैं, जब मेजबान परिवार और मेहमानों के बीच बातचीत हो। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें व्यक्तिगत रूप से नहीं जानती। मुझे लगता है कि शादियां बहुत निजी मामला होता है। मुझे यकीन है कि उनके बहुत सारे दोस्त होंगे, लेकिन मैं ऐसी शादी में जाना पसंद करती हूं, जहां कम से कम परिवार और मेहमानों के बीच किसी तरह की बातचीत हो। तापसी के अलावा अन्य कई बॉलीवुड सितारे जो शादी में शामिल नहीं हुए थे, जिनमें करीना कपूर खान, करिश्मा कपूर, सैफ अली खान, कार्तिक आर्यन, अक्षय कुमार, कंगना रणौत शामिल हैं। अनंत और राधिका ने 12 जुलाई को एक भव्य समारोह में शादी की। शादी में शामिल होने वालों में शाहरुख खान, सलमान खान, अमिताभ बच्चन, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण, रेखा, ऐश्वर्या राय बच्चन, कैटरीना कैफ, रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और अन्य शामिल थे। प्रियंका चोपड़ा जोनस भी पति निक जोनस के साथ अमेरिका से आईं और अंबानी की शादी में बॉलीवुड के कुछ चार्टबस्टर गानों पर डांस करते हुए बाराती बनीं।

# प्रजाला मनीषी में अहम किरदार निभाएंगी उर्वशी रौतेला



ज्यादातर फिल्मों में साइड रोल्स निभा चुकीं उर्वशी रौतेला के हाथ अब एक साउथ की बड़ी फिल्म लगी है, जिसमें वह लीड रोल में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उर्वशी फिल्म प्रजाला मनीषी में रवि तेजा की नायिका बनेंगी।

लोकप्रिय बॉलीवुड अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ज्यादातर सिजलिंग हॉट स्पेशल डांस नंबर्स में नजर आती हैं। मेगास्टार चिरंजीवी की फिल्म वाल्टेयर विरय्या में बोसु वेयर इज द पार्टी गाने से तहलका मचाने के बाद, उर्वशी ने पवन कल्याण की बीआरओ और राम की स्कंद में भी जलवे बिखेर चुकी हैं। अब उर्वशी, साउथ सुपरस्टार रवि तेजा के साथ फिल्म प्रजाला मनीषी में नजर आएंगी। प्रजाला मनीषी एक हाई-वोल्टेज मास एक्शन एंटरटेनर फिल्म होगी। उर्वशी ने टॉलीवुड में मुख्य अभिनेत्री के रूप में एक और प्रोजेक्ट साइन किया है, जिसका पूरा श्रेय उनके वाल्टेयर विरय्या और एनबीके109 के निर्देशक बॉबी को जाता है। बॉबी ने उर्वशी को युवा तेलुगु अभिनेत्री डिंपल हयाती के साथ मुख्य भूमिका निभाने के लिए चुन लिया है। प्रमुख प्रोडक्शन हाउस, पीपल मीडिया फैक्ट्री, इस प्रोजेक्ट का निर्माण करेगा। बता दें कि उर्वशी, नंदमुरी बालकृष्ण के साथ उनकी बिना शीर्षक वाली 109वीं फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। दूसरी ओर, रवि तेजा अपनी आगामी फिल्मों, मिस्टर बच्चन और आरटी75 की शूटिंग में व्यस्त हैं। प्रजाला मनीषी अगले साल रिलीज हो सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, साउथ सुपरस्टार रवि तेजा एक बार फिर के एस रविंद्र के साथ काम करेंगे, क्योंकि उनकी पहली फिल्म पॉवर बॉक्स-ऑफिस पर हिट रही थी। इस फिल्म की शूटिंग अगले साल शुरू हो सकती है। यह फिल्म एक दमदार मास एंटरटेनर होगी और इसका नाम प्रजाला मनीषी है। यह फिल्म का वर्किंग टाइटल है और टीम सही समय पर टाइटल की घोषणा करेगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रवि तेजा की आगामी फिल्म प्रजाला मनीषी में उनके अपोजिट उर्वशी रौतेला और डिंपल हयाती मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। बड़े बैगन पर बनने वाली इस फिल्म को मीडिया फैक्ट्री निर्माण करेगी। इस फिल्म को बहुत बड़े बजट पर बनाया जाएगा। रवि तेजा, हरीश शंकर की मिस्टर बच्चन और भानु भोगवरपु द्वारा निर्देशित अपनी अनाम 75वीं फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।




# फुल-टाइम जज बनना एक बहुत बड़ी प्रतिबद्धता है



बॉलीवुड स्टार करिश्मा कपूर 90 के दशक की टॉप एक्ट्रेस में शुमार हैं। उन्होंने अपनी दमदार एक्टिंग से हर किसी को दीवाना बनाया। रोमांटिक फिल्म हो या कॉमेडी... संस्कारी लड़की का किरदार हो या तेज तर्रार का रोल, वह हर भूमिका में फिट जमीं। फिलहाल, वह फिल्मों से दूर हैं, लेकिन इन दिनों इंडियाज बेस्ट डांसर 4 शो में शामिल होने को लेकर चर्चा में हैं। इंडियाज बेस्ट डांसर 4 के जज पैनल में करिश्मा कपूर शामिल हुईं और कंटेस्टेंट्स के टैलेंट को देख हैरान रह गईं। शो में एंटरटेनमेंट स्पेशलिस्ट के तौर पर अपने रोल के बारे में बात करते हुए करिश्मा ने कहा, मैं कई सालों से कई डांस रियलिटी शो का हिस्सा रही हूं, लेकिन हमेशा स्पेशल एपिसोड का हिस्सा बनना पसंद करती हूं, जहां मुझे अच्छा समय बिताने का मौका मिलता है। मैं हमेशा से मानती थी कि फुल-टाइम जज बनना एक बहुत बड़ी प्रतिबद्धता है। हालांकि, इंडियाज बेस्ट डांसर के साथ चीजें बदल गईं। करिश्मा ने बताया, सीजन के पिछले एपिसोड में मैं एक स्पेशल जज के तौर पर दिखी थी और शो की एनर्जी और नीति ने मुझे हमेशा प्रभावित किया। यही एक वजह थी कि मैंने जज के तौर पर शो का हिस्सा बनने का फैसला किया।

# अगले महीने इस ओटीटी प्लेटफार्म पर स्ट्रीम होगी सरफिरा

अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा शुक्रवार 12 जुलाई को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हो गई है। इस फिल्म का खिलाड़ी कुमार के फैंस काफी समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म का पहले दिन का कलेक्शन ज्यादा खास नहीं रहा है, पर फिल्म को रिस्पांस अच्छा मिल रहा है। अब फिल्म को लेकर बड़ी खबर ये है कि सरफिरा जल्द ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होगी। इसकी डेट भी सामने आ गई है और आइये जानते हैं कि ये किस प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम की जाएगी। अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आने को पूरी तरह तैयार है। दर्शकों को हर बड़ी फिल्म की ओटीटी रिलीज का इंतजार रहता है। ऐसे में अब अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा को लेकर अपडेट आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म सरफिरा के ओटीटी राइट्स डिज्नी प्लस हॉटस्टार ने खरीदे हैं। अब खबर है कि ये फिल्म 1 महीने बाद यानी अगस्त के आखिर में हॉटस्टार पर दस्तक देगी। हालांकि, अभी तक इसकी कोई ऑफिशियल डेट कंफर्म नहीं हुई है। अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा महाराष्ट्र के अंदरूनी गांव में रहने वाला स्कूल मास्टर का बेटा वीर जनार्दन म्हात्रे की कहानी है। जो कम लागत वाली एयरलाइंस शुरू करने के इरादे से एयरफोर्स की नौकरी से इस्तीफा दे देता है। इस फिल्म के मेकर्स को उम्मीद है कि फिल्म ओटीटी पर अच्छा रिस्पॉन्स मिलेगा।



# कल्कि के 1000 करोड़ी बनने पर प्रभास ने जताया प्रशंसकों का आभार

अपनी बहुमुखी प्रतिभा और व्यापक अपील के लिए जाने जाने वाले प्रसिद्ध अभिनेता प्रभास वर्तमान में अपने नवीनतम सिनेमाई प्रयास कल्कि 2898 एडी की शानदार सफलता का आनंद ले रहे हैं। इस साइंस फिक्शन डायस्टोपियन एक्शन ड्रामा ने एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी इस फिल्म ने वैश्विक बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उनकी पिछली कुछ फिल्मों की धीमी प्रतिक्रिया के बाद प्रभास के लिए विजयी वापसी का संकेत है। इस मील के पत्थर को हासिल करने के बाद भैरव, कर्ण उर्फ प्रभास ने दर्शकों के नाम एक खास मैसेज भेजा है। प्रभास का कहना है कि वह अपने प्रशंसकों के बिना कुछ भी नहीं हैं। रविवार को प्रभास ने कल्कि 2898 एडी को पसंद करने के लिए अपने सभी प्रशंसकों का आभार व्यक्त किया। एक वीडियो संदेश में उन्होंने कहा, हाय, आप कैसे हैं? मेरे प्रशंसक मुझे इतना बड़ा हिट देने के लिए झबहुत धन्यवाद। आपके बिना मैं जीरो हूं। नाग अश्विन को धन्यवाद कि उन्होंने इतनी बड़ी फिल्म बनाने के लिए पांच साल तक कड़ी मेहनत की। मुझे लगता है कि हमें निर्माताओं को धन्यवाद देना चाहिए।

प्रभास ने अपने संदेश में आगे जोड़ा, मुझे लगता है कि हमें निर्माताओं को धन्यवाद देना चाहिए। जिस तरह से उन्होंने खर्च किया उससे हम सभी चिंतित थे। और मैं पूछता था कि मुझे लगता है कि आप बहुत ज्यादा खर्च कर रहे हैं। वहीं उनका कहना था कि नहीं, हम बड़ी हिट दे रहे हैं, कोई चिंता नहीं। हमें उच्चतम गुणवत्ता वाली फिल्म देनी चाहिए। इसलिए, मैं इन निर्माताओं और नागी को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमारे पास मौजूद भारतीय सिनेमा के महानतम दिग्गजों को काम करने का मौका दिया। कल्कि 2898 एडी के सह कलाकारों को लेकर प्रभास ने कहा, अमिताभ सर और कमल सर, हम सभी आपको देखकर बड़े हुए हैं और आपसे बहुत कुछ सीखा है। दीपिका को बहुत बहुत धन्यवाद, सबसे खूबसूरत महिला। वहीं, आप सभी जानते हैं कि हमारे पास भाग 2 है, जो बड़े पैमाने पर फिल्माया जाएगा। और एक बार फिर मेरे प्रशंसकों को धन्यवाद जो आपको इतना प्यार करते हैं। समृद्ध और प्राचीन हिंदू धर्मग्रंथों से प्रेरणा लेते हुए कल्कि 2898 एडी विशाल कल्कि सिनेमैटिक यूनिवर्स की पहली कड़ी है। हाल ही में नाग अश्विन ने स्पष्ट किया कि तत्काल ध्यान भाग 2 पर है। निर्देशक ने बताया, हमने लगभग 25 या 30 दिनों की शूटिंग की, लेकिन अभी भी बहुत सारी कार्रवाई बाकी है। यह लगभग एक बिल्कुल नए प्रोडक्शन की तरह है जो शुरू होने जा रहा है।

# निकोल किडमैन की सीरीज में नजर आएंगे ईशान खट्टर

ईशान खट्टर की गिनती हिंदी सिनेमा के प्रतिभाशाली और उभरते कलाकारों में होती है। वह बतौर मुख्य अभिनेता पहली बार फिल्म धड़क में नजर आए थे। इस फिल्म के लिए उनकी काफी सराहना हुई थी। अब एक बड़ी छलांग मारते हुए वह जल्द ही हॉलीवुड सीरीज में नजर आएंगे। वह द परफेक्ट कपल सीरीज से हॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। हाल में ही इसका पहला टीजर जारी किया गया, जिससे अभिनेता के फैंस काफी उत्साहित हैं। अभिनेता अपनी इस आगामी सीरीज से एक बार फिर फैंस का दिल जीतने के लिए तैयार नजर आ रहे हैं। ईशान ने सीरीज में अपने किरदार की एक झलक साझा की है, जिसमें वह शॉवर लेते दिख रहे हैं। इस टीजर वीडियों में एक शादी-शुदा कपल दिखाई देता है, जिसे निकोल किडमैन और लिव श्रेइबर ने निभाया है। ये कपल अपने शादी को लेकर चर्चा करते नजर आते हैं। इसके बाद चीजें तेजी से बदल जाती हैं, जब उनके आवास पर एक लाश पाई जाती है। इस सीरीज में ईशान के अलावा निकोल किडमैन, लिव श्रेइबर, डकोटा फैनिंग और मेघन फाह आदि कलाकार भी नजर आने वाले हैं।



# व्यापार

सेंसेक्स
80664.86 पर बंद
निफ्टी
24586.70 पर बंद

सोना
71,800
चांदी
91,262

## संक्षिप्त समाचार

### एसबीआई ने महंगा किया लोन




**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के सबसे बड़े सरकारी बैंक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने करोड़ों ग्राहकों को तगड़ा झटका दिया है। बैंक ने विभिन्न कर्ज को महंगा करने का ऐलान किया है। एसबीआई ने आज एमसीएलआर लोन दरों को बढ़ा दिया है। एमसीएलआर वह दर होती है जिससे कम ब्याज पर बैंक कस्टमर को लोन नहीं दे सकता। एसबीआई बैंक ने एमसीएलआर रेट को 0.10 फीसदी तक बढ़ाया है। एमसीएलआर की नई रिवाइज दरें आज 15 जुलाई 2024 से लागू हो गई हैं। एसबीआई की बेस लैंडिग रेट एमसीएलआर अब 8.10 से 9 फीसदी तक है। ओवरनाइट एमसीएलआर रेट 8.20 फीसदी हो गई है। एसबीआई ने एमसीएलआर में 0.05 फीसदी से लेकर 0.10 फीसदी तक रेट बढ़ाया है।

### वीटी मार्केट्स ने दक्षिण एशिया में पहला विज्ञापन जारी किया




**मुंबई।** पुरस्कार विजेता ब्रोकरेज कंपनी वीटी मार्केट्स ने दक्षिण एशिया में अपना पहला वीडियो विज्ञापन शुरू करने की घोषणा की। ष्ट्रेडिंग आसान हो सकती हैष् शीर्षक वाला यह विज्ञापन परिचित स्थानीय दृश्यों के विपरीत सिडनी स्थित ब्रोकर के कई अलग.अलग लाभों को पेश करता है और यह फेसबुकए इंस्टाग्राम और हॉटस्टार सहित सभी ऑनलाइन प्लेटफार्मों पर उपलब्ध होगा। यह लॉन्च ब्रोकर द्वारा इस वर्ष तेजी से बढ़ते दक्षिण एशियाई वित्तीय बाजार में प्रवेश करने का पहला प्रयास है। मल्टी.एसेट ब्रोकरेज इस पहल के हिस्से के रूप में दक्षिण एशियाई बाजार के लिए स्थानीयकरण में वृद्धि भी देखेगीए जिसमें स्थानीय भाषाओं के लिए अधिक समर्थन भी शामिल है। हमारी वैश्विक उपस्थिति के बावजूदए एएसआइसी, एफएससी और एफएससीए। द्वारा हमारे विनियमन ने हमें ग्राहकों की सुरक्षा और विश्वसनीयता को बढ़ावा देने के अर्थ की अच्छी समझ प्रदान की है वीटी मार्केट्स डम्छ। के बिजनेस डेवलपमेंटए कुसाई ज़ेओड ने कहाए ष्हम मानते हैं दक्षिण एशियाई बाजार इस समय मौजूदा वित्तीय प्लेटफार्मों से वंचित हैंए जिनमें अपने ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए नियमों की कठोरता की कमी है।श्श् भारत के विभिन्न हिस्सों में फिल्माया गयाए टेलीविजन विज्ञापन वीटी मार्केट्स के साथ व्यापार की आसानी को दर्शाता हैए जिसमें पात्रों को दिन के दौरान व्यापार करते हुए दिखाया गया है

# बजट में किसानों के लिए हो सकते हैं कई बड़े ऐलान, बढ़ सकती है केसीसी लिमिट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई 2024 (मंगलवार) को चालू वित्त वर्ष के लिए आम बजट पेश करेंगी। इस बजट से आम जनता के साथ-साथ देश के अन्नदाताओं यानी किसानों को भी काफी उम्मीदें हैं। माना जा रहा है कि इस आम बजट में देश के अन्नदाताओं को बड़ी सौगात मिल सकती है। सूत्रों की माने तो सरकार पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ा सकती है। साथ ही मोदी सरकार किसान क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने और कृषि उपकरणों पर सब्सिडी बढ़ाने समेत कई रियायतों की भी घोषणा कर सकती है। दरअसल पार्टी से जुड़े संगठन और केंद्र सरकार को समर्थन दे रहे राजनीतिक दल भी चाहते हैं कि सरकार अन्नदाताओं के हित में बड़े फैसले ले। इससे देशभर के किसानों में यह साफ संदेश जाएगा कि सरकार कृषि को लेकर गंभीरता से काम कर रही है। आइए जानते हैं बजट 2024 को लेकर किसानों की सरकार से क्या-क्या उम्मीदें हैंज.



### क्रेडिट कार्ड की सीमा बढ़ाने की उम्मीद

फिलहाल किसानों को क्रेडिट कार्ड पर 3 लाख रुपए का कृषि लोन 7 प्रतिशत सालाना ब्याज दर पर मिल रहा है, जिसमें सरकार 3 फीसदी की सब्सिडी देती है। यानी किसानों को यह लोन 4 प्रतिशत सालाना ब्याज दर पर मिलता है। वहीं बढ़ती महंगाई के साथ-साथ कृषि लागत में बढ़ोतरी को देखते हुए सरकार 3 लाख रुपए की सीमा को बढ़ाकर 4 से 5 लाख रुपए कर सकती है।

### टैक्स दरों में कटौती संभव

बता दें कि केंद्र सरकार कृषि उपकरणों की खरीद पर जीएसटी लगाती है, जिसका किसान संगठन विरोध कर रहे हैं। उनकी मांग है कि सरकार कृषि उपकरणों पर जीएसटी हटाए या फिर किसानों को इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ दे। सूत्रों की माने तो मोदी सरकार बजट में कृषि उपकरणों पर जीएसटी दरों में भी कटौती कर सकती है या फिर ज्यादा सब्सिडी देने का ऐलान कर सकती है। सूत्रों की माने तो आम बजट 2024 में सरकार पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ा सकती है। दरअसल मोदी सरकार पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को 6,000 रुपए दे रही है। लेकिन दावा किया जा रहा है कि लगातार बढ़ रही महंगाई और किसानों की बढ़ती लागत को देखते हुए इसे बढ़ाकर 8,000 रुपए कर सकती है। फिलहाल केंद्र सरकार किसानों के खाते में 2000 रुपए की 3 किस्त ट्रांसफर करती है। पिछले महीने सरकार ने पीएम किसान योजना की 17वीं किस्त जारी की थी। मोदी सरकार की इस योजना का लाभ देशभर के 11 करोड़ से ज्यादा जरूरतमंद किसानों को मिल रहा है।

### बजट 2024: नई-तकनीक का इस्तेमाल

देश में हर क्षेत्र में नई तकनीक का इस्तेमाल हो रहा है, लेकिन कृषि क्षेत्र में अभी नई तकनीक का ज्यादा इस्तेमाल नहीं हो रहा है। बजट में कृषि क्षेत्र में नई टेक्नोलॉजी को लेकर कोई घोषणा होने की संभावना है। किसानों को उम्मीद है कि सरकार कृषि क्षेत्र में ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल बढ़ाने के लिए कोई नया प्रोग्राम शुरू कर सकती है। गौरतलब है कि मोदी सरकार ने फरवरी में पेश अंतरिम बजट में चालू वित्त वर्ष के लिए कृषि मंत्रालय का बजट बढ़ाया था। केंद्र सरकार ने कृषि मंत्रालय के लिए 1.27 लाख करोड़ रुपए आवंटित किए थे। ऐसे में 23 जुलाई को पेश होने वाले आम बजट में किसानों की माली हालत सुधारने के लिए सरकार की ओर से कुछ घोषणा हो सकती है।

## बासमती चावल का निर्यात 13 फीसदी बढ़ा, दो महीने में विदेश से आए 103.7 करोड़ डॉलर



**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बासमती चावल की मांग विदेश में लगातार बढ़ रही है। हालांकि, कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात में मामूली गिरावट देखने को मिली है। एग्रीकल्चरल एंड प्रॉसेस्ड फूड प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट डेवलपमेंट अथॉरिटी (एपीडा) के आंकड़े के मुताबिक, भारत ने चालू वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-मई अवधि में 103.7 करोड़ डॉलर के बासमती चावल का निर्यात किया। यह 2023-24 की समान अवधि के 91.7 करोड डॉलर की तुलना में 13.11 फीसदी अधिक है।

दरअसल, घरेलू बाजार में कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सरकार की ओर से चावल के निर्यात पर लगाए प्रतिबंधों का असर अन्य किस्मों पर पड़ा है। यही वजह है कि अप्रैल-मई में गैर-बासमती चावल का निर्यात सालाना आधार पर 13.35 फीसदी घटकर 91.9 करोड़ डॉलर रह गया। आंकड़ों के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-मई अवधि में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात सालाना आधार पर मामूली 0.49 फीसदी घटकर 433.7 करोड़ डॉलर रह गया। 2023-24 की समान अवधि में निर्यात का यह आंकड़ा 435.8 करोड़ डॉलर रहा था।

## अशोक लीलैंड को 2104 बसों का मिला बड़ा ऑर्डर, शेयर खरीदने की मची लूट



**नईदिल्ली, एजेंसी।** घरेलू वाहन निर्माता अशोक लीलैंड लिमिटेड के शेयर आज सोमवार को फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 2 प्रतिशत तक चढ़ गए। अशोक लीलैंड के शेयर आज बीएसई पर 228.50 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए। कमर्शियल वाहन मैन्युफैक्चरर कंपनी अशोक लेलैंड लिमिटेड को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम से पूर्णतः निर्मित 2,104 बसों का ऑर्डर मिला है। दरअसल, अशोक लीलैंड ने एक्सचेंजों को सूचित किया कि उसे महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) ने वाइकिंग पैसेंजर बस की 2,104 यूनिट्स का ऑर्डर मिला है। इसकी कीमत 982 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

हिंदुजा समूह की भारतीय प्रमुख कंपनी ने कहा कि ऑर्डर जीतने से बस सेगमेंट में उसकी प्रमुख स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। कंपनी बयान के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) से मिला यह अभी तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है। इन वाइकिंग यात्री बसों का निर्माण अशोक लेलैंड के विशेष 'बस बॉडी' प्लांट्स में किया जाएगा। अशोक लेलैंड के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेनू अग्रवाल ने कहा कि यह नया ठेका एमएसआरटीसी के साथ कंपनी की दीर्घकालिक साझेदारी का एक हिस्सा है। अग्रवाल ने कहा, '' यह ऑर्डर अत्यधिक कुशल तथा प्रौद्योगिकी रूप से उन्नत उत्पादों के उत्पादन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है, जो देश में सार्वजनिक परिवहन की वृद्धि को बढ़ावा देगा।'' बसें नवीनतम सीएमवीआर मानकों के साथ बनाई जाएंगी, इसमें एआईएस 153 अनुरूप बॉडी होगी और अन्य सुविधाओं के साथ रियर एयर सस्पेंशन के साथ बीएस-6 अनुपालन भी होगा। इन बसों का निर्माण अत्याधुनिक तकनीक के साथ अशोक लीलैंड के विशेष बस बॉडी प्लांट में किया जाएगा और एमएसआरटीसी के लिए स्वामित्व की कुल लागत कम होगी। ऑर्डर को अगस्त 2024 और अगस्त 2025 के बीच 12 महीने की अवधि में एग्जिक्यूट किया जाना है। ऑर्डर जीतने के बाद अशोक लीलैंड के शेयरों में तेजी देखी गई,। स्टॉक इंट्रा डे में 2 प्रतिशत तक बढ़कर 228.50 पर कारोबार कर रहा था। 2024 में अब तक शेयरों में 22 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है, जबकि 12 महीने की अवधि में स्टॉक में 31 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

## बिलिनेयर क्लब में शामिल हुए जोमैटो के दीपिंदर गोयल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** फूडटेक कंपनी जोमैटो का शेयर आज बाजार खुलते ही नए रेकॉर्ड पर पहुंच गया। बीएसई पर यह 4 प्रतिशत से ज्यादा की उछाल के साथ 232 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। पिछले एक साल में कंपनी के शेयर में 300 प्रतिशत से ज्यादा तेजी आई है। पिछले साल जुलाई में इसकी कीमत 73 रुपये थी। कीमत में तेजी से कंपनी का मार्केट कैप भी दो लाख करोड़ रुपये के ऊपर पहुंच गया। इससे कंपनी के फाउंडर और सीईओ दीपिंदर गोयल की नेटवर्थ में भी काफी उछाल देखने को मिली। इसके साथ ही वह बिलिनयर्स की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। उनके पास कंपनी के 36.95 करोड़ शेयर यानी करीब 4.24 फीसदी हिस्सेदारी है। फोर्ब्स के मुताबिक गोयल की नेटवर्थ में 2.51 प्रतिशत की उछाल आई और यह 1.4 अरब डॉलर यानी करीब 1,17,00 करोड़ रुपये पहुंच गई है।



जोमैटो ने दिल्ली और बेंगलुरु में अपने प्लेटफॉर्म की फीस प्रति ऑर्डर बढ़ाकर छह रुपये कर दी है। यही कारण है कि आज कंपनी के शेयरों में भारी तेजी आई और मार्केट खुलते ही यह चार फीसदी से अधिक तेजी के साथ ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गया। पिछले एक हफ्ते में कंपनी के शेयरों में 12 फीसदी तेजी आई है जबकि इस दौरान बेंचमार्क इंडेक्स केवल एक फीसदी चढ़ा है। पिछले महीने चार जून को यह 146.85 रुपये पर था और तबसे इसमें 58 फीसदी तेजी आई है। इस साल अब तक यह 88 प्रतिशत चढ़ा है जबकि इस दौरान बीएसई सेंसेक्स में करीब 12 प्रतिशत तेजी आई है। जोमैटो दिसंबर 2022 में लिस्ट हुई और ऐसा करने वाली देश की पहली यूनिकॉर्न कंपनी थी। मिडिल क्लास फैमिली से आने वाले दीपिंदर गोयल ने साल 2006 में आईआईटी करने के बाद 'बेन एंड कंपनी' में नौकरी की। उ कंपनी का शेयर अपने इश्यू प्राइस से 53 प्रतिशत प्रीमियम के साथ लिस्ट हुआ था। पहले ही दिन यह देश की टॉप 100 कंपनियों में शामिल हो गई थी।

## 2 के शेयर में तूफानी तेजी, खरीदने की मची लूट, कंपनी ने किया बड़ा ऐलान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड के शेयर कारोबार के दौरान फोकस में हैं। कंपनी के शेयर अपने पिछले बंद प्राइस 2.25 रुपये से 1.3 प्रतिशत बढ़कर 2.28 रुपये प्रति शेयर हो गए। बता दें कि यह इसका 52 वीक का नया हाई भी है। जबकि इसका 52-सप्ताह का निचला स्तर 0.98 रुपये है। शेयरों में आज की तेजी के पीछे कंपनी का ऐलान है। दरअसल, श्रेष्ठ फिनवेस्ट ने एक्सचेंज को सूचित किया कि कंपनी ने मेसर्स के साथ एक फैसिलिटी एग्रीमेंट किया है। श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने विकास को बढ़ावा देने के लिए फेलिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (फेलिक्स) के साथ अपनी साझेदारी का विस्तार किया है। दोनों कंपनियों ने एक फैसिलिटी एग्रीमेंट के जरिए अपने सहयोग को औपचारिक रूप दिया। यह समझौता उनके मौजूदा व्यापारिक संबंधों पर आधारित है और इसका उद्देश्य रिन्यूएबल एनर्जी और वाटर कंजर्वेशन में निवेश में तेजी लाना है।



# निर्यात ने लगाई छलांग, वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल बोले- वैश्विक चुनौतियों के बीच पांच फीसदी का इजाफा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत ने अप्रैल-मई में निर्यात क्षेत्र में बड़ी छलांग लगाई है। भारत के निर्यात में इस अवधि में पांच फीसदी का इजाफा हुआ है। इसे लेकर वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बीच भारत के निर्यात में अच्छी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि अप्रैल-मई के बाद जून में भी निर्यात के आंकड़े सकारात्मक रहे हैं। सबसे ज्यादा सर्विस सेक्टर में इजाफा हुआ है।

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि रूस-यूक्रेन, इजराइल-हमास युद्ध, लाल सागर संकट और कंटेनर की कमी के बीच भारत का निर्यात सकारात्मक रहा। इसमें सर्विस सेक्टर एक्सपोर्ट में अधिक वृद्धि हुई है। गोयल ने कहा कि मई के बाद भी जून का आंकड़ा बेहद अच्छा है। कुल मिलाकर पहली तिमाही में एक्सपोर्ट बेहतर रहा है। वाणिज्य मंत्रालय 15 जुलाई को जून महीने के निर्यात का आधिकारिक डाटा जारी करेगा। उन्होंने बताया कि मई में भारत का बिजनेस एक्सपोर्ट 9.1 फीसदी बढ़ा और 38.13 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। वहीं चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-मई में आउट बाउंड शिपमेंट 5.1 फीसदी बढ़कर 73.12 अरब डालर रहा। उन्होंने बताया कि डिजिटल इंडिया मिशन और 4जी और 5जी के चलते सर्विस सेक्टर में निर्यात को बढ़ावा मिला है। इससे साफ है कि वैश्विक चुनौती के बाद इस वर्ष भारत माल और सेवा क्षेत्र में निर्यात के 800 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार कर लेगा। 2023-24 में भारत का निर्यात 778.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।



एफडीआई को लेकर वाणिज्य मंत्री ने कहा कि जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मंदी के हालात में सुधार होगा तो इसमें भी बढ़ोतरी होगी। वैसे लगातार भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश हो रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका और अन्य विकसित देशों में ब्याज दरें ज्यादा हैं, ऐसे में यहां निवेश करना फायदे का सौदा होगा।

उद्योग और आंतरिक संवर्धन विभाग के आंकड़ों के अनुसार भारत में एफडीआई में 2023-24 में 3.49 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। यह 44.42 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था। मगर जनवरी-मार्च 2024 में एफडीआई 33.4 फीसदी बढ़कर 12.38 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। यह 2023 में 9.28 बिलियन अमेरिकी डॉलर था। उन्होंने यह भी कहा कि भारत में विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) में निवेशकों का विश्वास बढ़ा है। जून में भारत ने 26,565 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त किया।

## श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा को आगे बढ़ाने के लिए फेलिक्स इंडस्ट्रीज के साथ नए समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्तीय समाधानों में अग्रणी श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड ने घोषणा की है कि श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड (श्रेष्ठ) और फेलिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (फेलिक्स) के बीच मौजूदा व्यापार व्यवस्था को जारी रखते हुए एक सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर करके एक बार फिर हाथ मिलाया है। नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता पहलों को आगे बढ़ाते हुए, जहां श्रेष्ठ सतत विकास के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल से संबंधित परियोजनाओं में ऋण देने की दिशा में आगे बढ़ेगा। इस नए समझौते के माध्यम से, फेलिक्स नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ पानी और जल रीसाइक्लिंग से संबंधित परियोजना के लिए फेलिक्स द्वारा आरती इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ खरीदे गए ऑर्डर के लिए संयंत्र स्थापना के पूंजीगत कार्य के लिए लगभग रु. दो चरणों में कुल मिलाकर 50 मिलियन का वित्तपोषण किया जाएगा। नवीकरणीय ऊर्जा और जल क्षेत्र में विविध क्षेत्रों को मजबूत वित्तीय सहायता प्रदान करने, स्थिरता को बढ़ावा देने और हरित पर्यावरण और टिकाऊ परियोजनाओं की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाने के उद्देश्य से यह व्यवस्था फेलिक्स को वित्तीय सहायता को मजबूत करेगी। इससे पहले, कंपनी ने घोषणा की थी कि उसने नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता पहल को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से एक सुविधा समझौते पर हस्ताक्षर के माध्यम से फेलिक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (फेलिक्स) के साथ हाथ मिलाया है। उक्त समझौते पर हस्ताक्षर करने से श्रेष्ठा के लिए सतत विकास के उद्देश्य से नवीकरणीय ऊर्जा और स्वच्छ जल से संबंधित परियोजनाओं में ऋण देने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इस समझौते के माध्यम से, फेलिक्स अपनी नवीकरणीय ऊर्जा, स्वच्छ जल और जल पुनर्चक्रण संबंधी परियोजनाओं के लिए धन सुरक्षित करने की अच्छी स्थिति में है। सुविधा समझौते में नवीकरणीय ऊर्जा और स्थिरता संबंधी परियोजनाओं के लिए समर्थन बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न प्रावधान शामिल हैं। श्रेष्ठा रुपये का वित्तपोषण करेगी। अगले 1-2 वर्षों में उपरोक्त मिशन को लक्षित करने के लिए 250 मिलियन और नई प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में अपने पदचिह्न का विस्तार भी करेगा।

इससे पहले, कंपनी ने 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए शानदार कमाई की घोषणा की थी। 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के लिए, कंपनी ने परिचालन से राजस्व रु। 391.85 लाख, सालाना 462.36 प्रतिशत की वृद्धि। पीएटी रुपये पर सूचित किया गया था. 506 लाख , और शुद्ध पीएटी (कुल व्यापक आय) रु. 1767.74 लाख 31 मार्च 2024 को समाप्त वर्ष के लिए, कंपनी ने परिचालन से अपने राजस्व में 269 प्रतिशत की शानदार वृद्धि देखी, जो रुपये से बढ़ रही है। 274.56 लाख से रु. 1013.01 लाख । पीएटी रुपये पर आया. 173.86 लाख (वित्तीय वर्ष 24), जबकि शुद्ध पीएटी (कुल व्यापक आय) रु. 2404 लाख श्रेष्ठ फिनवेस्ट लिमिटेड वित्तीय समाधान के क्षेत्र में अग्रणी है, जो व्यक्तियों और व्यवसायों दोनों के लिए व्यापक समाधान पेश करता है। भारतीय वित्तीय परिदृश्य में जो मुख्य रूप से पारंपरिक वित्तपोषण मार्गों पर निर्भर है, श्रेष्ठ फिनवेस्ट इस क्षेत्र में विशेष खिलाड़ियों की कमी के कारण पैदा होने वाली कमियों को पहचानता है।

# बदले की आग में जल रहा पाकिस्तान

## भारत के एक्शन से बौखलाया, चैंपियंस ट्रॉफी पर लेगा बड़ा कदम

### बीसीसीआई लिखित में दे कि भारत सरकार ने पाकिस्तान में खेलने की अनुमति नहीं दी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा। जम्मू-कश्मीर में जो कुछ हो रहा है उसमें उसका हाथ होने से इनकार नहीं किया जा सकता है। उसकी चाल बाजियां जगजाहिर हैं। इसके बावजूद वह चाहता है कि भारतीय क्रिकेट टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 खेलने के लिए पाकिस्तान का दौरा करे।

जब इस मामले पर खबरें आई कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड आईसीसी से अपने मैचों के वेन्यू बदलने की कोशिश में है तो पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड बौखला गया। यही वजह है कि अब उसने टी20 विश्व कप 2026 को लेकर गीदड़-भभकी दी है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड चाहता है कि बीसीसीआई इस बात का लिखित सबूत दे कि भारत सरकार ने अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए सुरक्षा कारणों से टीम को पाकिस्तान जाने की अनुमति देने से इनकार कर दिया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास

दरअसल, पाकिस्तान को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के 2025 सत्र की मेजबानी करनी है। रिपोर्ट्स के अनुसार, टूर्नामेंट 19 फरवरी को कराची में शुरू होने वाला है और आठ टीमों के टूर्नामेंट का फाइनल 9 मार्च को लाहौर में खेला जाएगा। हालांकि, इस बात की बहुत अधिक संभावना है कि भारत दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंधों और सीमा विवाद के कारण पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगा और इसके मैच दुबई में आयोजित किए जाएंगे।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत नहीं जाएगा पाकिस्तान-** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारत के पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार करने की खबरों के बीच जियो न्यूज उर्दू ने बताया है कि पाकिस्तान ने धमकी दी है कि अगर भारत अगले साल पाकिस्तान की यात्रा नहीं करता है तो वह टी20 विश्व कप के 2026 का बहिष्कार करेगा, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका संयुक्त रूप से करेंगे।

रविवार (14 जुलाई) को प्रकाशित एक रिपोर्ट में, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच पाकिस्तान में आयोजित करने के अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा और बोर्ड अगले सप्ताह श्रीलंका में होने वाली आईसीसी बैठक के दौरान भी यही रुख अपनाएगा।

### पाकिस्तान पिछले 16 सालों में 3 बार आया भारत

पिछले 16 वर्षों में पाकिस्तान ने द्विपक्षीय सीरीज (2012-2013 में) के लिए एक बार और टी20 विश्व कप 2016 और वनडे विश्व कप 2023 के लिए दो बार भारत का दौरा किया है। भारत को पिछले साल भी एशिया कप 2023 में भाग लेने के लिए पाकिस्तान की यात्रा करनी थी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ और फिर भारत के मैच श्रीलंका में करवाए गए थे। टूर्नामेंट का फाइनल भी पाकिस्तान से बाहर हुआ था, जिसका उसे बड़े आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था।

### पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप 2026 पर दी गीदड़ भभकी

पीसीबी के चेयरमैन मोहसिन नकवी के 19 से 22 जुलाई तक कोलंबो में होने वाली आईसीसी की बैठक में शामिल होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान चैंपियंस ट्रॉफी के सभी मैच पाकिस्तान में आयोजित करने के अपने रुख से पीछे नहीं हटेगा, बल्कि 'पाकिस्तान का आयोजन पाकिस्तान में' वाला रुख बनाए रखेगा। सूत्रों के अनुसार, भारत को छोड़कर चैंपियंस ट्रॉफी की सभी टीमें पाकिस्तान में खेल चुकी हैं और भारत का पाकिस्तान न आने का रुख कमजोर है। अगर भारत फिर भी दौरे से इनकार करता है तो पाकिस्तान 2026 टी20 विश्व कप के लिए भी भारत नहीं जाएगा। भारत ने आखिरी बार जुलाई 2008 में एशिया कप में हिस्सा लेने के लिए पाकिस्तान का दौरा किया था।

**सिलेक्टर्स को दिया खास संदेश**

# एक नहीं पांच-पांच ओपनर्स, क्या अपनी जगह बचा पाएंगे शुभमन गिल







**हरारे (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के खिलाफ टी-20 सीरीज में मिली जीत के बाद भारतीय टी-20 टीम में सलामी बल्लेबाज की भूमिका के लिए कड़ी टक्कर हो गई है। ओपनिंग के दावेदारों में शामिल शुभमन गिल ने इसे टीम के लिए अच्छा बताया। श्रीलंका के खिलाफ इस महीने के आखिर में तीन टी-20 मैचों में यशस्वी जायसवाल के साथ गिल पारी की शुरुआत कर सकते हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले गिल टी20 विश्व कप टीम में शामिल नहीं थे।

भारत ने इस श्रृंखला में शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, अभिषेक शर्मा और रूतुराज गायकवाड़ के रूप में चार सलामी बल्लेबाजों को उतारा और सभी ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसके साथ ही ईशान किशन भी एक तगड़े दावेदार हैं, जो टीम से बाहर चल रहे हैं। इस कॉम्पिटिशन के बारे में गिल ने कहा, %यह अच्छी बात है कि सभी रन बना रहे हैं। इससे साबित होता है कि सभी में रनों की भूख है और कोई भी अपने स्थान को हलके में नहीं लेना चाहता। किसी भी देश के लिए यह अच्छी बात है।टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे का किया खेल खत्म, आखिरी टी20 में 42 रन से हराकर 4-1 से जीती सीरीज

गिल ने कहा, जिसे भी मौका मिला, उसने उसका पूरा फायदा उठाया। सलामी बल्लेबाजों से गेंदबाजों तक, हरफनमौलाओं से स्पिनरों तक सभी ने अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ी । चयनकर्ताओं ने देखा है और अब अगली श्रृंखला के लिये टीम चुनना उनका काम है।% कप्तानी के बारे में गिल ने कहा कि उन्होंने इसका पूरा मजा लिया।

उन्होंने कहा, कप्तानी के बारे में मेरा मानना है कि आप अपने खिलाड़ियों में कितना भरोसा करते हैं। मैं ऐसा करने की कोशिश करता हूं। उन्हें यह बताता हूं कि रणनीति पर अमल करने की कोशिश करें तो नतीजे मिलेंगे। पहला मैच हारने के बाद हम दबाव में थे और लगातार जीतना आसान नहीं होता लेकिन हमने ऐसा किया।

**वनडे और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर सामने आया रोहित शर्मा ने कहा**

# निश्चित ही आप मुझे कुछ समय तक खेलते हुए देखेंगे

**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट के स्टार कप्तान रोहित शर्मा ने अपनी अगुवाई में भारतीय टीम को पिछले महीने ब्रिजटाउन में आयोजित टी20 वर्ल्ड कप 2024 का खिताब दिलाया था। भारत ने फाइनल मुकाबले में साउथ अफ्रीका को 7 रनों से हराकर इतिहास रचा। इस उपलब्धि को हासिल करने के बाद रोहित ने एक बड़ा फैसला लिया है। रोहित शर्मा ने टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लेने का ऐलान किया है। उन्होंने रिटायरमेंट के बारे में अपने फैंस को समझाया कि वे अब इस फॉर्मेट में नहीं खेलेंगे। अब टी20 इंटरनेशनल से रिटायरमेंट के बाद रोहित शर्मा के वनडे और टेस्ट करियर पर भी बात की जा रही है।

बता दें कि रोहित शर्मा 37 साल के हो चुके हैं, ऐसे में वो अब कब तक इंटरनेशनल क्रिकेट खेल पाते हैं ये एक बड़ा सवाल है। रोहित ने वनडे और टेस्ट क्रिकेट पर अपनी उपस्थिति बनाए रखने का भी इंटेंशन जताया है। रोहित शर्मा के इस फैसले ने क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बना दिया है। रविवार को डलास में हुए एक कार्यक्रम के दौरान रोहित से रिटायरमेंट से जुड़ा सवाल पूछा गया, जिसके जवाब में उन्होंने कहा वह ऐसे शख्स नहीं हैं जो बहुत आगे के बारे में सोचते हैं, लेकिन अभी भी उनमें बहुत कुछ बाकी है। इसलिए निश्चित से आप मुझे कुछ समय तक खेलते हुए देखेंगे।




रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों ने टी20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है, बाद में इस फॉर्मेट से संन्यास लेने वालों की ल?िस्ट में रवींद्र जडेजा भी शमिल हुए थे। इससे पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा था कि मौजूदा विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सत्र और अगले साल फरवरी मार्च में चैम्पियंस ट्रॉफी में रोहित ही भारत के कप्तान होंगे। हालांकि इससे पहले भी उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप 2022 में भारत की कप्तानी की थी, जहां भारत ने सेमीफाइनल में पहुंचकर ब्रिटेन के हाथों हारी थी। इसके बाद 2023 में हुए 50 ओवरों के विश्व कप में भारत की टीम फाइनल में टीम आस्ट्रेलिया से हार गई थी। 2007 में टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में डेब्यू करने वाले रोहित को अब तक आयोजित हर टी20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले एकमात्र भारतीय क्रिकेटर होने का अनूठा गौरव प्राप्त है। रोहित ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 के 8 मैचों में 257 रन बनाए, जो भारतीय खिलाड़ी के ल?िहाज से सबसे ज्यादा रहे।

रोहित शर्मा के क्रिकेट करियर की बात करें तो उन्होंने अपने 159 टी20 इंटरनेशनल मैचों में 4231 रन बनाए हैं, जिनमें 5 शतक और 32 अर्धशतक शामिल हैं। उनकी औसत 32.05 है और स्ट्राइक रेट 140.89 है। वनडे इंटरनेशनल में उन्होंने 262 मैचों में 10709 रन बनाए हैं, जिसमें 31 शतक और 55 अर्धशतक शामिल हैं। उनका औसत 49.12 है और स्ट्राइक रेट 91.97 है। टेस्ट क्रिकेट में भी रोहित ने 59 मैचों में 4137 रन बनाए हैं, जिनमें 12 शतक और 17 अर्धशतक हैं। उनका औसत 45.46 है और स्ट्राइक रेट 57.05 है। रोहित शर्मा के रिटायरमेंट से संबंधित यह फैसला उनके करियर की एक नई रुपरेखा रचेगा। वे अपने फैंस के लिए हमेशा यादगार रहेंगे और उनकी योगदान से क्रिकेट के इतिहास में एक नया पृष्ठ खुलेगा।

# स्पेन ने तोड़ा इंग्लैंड का सपना, रिकॉर्ड चौथी बार जीता यूरो खिताब

**बर्लिन (एजेंसी)।** स्पेन ने इंग्लैंड का 1966 के बाद पहला खिताब जीतने का सपना चूर चूर करते हुए उसे 2.1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल में रिकॉर्ड चौथी बार अपनी बादशाहत साबित कर दी। टूर्नामेंट में शुरू से आखिर तक स्पेन का दबदबा रहा जिसने 86वें मिनट में मिकेल ओयारजाबाल के गोल के दम पर फाइनल में 2.1 से जीत दर्ज की।

कप्तान अलवारो मोराटा के विकल्प के तौर पर मैदान पर उतरे मिकेल ने बायें विंग से मार्क कुकुरेला के पास को गोल में बदलकर मैच को अतिरिक्त समय में खिंचने से बचाया। फुटबॉल के जनक इंग्लैंड ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा खिताब नहीं जीता है। जर्मनी में 1936 ओलंपिक के लिये बनाये गए इस स्टेडियम में ट्रॉफी थामे स्पेन के खिलाड़ियों और आसमान में होती आतिशबाजी को इंग्लैंड के खिलाड़ी मायूस निगाहों स देखते रहे।

स्पेन ने इससे पहले 1964, 2008 और 2012 में यूरो खिताब जीता है। स्पेन के लिए 47वें मिनट में पहला गोल करने वाले निको विलियम्स ने कहा, 'हम यूरोप के चैम्पियन है। इंग्लैंड के लिए स्थानापन्न खिलाड़ी कोल पामर ने 73वें मिनट में बराबरी का गोल किया था। यूरो चैम्पियनशिप खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी लामाइन यमल ने विलियम्स के गोल में सूत्रधार की भूमिका निभाई। दोनों विंगर अलग अलग संस्कृतियों के खिलाड़ियों से मिलकर बनी स्पेन की टीम के स्टार साबित हुए।



शनिवार को अपना 17वां जन्मदिन मना चुके यमल की मां गिनीया से और पिता मोरक्को से हैं जबकि विलियम्स के माता पिता घाना के हैं जो बेहतर जीवन की तलाश में यूरोप आ बसे थे। स्पेन पहुंचने के लिए वे खचाखच भरे ट्रक में लदकर और सहारा रेगिस्तान पैदल पार करके पहुंचे थे। प्लेयर आफ द मैच चुने गए विलियम्स ने कहा, 'मेरे माता पिता ने मुझे यहां तक पहुंचाने के लिए काफी कुछ झेला है।

**57वां बील इंटरनेशनल शतरंज**

# प्रज्ञानन्दा और वैशाली करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**बील, स्विट्जरलैंड (एजेंसी)।** बील शतरंज महोत्सव का 57वां संस्करण इस शनिवार से शुरू हो रहा है, जो दुनिया भर के शतरंज प्रेमियों को आकर्षित करेगा। इस बार दो राउंड रॉबिन ग्रांड मास्टर्स टूर्नामेंट होंगे- जीएमटी-मास्टर्स और जीएमटी-चैलेंजर्स, जिनमें प्रत्येक में छह खिलाड़ी भाग लेंगे जो क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज में मुकाबला करेंगे । इस टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ी और विश्व नंबर 8, प्रग्गनानंधा देश का



नेतृत्व करेंगे साथ ही 2762 रेटिंग वाले प्रज्ञानन्दा टूर्नामेंट के टॉप सीड होंगे , इस टूर्नामेंट में प्रज्ञानन्दा के अलावा - विन्सेंट केमर (जर्मनी), लियम क्वांग ले (वियतनाम), जावोखिर सिंदारोव (उजबेकिस्तान), हाइक मार्टिरोस्यान (आर्मेनिया) और अभिमन्यु मिश्रा (यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका) भाग लेंगे ।

वहीं प्रज्ञानन्दा की बहन और भारत की नंबर 3 महिला खिलाड़ी आर वैशाली चैलेंजर्स वर्ग में भाग लेंगी चैलेंजर्स वर्ग में जोनास ब्जेरे (डेनमार्क), अलेक्जेंडर डोंचेंको (जर्मनी), सलेम सालेह (यूएई), मार्क% एंड्रिया मौरिजी (फ्रांस) ,इहोर सामुनेन्कोव (यूक्रेन) भी भाग लेंगे ।

# सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी के पैर में लगी चोट, टखने में सूजन

**मियामी गार्डन्स (एजेंसी)।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी को कोपा अमेरिका फाइनल से जल्दी विदा लेनी पड़ी जब 64वें मिनट में पैर में चोट के कारण वह बाहर हो गई और बाद में बेंच पर बैठे मेस्सी के दाहिने पैर के टखने में काफी सूजन देखी गई। 37 वर्ष के मेस्सी दौड़ते हुए गिरने से चोटिल हो गए। अर्जेंटीना ने फाइनल में कोलंबिया को 1.0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका खिताब जीता।



मेस्सी ने गिरने के बाद तुरंत अर्जेंटीना बेंच की ओर देखा। वह कई मिनट तक लेटे रहे जब ट्रेनर आए तो उनकी मदद से अपने दाहिने पैर से जूता निकाला। आठ बार के बलोन डि ओर विजेता मेस्सी ने मैदान से जाते समय कप्तान का आर्मबैंड निकाला और हताशा में जूता जमीन पर फेंका। इसके बाद सीट पर हथेलियों से चेहरा छिपाए बैठे रहे। मेस्सी जीत के बाद लड़खड़ाते हुए आए और निकोलस ओट्टामेंडी तथा एंजेल डि मारिया के साथ ट्रॉफी थामी। मेस्सी पूरे टूर्नामेंट में पैर की चोट से जूझ रहे थे और ग्रुप चरण का आखिरी मैच भी नहीं खेल सके।

**खेलों का महाकुंभ- ओलिंपिक 2024**

# पेरिस में प्यार चढ़ेगा परवान... ओलिंपिक के चार लैला-मजनू, एक कपल तो लेस्बियन है

**पेरिस (एजेंसी)।** 2024 में कई कपल प्लेयर्स पहुंचे हैं, जो एक-दूसरे को सपोर्ट करने के लिए सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। साथ में ट्रेनिंग कर रहे या एक-दूसरे के मेंटल कोच हैं। अनगिनत रोमांटिक उपन्यासों, फिल्मों और गानों का हिस्सा रहने के चलते पेरिस को प्यार का शहर कहते हैं। खूबसूरत इमारत और आरामदायक कैफे इस शहर को और रोमांटिक बनाते हैं। अब यह प्यार का शहर दो हफ्ते से भी कम समय में तकरार का शहर बना जाएगा। 11 दिन बाद यहां खेलों का महाकुंभ यानी ओलिंपिक शुरू होने वाला है। खिलाड़ी गोल्ड मेडल जीतने के लिए जी-जान लगा देंगे। मगर इस बार तकरार के बीच सिटी ऑफ लव में प्यार की इबारत भी लिखी जाएगी। इस बार ओलिंपिक में ऐसे कई कपल्स हिस्सा ले रहे हैं, जो या तो एक टीम का हिस्सा हैं, या एक-दूसरे के कोच।

### क्रिस्टियन और गैब्रियाना

पांच बार की जूडो ग्रैंड स्लैम चैंपियन बेल्जियम की गैब्रियाना दूसरा ओलिंपिक खेल रही हैं। उनके पार्टनर वर्ल्ड मेडलिस्ट इटली के क्रिस्टियन के लिए यह पहला ओलिंपिक है। दोनों का मैच 31 जुलाई को एक ही समय पर पुरुष व महिला कैटेगरी में होगा।

### केटी बोल्टर और मिनॉर?

टेनिस के इस पावर कपल की कहानी थोड़ी जुदा है। केटी बोल्टर ब्रिटेन की रहने वाली हैं जबकि एलेक्स डी मिनॉर (ऑस्ट्रेलिया) के हैं। मिनॉर कोविड के कारण तोक्यो में नहीं खेल सके थे।? केटी बोल्टर विंबलडन से जल्दी बाहर हो गई थीं।

## संक्षिप्त समाचार



### अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार, 16 दिन में 3 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए

**जम्मू , एजेंसी।** अमरनाथ यात्रा पर आने वाले भक्तों में उत्साह बरकरार है। बीते 16 दिनों में तीन लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा बर्फानी के दर्शन किए हैं। वहीं 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को घाटी के लिए रवाना हुआ। दोनों यात्रा मार्गों पर रुक-रुक कर हो रही बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने के बावजूद रविवार को 15 हजार से ज्यादा उत्साही तीर्थयात्रियों ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए।

अधिकारियों ने बताया कि 4,875 यात्रियों का एक और जत्था सोमवार को दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ। पहला सुरक्षा काफिला सुबह 3:05 बजे 68 वाहनों में 1,918 यात्रियों को लेकर उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप के लिए रवाना हुआ। जबकि दूसरा सुरक्षा काफिला सुबह 3:50 बजे 94 वाहनों में 2,957 यात्रियों को लेकर दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप के लिए रवाना हुआ।

दोनों सुरक्षा काफिले दोपहर तक घाटी में पहुंच जाते हैं। यह पवित्र गुफा कश्मीर हिमालय में समुद्र तल से 3,888 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। भक्त या तो पारंपरिक दक्षिण कश्मीर पहलगाम मार्ग से या फिर उत्तर कश्मीर बालटाल मार्ग से गुफा मंदिर तक पहुंचते हैं। श्रद्धालु या तो 48 किलोमीटर लंबे पारंपरिक पहलगाम गुफा मंदिर मार्ग से यात्रा करते हैं या फिर 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से यात्रा करते हैं। पहलगाम मार्ग का उपयोग करने वालों को गुफा मंदिर तक पहुंचने में चार से पांच दिन लगते हैं, जबकि बालटाल मार्ग का उपयोग करने वाले लोग गुफा मंदिर के अंदर दर्शन करने के बाद उसी दिन आधार शिविर लौट आते हैं। इस वर्ष की यात्रा 52 दिनों के बाद 29 अगस्त को श्रावण पूर्णिमा और रक्षाबंधन त्योहार के साथ संपन्न होगी।

### इंडी गठबंधन और कांग्रेस भारत में अमेरिका की तरह ही हिंसात्मक नैरेटिव चला रही है : भाजपा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के लिए सामने आ रहे कारणों का जिक्र करते हुए भाजपा ने आरोप लगाया है कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस भारत में पीएम मोदी और भाजपा कार्यकर्ताओं के खिलाफ अमेरिका की तरह ही हिंसात्मक नैरेटिव चला रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर गोलियां चलाई गई, वह बाल-बाल बचे और सुरक्षित हैं लेकिन सवाल यह पैदा होता है कि अमेरिका जैसे लोकतंत्र में आखिर किन परिस्थितियों में यह राजनीतिक हिंसा हुई और इस तरह का घृणात्मक और हिंसात्मक माहौल कैसे बन गया।

उन्होंने कहा कि अमेरिका के इसी स्क्रिप्ट को भारत में भी दोहराने का प्रयास किया जा रहा है। अमेरिका की तरह ही भारत में भी पीएम मोदी के खिलाफ घृणात्मक और हिंसात्मक माहौल बनाने का आरोप लगाते हुए शहजाद पूनावाला ने आगे कहा कि भारत में तो पूरा इंडी गठबंधन,खासकर कांग्रेस पार्टी और उसकी जमात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा कार्यकर्ताओं और भाजपा समर्थकों के खिलाफ अमेरिका की तरह ही हिंसात्मक भरा नैरेटिव चला रहे हैं। भाजपा राष्ट्रीय प्रवक्ता ने आगे कहा कि विपक्षी दलों ने यह भ्रम फैलाया कि अगर भाजपा की सरकार आती है तो संविधान खत्म कर दिया जाएगा।

# राज्यसभा में घटी भाजपा की ताकत, पर एक साथ मिलेंगी 8 सीटें?



**नईदिल्ली, एजेंसी।** राज्यसभा से 4 मनोनीत सदस्य शनिवार को रिटायर हो गए। ये सभी सदस्य भाजपा के कोटे से थे और इनके सदन से विदा होने के साथ ही उसकी संख्या 86 ही रह गई है। एनडीए को मिलाकर देखें तो यह संख्या 101 है। हालांकि भाजपा को उम्मीद है कि आने वाले दिनों में उसकी संख्या में इजाफा होगा। फिलहाल राज्यसभा में 19 सीटें खाली हैं और मौजूदा सदस्यों की संख्या 226 है। 19 सीटों में से 4 सीटें जम्मू-कश्मीर की हैं, जहां विधानसभा चुनाव होने के बाद ही राज्यसभा के इलेक्शन होंगे। इसके अलावा 4 सीटें नामित सदस्यों की खाली हैं। वहीं 11 राज्यसभा सीटों पर चुनाव होना है, जो महाराष्ट्र, राजस्थान, तेलंगाना, हरियाणा, मध्य प्रदेश, त्रिपुरा और असम जैसे राज्यों की हैं।

मौजूदा समीकरणों के अनुसार इन 11 सीटों में से 8 पर एनडीए आसानी से जीत हासिल कर सकता है। इस तरह कुल संख्या 86 तक पहुंच जाएगी। इन 11 में से 10 राज्यसभा सीटें पिछले महीने ही खाली हुई हैं क्योंकि कई सदस्यों ने लोकसभा का चुनाव लड़ा था और जीतने के बाद उच्च सदन से इस्तीफा दे दिया था। इनमें पीयूष गोयल और भूपेंद्र यादव जैसे नेता भी शामिल हैं। इसके अलावा एक सीट बीआरएस के राज्यसभा सांसद रहे के. केशव राव के इस्तीफे से खाली हुई है। वह अब कांग्रेस में शामिल हो गए हैं। इस तरह आने वाले महीनों में एनडीए को 8 सीटों पर जीत मिलने के आसार हैं।

वहीं तीन सीटें विपक्षी INDIA गठबंधन को मिल सकती हैं। कांग्रेस को उम्मीद है कि उसकी संख्या भी तेलंगाना में जीत के चलते 27 तक पहुंच जाएगी। यह आंकड़ा विपक्ष के नेता का पद पाने के लिए जरूरी 25 से 2 सीट अधिक होगा। गौरतलब है कि एनडीए के पास भले ही अपने दम पर बहुमत नहीं है, लेकिन राज्यसभा में वाईएसआर कांग्रेस, बीजेडी, एआईएडीएमके जैसे दलों के समर्थन से वह जरूरी बिल पारित कराती रही है। शनिवार को मनोनीत सांसद राकेश सिन्हा, राम शकल, सोनल मानसिंह और महेश जेठमलानी का कार्यकाल समाप्त हो गया। इन लोगों ने संसद सदस्य बनने के बाद भाजपा की सदस्यता ले ली थी।

### मनोनीत सांसदों में 7 किसी भी दल के नहीं, पर देते हैं भाजपा का साथ

राष्ट्रपति की ओर से कुल 12 सांसदों को मनोनीत किया जा सकता है। इन सांसदों में से 5 भाजपा के मेंबर हो गए थे, जबकि 7 सांसद किसी भी दल के सदस्य नहीं हैं। हालांकि ये सांसद बिल पारित होने के मौके पर भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए का ही समर्थन करते रहे हैं। भाजपा से जुड़े एक और मनोनीत सदस्य गुलाम अली हैं। वह सितंबर 2028 में रिटायर होने वाले हैं।

## हुड्डा के कार्यकाल में था अपराध का बोलबाला, जनता को बताएं अपनी उपलब्धियां: सीएम सैनी



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली के पद ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। मोहनलाल बडोली के पद ग्रहण को लेकर सीएम सैनी ने कहा कि उनके प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी और मजबूत होगी। मोहनलाल बडोली पार्टी के छोटे से कार्यकर्ता हैं और उन्हें बहुत अहम जिम्मेदारी दी गई है। प्रदेश में जिस तरह के काम भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार ने किया है, उसके आधार पर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि सूबे में तीसरी बार भाजपा सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कांग्रेस के हरियाणा मांगे जवाब कार्यक्रम पर कहा कि कांग्रेस पार्टी लोगों से पूछने की बजाय जनता को यह बताए कि उन्होंने अपने दस साल के कार्यकाल में प्रदेश के लिए क्या काम किया? भूपेंद्र हुड्डा ने अपने घोषणापत्र में 24 घंटे बिजली देने का वादा किया था, जो वह अपने दस साल के कार्यकाल में पूरा नहीं कर पाए। भाजपा सरकार ने तो अपने दस साल के कार्यकाल में प्रदेश के हर वर्ग के लिए काम किया है। बदमाश काला खैरमपुर के थाईलैंड से प्रत्यर्पण पर नायब सैनी ने हरियाणा पुलिस को मुबारकबाद देते हुए कहा कि पुलिस अपराध रोकने के लिए हर बड़े कदम उठा रही है। उन्होंने बदमाशों को भी चेतावनी दी और कहा कि या तो वे बदमाशी छोड़ दें या फिर प्रदेश। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा के दस साल के कार्यकाल के दौरान अपराध इतना बढ़ा हुआ था कि लोगों की एफआईआर तक दर्ज नहीं होती थी। इसलिए भूपेंद्र सिंह हुड्डा बेवजह के आरोप न लगाएं। गौरतलब है कि कांग्रेस पार्टी हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर जाकर बता रही है कि मौजूदा सरकार अपने दस साल के कार्यकाल में पूरी तरह विफल रही है।

## हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत भाजपा सरकार का पर्दाफाश करेगी कांग्रेस: भूपेंद्र हुड्डा



**रोहतक, एजेंसी।** हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने नायब सिंह सैनी सरकार को घेरने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर बात की। उन्होंने कहा हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम इसी सोच के साथ तैयार किया गया है। दावा किया कि इसके जरिए जनता की राय एकत्रित की जाएगी। कांग्रेस दिग्गज ने प्रदेश सरकार पर रोजगार के अवसर मुहैया न करा पाने, युवाओं का शोषण करने का आरोप लगाया। इसके साथ ही उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने गए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। हुड्डा ने ये बातें अपने आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कही।

इस दौरान उन्होंने हरियाणा सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा, हमने युवाओं को खेल की तरफ ले जाने का काम किया था, ताकि युवा नशे से बच सके। लेकिन मौजूदा सरकार युवाओं को खिलाड़ी नहीं नशेड़ी बना रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के दौरान बनी खेल नीति की वजह से प्रदेश के खिलाड़ियों को बड़े पैमाने पर लाभ मिला। मौजूदा सरकार ने उस खेल नीति में बदलाव कर खिलाड़ियों का कैश अवॉर्ड तक रोक दिया है। सरकार को चाहिए कि जिस भी खिलाड़ी का जो अवॉर्ड बनता है उसे वह दे दिया जाए। इसके साथ ही वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम का भी जिक्र किया। कहा, कांग्रेस पार्टी हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम के तहत घर घर जाकर मौजूदा सरकार की 10 साल की विफलताओं को जनता के सामने रखेगी और कांग्रेस पार्टी के लिए गए संकल्प को जनता के पास लेकर जाएगी। इस दौरान कांग्रेस के घोषणापत्र के लिए जनता से राय ली जाएगी कि वह सरकार से क्या चाहते हैं। जल्द ही हरियाणा मांगे हिसाब कार्यक्रम का ब्लूप्रिंट तैयार किया जाएगा।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर तंज कसते हुए कहा कि 10 साल बाद उनको याद आया है कि हरियाणा में अपराध बढ़ रहा है, अब तक नायब सैनी या भाजपा की सरकार क्या कर रही थी? हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी का किसी दल के साथ गठबंधन के सवाल पर कहा कि इंडिया गठबंधन राष्ट्रीय स्तर पर था लेकिन हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए फिलहाल किसी भी गठबंधन को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। हरियाणा प्रदेश में सीधा मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच है। हम आगामी विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज करने जा रहे है।

### अनंतनाग में 34 साल बाद खोला गया उमा भगवती का प्राचीन मंदिर, राजस्थान से मंगाई देवी की मूर्ति

**अनंतनाग, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में रविवार को देवी उमा भारती का प्राचीन मंदिर भक्तों के लिए खोला गया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के ब्रेरियनगन में देवी उमा भगवती को समर्पित यह मंदिर लगभग 34 साल बाद खोला गया है। मंदिर में स्थापित की गई देवी की मूर्ति राजस्थान से मंगाई गई थी, जिसे गर्भगृह में स्थापित किया गया। एक सरकारी प्रवक्ता ने कहा कि मंदिर को लगभग 34 वर्षों के अंतराल के बाद फिर से खोला गया है। पुन: उद्घाटन समारोह के दौरान, राजस्थान से लाई गई देवी उमान की मूर्ति को गर्भगृह में रखा गया था। केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार विकसित जम्मू-कश्मीर के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, केंद्रशासित प्रदेश की अपनी समन्वित संस्कृति जम्मू-कश्मीर को एक समृद्ध और शांतिपूर्ण क्षेत्र के रूप में विकसित करने में काफी मदद करेगी।



## ट्रंप की रैली में जान गंवाने वाला व्यक्ति था दमकलकर्मी, परिवार को बचाने में लगी गोली



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर हुए हमले के दौरान हमलावर की गोली का शिकार हुए व्यक्ति की पहचान हो गई है। व्यक्ति का नाम कोरी कॉम्पेराटोर था और वह पेशे से एक फायर फाइटर था। पीड़ित के परिवार का कहना है कि उन्हें बचाने के चक्कर में कोरी को गोली लगी। पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर ने कोरी को हीरो बताया है।

**पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर ने कोरी को बताया हीरो:** पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर जोश शेपिरो ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि बीती रात कोरी कॉम्पेराटोर के रूप में हमने पेन्सिल्वेनिया के साथी को खो दिया है। मैंने अभी उनकी पत्नी और दो बेटियों से बात की है। गवर्नर ने बताया कि कोरी नियमित रूप से चर्च जाता था और पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप का बड़ा समर्थक था। वह अपने समुदाय और खासकर अपने परिवार से प्यार करता था। गवर्नर ने कोरी को हीरो बताया।

**रैली के दौरान ट्रंप पर हुआ था हमला:** रविवार को ट्रंप की रैली के दौरान हुई गोलीबारी में कोरी की मौत हो गई थी और दो अन्य लोग घायल हुए थे। घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है। दोनों घायलों की पहचान अभी तक नहीं हुई है, लेकिन स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, दोनों स्थानीय लोग हैं। वहीं हमलावर की पहचान 20 साल के थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में हुई है, जिसे हमले के तुरंत बाद सीक्रेट सर्विस स्नाइपर्स ने ढेर कर दिया था। हमले में ट्रंप बाल-बाल बच गए थे और गोली उनके कान को छूकर निकल गई।

**परिवार को बचाने में गई जान:** कोरी की बेटी एलिसन ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में बताया कि उसके पिता सबसे अच्छे थे और एक लड़की जैसा पिता चाहती है, वह वैसे ही थे।

वह लोगों की मदद के लिए हमेशा तैयार रहते थे और बहुत जल्दी लोगों को दोस्त बना लेते थे। एलिसन ने लिखा कि मीडिया आपको ये नहीं बताएगा कि वह एक सुपर हीरो की मौत मरे हैं। उन्होंने मुझे और मां को जमीन पर धक्का देकर गिरा दिया और खुद ढाल बनकर अपने सीने पर गोली खाई। कोरी के सम्मान में पेन्सिल्वेनिया के गवर्नर ने राज्य के झंडे को आधा झुकाने का आदेश दिया।

### एक लड़की के लिए सबसे अच्छे पिता...

#### ट्रंप की रैली में मारे जाने वाले शख्स की बेटी ने क्यों कही ये बात याद में लिखा भावुक पोस्ट

**वॉशिंगटन।** पेंसिल्वेनिया की रैली में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जानलेवा हमले में बाल-बाल बच गए। मगर, इस गोलीकांड में ट्रंप को सुनने आए एक दर्शक की मौत हो गई है। दर्शक की पहचान 50 साल के अग्निशमन कर्मी कोरी कॉम्पेरेटोरे के रूप में हुई है। कोरी दो बच्चों के पिता थे। पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो ने मीडिया को एक बयान में कहा कि हमने कल पेंसिल्वेनिया के एक साथी कोरी कॉम्पेरेटोरे को खो दिया। मैंने अभी-अभी उनकी पत्नी और उनकी दो बेटियों से बात की है। उन्होंने कहा कि पीड़ित धार्मिक किस्म का फायर फाइटर और एक उत्साही ट्रंप समर्थक था। जोश शापिरो ने शनिवार की हुई गोलीबारी को पेंसिल्वेनिया और अमेरिका के लिए चौंकाने वाली घटना बताई। पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप पर जानलेना हमला करने वाले शूटर की पहचान 20 वर्षीय थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में हुई है।

## अमेरिका के बर्मिंघम नाइटक्लब में गोलीबारी, 4 लोगों की मौत, 13 घायल

**बाशिंगटन एजेंसी।** अमेरिका के बर्मिंघम, अलबामा में एक नाइटक्लब में हुई गोलीबारी में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई और 13 अन्य घायल हो गए। बर्मिंघम के पुलिस अधिकारी ट्रूमैन फिट्जगेराल्ड ने बताया कि जांचकर्ताओं का मानना है कि कम से कम एक व्यक्ति ने 27वीं स्ट्रीट नॉर्थ पर स्थित नाइटक्लब में सड़क से गोलीबारी की। स्थानीय समयानुसार रात 11 बजे पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे तो उन्हें कई गोली लगने वाले लोग मिले। पुलिस ने बताया कि नाइटक्लब के अंदर दो महिलाओं और स्थल के पास फुटपाथ पर पाए गए एक पुरुष को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया। फिट्जगेराल्ड के अनुसार, एक अन्य व्यक्ति की अस्पताल में मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि कई गोली लगने वाले लोग बाद में अस्पताल पहुंचे और रविवार की सुबह तक कम से कम नौ लोग अभी भी इलाज करवा रहे थे। पुलिस ने गोलीबारी में किसी भी संदिग्ध की पहचान नहीं की है और रविवार सुबह तक किसी की गिरफ्तारी की घोषणा नहीं की गई है। यह अभी तक स्पष्ट नहीं है कि गोलीबारी का कारण क्या था। फिट्जगेराल्ड ने कहा, जांचकर्ता यह पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं कि गोलीबारी का कारण क्या था और लोगों को गोली क्यों लगी।

## भारत सरकार की पहल, 2024-25 के लिए अफगान छात्रों को 1,000 छात्रवृत्तियां की प्रदान

**काबुल एजेंसी।** भारत सरकार की पहल के तहत भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद ने शैक्षणिक वर्ष 2024-2025 के लिए 1000 छात्रवृत्तियाँ घोषित करके अफगान छात्रों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है। रिपोर्ट के अनुसार, ये छात्रवृत्तियाँ ई-विद्या भारती नेटवर्क परियोजना के माध्यम से ऑनलाइन स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रमों के लिए डिज़ाइन की गई हैं। अफगान नागरिकों के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना में व्यवसाय प्रशासन, वाणिज्य, कंप्यूटर विज्ञान, कला और अन्य सहित विभिन्न विषय शामिल हैं। इस पहल का उद्देश्य प्रतिष्ठित भारतीय केंद्रीय और राज्य विश्वविद्यालयों/संस्थानों में उच्च शिक्षा के अवसरों का पीछा करने वाले अफगान छात्रों का समर्थन करना है।

आईलर्न पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया 18 जुलाई 2024 को शुरू होगी। इच्छुक छात्रों को 24 जुलाई 2024 तक अपने आवेदन ऑनलाइन पूरे करने चाहिए। आवेदकों को सूचित विकल्प बनाने के लिए टेली-एजुकेशन पोर्टल पर उपलब्ध कार्यक्रम/पाठ्यक्रम सूची को देखना चाहिए। आईलर्न पोर्टल छात्रवृत्ति आवेदनों के प्रबंधन और शैक्षणिक कार्यक्रमों और प्रवेश प्रक्रियाओं के बारे में आवश्यक जानकारी प्रसारित करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह केंद्रीकृत दृष्टिकोण सभी संभावित अफगान विद्वानों के लिए पारदर्शिता और पहुँच सुनिश्चित करता है। सफल उम्मीदवारों को शैक्षणिक ट्यूशन और भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत शैक्षणिक वातावरण के संपर्क से लाभ होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस समग्र दृष्टिकोण का उद्देश्य अफगान छात्रों के बीच सीखने के अनुभव को समृद्ध करना और वैश्विक दृष्टिकोण विकसित करना है।



इस बीच, भारत ने पिछले साल इसी योजना के तहत अफ़गान छात्रों को 1,000 छात्रवृत्तियाँ भी दीं, जो अफ़गान शिक्षा के लिए उसके निरंतर समर्थन को दर्शाता है। ई-विद्याभारती नेटवर्क परियोजना के माध्यम से ऑनलाइन शिक्षा में परिवर्तन चुनौतीपूर्ण समय के बीच सुलभ शैक्षिक मार्गों को बनाए रखने के लिए भारत की लचीलापन और प्रतिबद्धता को उजागर करता है।

## ट्रंप पर हमले के लिए रूस ने बाइडन सरकार को ठहराया जिम्मेदार, कहा- हम जानते थे उनकी जान को खतरा है

**मॉस्को, एजेंसी।** ट्रंप पर हमले के कुछ घंटे बाद ही रूस ने इसके लिए बाइडन सरकार को जिम्मेदार ठहरा दिया। रूस का कहना है कि बाइडन सरकार ने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसकी वजह से ट्रंप पर यह हमला हुआ। रूस के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने कहा कि यह बाहर बैठे सभी समीक्षक जानते थे कि ट्रंप की जान को खतरा है। बता दें कि रविवार को पेन्सिल्वेनिया में एक रैली के दौरान डोनाल्ड ट्रंप पर हमला हुआ। हालांकि इस हमले में ट्रंप की जान बाल-बाल बच गई और उन पर चलाई गई गोली कान छूकर निकल गई। इस हमले में रैली में मौजूद एक शख्स की मौत हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। एफबीआई ने हमलावर की पहचान 20 साल के थॉमस मैथ्यू क्रुक्स के रूप में की है, जिसे मौके पर ही ढेर कर दिया गया। अभी तक हमले के पीछे की वजह का खुलासा नहीं हुआ है और इसकी जांच चल रही है। रूसी प्रवक्ता ने ट्रंप पर हुए हमले को लेकर कहा कि हम ये नहीं मानते कि ट्रंप पर जो हमला हुआ, उसके पीछे अमेरिका की मौजूदा सरकार है, लेकिन ये जरूर है कि मौजूदा सरकार ने ऐसा माहौल बना दिया है, जिसके चलते ट्रंप पर हमला हुआ और जिससे आज अमेरिका जूझ रहा है। पेसकोव ने कहा, ट्रंप को राजनीति से दूर करने के कई प्रयास हुए। पहले कानूनी औजारों का इस्तेमाल किया गया, फिर अदालतों का। ये स्वभाविक था कि सभी बाहरी जानकार ऐसा मानते थे कि ट्रंप की जान को खतरा है। हालांकि राष्ट्रपति बाइडन ने ट्रंप पर हुए हमले की निंदा की और कहा कि अमेरिका में इस तरह की या किसी भी तरह की हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादक: रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129